3 राजधानी
दिल्ली की 100 सोसाइटी बनीं कचरा मुक्त

6 अभिमत
दो हजार रुपये के नोट की वापसी

10 विदेश
जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री से की मुलाकात

12 स्पोर्ट्स
भारत ने पाकिस्तान को हराकर जूनियर एशिया कप जीता

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 206
नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



राव ने भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की कोशिश छोड़ी

राष्ट्रीय-11

# जांच के लिए न्यायिक आयोग का होगा गठनः शाह

**मणिपुर हिंसा**

● बनेगी शांति समिति, केंद्रीय गृह मंत्री ने लगातार तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न हिंसाग्रस्त इलाकों का किया दौरा, कहा-जारी संकट का एकमात्र समाधान बातचीत है

**एजेंसी।** इम्फाल

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि मणिपुर में हुई जातीय हिंसा की जांच के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग का गठन किया जाएगा। लगातार तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न हिंसाग्रस्त इलाकों का दौरा करने और राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों से चर्चा के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में शाह ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके की अध्यक्षता में एक शांति समिति के गठन और हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए मुआवजे के साथ ही राहत और पुनर्वास पैकेज की भी घोषणा की।

शाह ने हिंसा के लिए मणिपुर उच्च न्यायालय की ओर से जल्दबाजी में लिए गए फैसले को दोषी ठहराया और कहा, मणिपुर में जारी संकट का एकमात्र समाधान बातचीत है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, हिंसा एक अस्थाई चरण था, गलतफहमियां दूर हो जाएंगी... स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने लोगों से अफ़वाहों पर ध्यान ना देने और राज्य में शांति बनाए रखने की अपील की और साथ ही उग्रवादी समूहों को चेतावनी दी कि वे अगर संचालन का निलंबन (एसओओ) संधि का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करते हैं तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, किसी भी प्रकार का विचलन होने पर कठोरता से संज्ञान लिया जाएगा और इसे संधि भंग करना माना जाएगा। समझौते की शर्तों का पालन कीजिए। उन्होंने कहा कि राज्य में हथियारों की जब्ती के लिए पुलिस शुक्रवार से जांच अभियान चलाएगी। शाह ने कहा, हिंसा होने के कारण क्या हैं और इसके लिए कौन जिम्मेदार है...इन सभी की जांच के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी जांच भारत सरकार की ओर से कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार मणिपुर के राज्यपाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति का गठन भी करेगी, जिसमें कुकी और मेइती समुदायों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा सभी



इंफाल में बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि होंगे।

शाह ने कहा कि मणिपुर में सुरक्षा की दृष्टि से काम कर रही विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस के सेवानिवृत्त महानिदेशक कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में एक इंटर एजेंसी यूनिफाइड कमांड की व्यवस्था की जाएगी। गृह मंत्री ने यह भी घोषणा की कि मणिपुर में हिंसा के पीछे पांच आपराधिक साजिशों और एक सामान्य साजिश की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं सभी मणिपुर वासियों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि किसी भी पक्षपात और भेदभाव के बगैर हिंसा के मूल तक जाकर जांच और दोषियों को दंडित करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आगे इस तरह की हिंसा न हो। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने घोषणा की कि हिंसा में जान गंवाने वालों के परिजनों को भारत सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रुपए और राज्य सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ये राशि पीड़ित परिवारों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। शाह ने कहा कि मणिपुर में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलें, इसके लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी और अलग-अलग मंत्रालयों के पांच निदेशक स्तर के अधिकारी मणिपुर में उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि उन्हें लगता है कि भारत-म्यांमार सीमा मुद्दे के स्थाई समाधान के लिए दोनों देशों के बीच सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा करने की जरूरत होगी। ऐसी आशंकाएं हैं कि इस खुली सीमा का इस्तेमाल मादक पदार्थों की तस्करी और उग्रवादियों की आवाजाही के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी ( शेष पेज 9 )

## राजीव सिंह मणिपुर के नए पुलिस महानिदेशक नियुक्त

**इंफाल( भाषा )।** त्रिपुरा कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी राजीव सिंह को बृहस्पतिवार को तीन साल के लिए मणिपुर का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया। आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आदेश के अनुसार, त्रिपुरा कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी सिंह को तीन साल के लिए अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति पर मणिपुर भेजा गया है। वह मणिपुर के 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी पी. डोंजेल की जगह लेंगे। उन्हें ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (गृह) के पद पर नियुक्त किया गया है। वह इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त होने वाले थे। आधिकारिक आदेशानुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने त्रिपुरा कैडर से मणिपुर कैडर ( शेष पेज 9 )

## पहले जरूरी कदम क्यों नहीं उठाएः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मणिपुर हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग बनाने और कुछ अन्य घोषणाएं किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि इन कदमों का स्वागत है, लेकिन ये कुछ सप्ताह पहले क्यों नहीं उठाए गए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर के इस प्रदेश को एक महीने तक जलने क्यों दिया। रमेश ने ट्वीट किया, केंद्रीय गृह मंत्री ने मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए आज कई कदमों की घोषणा की। इनका स्वागत है। उन्होंने सवाल किया, यह काम गृह मंत्री ने कुछ सप्ताह पहले क्यों नहीं किया? मोदी सरकार ने एक महीने तक मणिपुर को जलने क्यों दिया? क्या केवल मणिपुर का वोट कीमती है, वहां के लोगों का जीवन कीमती नहीं है?

# 26 सौ फर्जी कंपनी बना लगाया दस हजार करोड़ रुपए का चूना



नोएडा में बृहस्पतिवार को पकड़े गए गिरोह के बारे में जानकारी देतीं पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह

**रिंकू यादव।** नोएडा

**नोएडा** पुलिस ने जीएसटी नंबर सहित 2660 फर्जी कंपनियां बनाने वाले एक गिरोह के महिला समेत आठ लोगों को पकड़ा है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि ये लोग सरकार को प्रति माह करीब 1000 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान और राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलवाड़ कर रहे थे।

अब तक करीब 10 हजार करोड़ रुपए का चूना लगाया जा चुका है। आगे की जांच के लिए सीजीएसटी और एस जीएसटी, इनकम टैक्स की टीम को भी सूचित किया गया है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पैन कार्ड से फर्जी वाड़े की एक शिकायत कोतवाली सेक्टर-20 में दर्ज कराई गई। जांच पड़ताल शुरू की गई। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी से मिले डाटा लिया। जिससे ये पता लगा कि करीब 26 सौ से ज्यादा फर्जी कंपनी बनाई गई। इनके पास 6.35 लाख लोगों के पैन कार्ड का डाटा मिला है। जिससे ये कंपनी रजिस्टर्ड कराते थे। इनकी

● पुलिस ने आठ लोगों को किया गिरफ्तार, जांच में जीएसटी, सीजीएसटी और इनकम टैक्स को किया शामिल

● गिरोह के पास 6.35 लाख लोगों के पैन कार्ड का डाटा मिला, जिस पर ये कंपनी रजिस्टर्ड कराते थे

पहचान यासीन शेख पुत्र मौ. हाफिज शेख, अश्विन पाण्डे पुत्र अनिल कुमार को फिल्म सिटी मेन रोड से गिरफ्तार किया गया।

आकाश सैनी पुत्र ओंकार सैनी, विशाल पुत्र रविन्द्र सिंह, राजीव पुत्र सुभाष चन्द, अतुल सेंगर पुत्र नरसिंह पाल, दीपक मुरजानी पुत्र स्व. नारायण दास और एक महिला विनीता पत्नी दीपक को जीबोलो कंपनी कार्यालय मधु विहार दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 12 लाख, 66 ( शेष पेज 9 )

# सौहार्दपूर्ण ढंग से सीमा विवाद हल करेंगे भारत-नेपाल

● दोनों पड़ोसी देशों के बीच कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और उनके नेपाली समकक्ष पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का हल मैत्री की भावना से करने का बृहस्पतिवार को संकल्प लिया। साथ ही, इस पड़ोसी देश (नेपाल) से अगले 10 वर्षों में बिजली का आयात मौजूदा 450 मेगावाट से बढ़ा कर 10,000 मेगावाट करने सहित कई बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

मोदी और प्रचंड के बीच हुई व्यापक वार्ता में, भारतीय पक्ष 40 मेगावाट तक बिजली भारत के मार्फत नेपाल से बांग्लादेश को निर्यात किए जाने के प्रथम त्रिपक्षीय ऊर्जा कारोबार पर सहमत हुआ। इस कदम को वृहद क्षेत्रीय सहयोग सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने कहा कि



नई दिल्ली में अपने नेपाली समकक्ष पुष्पदहल प्रचंड के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

वह दोनों देशों के बीच संबंधों को हिमालय की ऊंचाई तक ले जाने के लिए प्रयास जारी रखेंगे। भारत और नेपाल ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें ट्रांजिट की एक संशोधित संधि शामिल है, जिसे विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि यह नेपाल को भारत के अंतरदेशीय जलमार्गों तक पहुंच उपलब्ध कराएगी और इससे व्यापार एवं निवेश में बहुत योगदान मिलने की उम्मीद है।

दोनों पक्षों ने संपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को विस्तारित करने के लिए एक भविष्योन्मुखी रुख के तहत जलविद्युत, पेट्रोलियम से संबद्ध बुनियादी ढांचा, रेल संपर्क, सीमा के आरपार भुगतान प्रणाली और व्यापार तथा निवेश में सहयोग विस्तारित करने की कई नई पहल को भी ठोस रूप दिया। बैठक के बाद, मोदी ने अपने प्रेस बयान में कहा कि उन्होंने और प्रचंड ने भविष्य में दोनों देशों के बीच साझेदारी को सुपर हिट बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। मोदी ने प्रचंड की मौजूदगी में कहा, हम अपने संबंधों को हिमालय की ऊंचाई तक ले जाने का प्रयास जारी रखेंगे।

और इस भावना के साथ, हम सभी मुद्दों का समाधान करेंगे, चाहे वह सीमा विवाद से संबद्ध हो या कोई अन्य मुद्दा हो। भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आए प्रचंड ने अपनी टिप्पणी में कहा कि उन्होंने और मोदी ने सीमा मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री मोदीजी से, स्थापित राजनयिक तंत्र के माध्यम से सीमा मुद्दे का हल करने का अनुरोध किया। काठमांडू द्वारा 2020 में एक नया राजनीतिक मानचित्र प्रकाशित किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो गया था। उसमें तीन भारतीय क्षेत्रों--लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख--को नेपाल के हिस्से के रूप में ( शेष पेज 9 )

# एनसीईआरटी ने 10वीं की पाठ्य पुस्तकों से कुछ अध्याय हटाए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 10वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तकों से आवर्त सारणी, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान, लोकतंत्र की चुनौतियों और प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन के अध्यायों को हटा दिया है। एनसीईआरटी ने विशेषज्ञ सिफारिशों के आधार पर पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने की कवायद के हिस्से के रूप में पिछले साल इन बदलावों की घोषणा की। अब नए शैक्षणिक सत्र की पाठ्यपुस्तकों में बदलावों को लागू किया गया है। कक्षा 10वीं की रसायन विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में छात्रों को आवर्त सारणी से परिचित कराने वाले पूरे अध्याय को हटा दिया गया है। हालांकि, यह 11वीं कक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा बना हुआ है। पाठ्यपुस्तकों में बदलाव पर एक नोट में एनसीईआरटी ने पिछले साल कहा था, कोविड-19 महामारी को देखते हुए छात्रों ( शेष पेज 9 )

# कारोबारी को सरकारी गवाह बनने की अनुमति

**दिल्ली आबकारी नीति**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आरोपी हैदराबाद के कारोबारी पी. शरतचंद्र रेड्डी को सरकारी गवाह बनने की अनुमति दे दी। विशेष न्यायाधीश एम.के.नागपाल ने रेड्डी को उनकी अर्जी पर माफी दे दी। रेड्डी ने अपनी अर्जी में कहा कि वह स्वेच्छा से सच्चाई बताने को तैयार है और इस मामले में सरकारी गवाही बनना चाहते है।

राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मामले में ताजा घटनाक्रम के बाद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया समेत अन्य आरोपियों की मुश्किल बढ़ सकती है।

● हैदराबाद के कारोबारी पी. शरतचंद्र रेड्डी ने अपनी अर्जी में कहा कि वह सच्चाई बताने को तैयार है

● राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मामले में मनीष सिसोदिया समेत अन्य आरोपियों की बढ़ सकती है मुश्किलें

इस मामले में सिसोदिया भी आरोपी हैं। कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि रेड्डी को 29 मई को पारित आदेश के तहत क्षमादान दिया जाता है। अदालत ने यह फैसला रेड्डी की अर्जी पर दिया जिसमें उन्होंने कहा था, वह स्वेच्छा से सच्चाई बताने को तैयार है और इस मामले में सरकारी गवाह बनना चाहते है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल में रेड्डी को चिकित्सा आधार पर जमानत दी थी। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक, रेड्डी हैदराबाद से संचालित अरविंदो फार्मा के प्रमुख हैं और शराब कारोबार से भी जुड़े हुए हैं। रेड्डी ने इससे पहले ईडी पर दबाव बनाने और उनकी मर्जी के बिना लिखे बयान पर हस्ताक्षर करने के लिए बल प्रयोग करने का आरोप लगाया था। हालांकि, बाद में जांच आगे बढ़ने पर उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लगाए गए आरोप आधारहीन थे।

सीबीआई और ईडी ने आरोप लगाया है कि लाइसेंस धारकों को फायदा पहुंचाने के लिए दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में बदलाव कर अनियमितता की गई और लाइसेंस शुल्क माफ किया गया या कम किया गया, एल-1 लाइसेंस का विस्तार सक्षम प्राधिकार की मंजूरी के बिना दिया गया। ईडी ने इससे पहले अदालत को बताया था कि उसके पास तमाम सबूत हैं कि घोटाले में रेड्डी ने विभिन्न कारोबारियों और नेताओं के साथ मिलकर सक्रिय रूप से योजना बनाई और साजिश रची। एजेंसी के मुताबिक, रेड्डी अनैतिक विपणन में भी संलिप्त थे ताकि दिल्ली आबकारी नीति से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके।

## क्विक न्यूज

### लॉरेंस गैंग के दस शार्प शूटर पकड़े

**गुरुग्राम।** पुलिस की क्राइम यूनिट कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 10 मोस्ट वांटेड शूटर्स को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 7 पुलिस यूनिफॉर्म, 4 मॉडर्न पिस्टल, 25 जिंदा कारतूस और 2 गाड़ियां बरामद की गई हैं। गिरफ्तारी के वक्त सात शूटर पुलिस की वर्दी में थे। गिरफ्तार बदमाशों में भिवानी का जोगिंदर उर्फ जोरावर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ के टच में था। वह गोल्डी बराड़ से ही ऑर्डर लेकर किसी बड़ी डकैती या किडनैपिंग की प्लानिंग में था। गिर तार बदमाशों में पंजाब का मोस्ट वांटेड बदमाश हरजोत उर्फ लीला, राजस्थान के जोगिंदर उर्फ जोगा, सचिन भिवानी, राजस्थान के राकेश, प्रदीप, सुंदर पाल उर्फ बिट्टू, महेंद्र प्रिंस उर्फ गोलू, अजय सरवानिया उर्फ पंजाबी भोंडसी शामिल हैं। इन लोगों की पहनी यूनिफॉर्म में एक सब इंस्पेक्टर और एक एएसआई स्तर के अधिकारी की थी।

(विस्तृत पेज 4)

# अध्यादेश पर केजरीवाल को मिला स्टालिन का साथ



चेन्नई में बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करके अपने राजनीतिक विरोधियों को डराने की रणनीति शुरू कर दी है। द्रमुक वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के खिलाफ देश भर में विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगी रहेगी। उन्होंने कहा कि द्रमुक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के लिए लाए गए केंद्रीय अध्यादेश का कड़ा विरोध करेगी। स्टालिन ने ( शेष पेज 9 )

● स्टालिन का आरोप, भाजपा तमिलनाडु में डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का कर रही इस्तेमाल

# कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति से मिलेंगे किसान नेता

**पहलवानों का मुद्दा**

● शुक्रवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महापंचायत की बैठक में आगे की रणनीति पर होगी चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुजफ्फरनगर

**किसान** नेता राकेश टिकैत ने बृहस्पतिवार को कहा कि खाप महापंचायत के सदस्य महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप का सामना कर रहे भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे।

भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) द्वारा यहां बुलाई गई खाप महापंचायत को संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में महापंचायत की बैठक में इस मुद्दे पर आगे चर्चा की जाएगी।



मुजफ्फरनगर में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत खाप महापंचायत में भाग लेते हुए।

उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति और सरकार से मुलाकात के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई पर कोई फैसला नहीं होता है तो महापंचायत अगला कदम उठाएगी। पहलवानों और भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के बीच चल रहे टकराव के बीच यहां बृहस्पतिवार को शोरम गांव में खाप महापंचायत शुरू हुई। राकेश टिकैत ने कहा कि आंदोलनकारी पहलवानों के समर्थन में खापों के प्रतिनिधि राष्ट्रपति और सरकार से मिलेंगे तथा यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक प्रदर्शनकारी पहलवानों को न्याय नहीं मिल जाता। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि महापंचायत के सदस्य राष्ट्रपति से कब मिलेंगे।

राकेश टिकैत ने कहा, हम राष्ट्रपति और सरकार से मिलेंगे और अगर वे (बृजभूषण शरण सिंह पर) कोई फैसला नहीं लेते हैं, तो हम अगला कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में महापंचायत की बैठक में इस मुद्दे पर आगे चर्चा की जाएगी। बृजभूषण शरण के मीडिया में बयान देने पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर राकेश टिकैत ने कहा कि जिस व्यक्ति के खिलाफ पास्को अधिनियम जैसी धाराओं में मामले हैं, उसे बोलने की स्वतंत्रता दी गई है और सरकार कुछ नहीं कह रही है।

बालियान खाप के प्रमुख और भारतीय किसान यूनियन के नेता नरेश टिकैत ने यह खाप महापंचायत बुलाई थे जिसमें पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली से खापों के प्रमुख हिस्सा ले रहे थे। पंचायत में भाग लेने के लिए पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के खाप नेताओं को आमंत्रित किया गया था। पंचायत में भाग लेने वाले कई खाप प्रमुखों ने भाजपा सांसद को गिरफ्तार नहीं करने के लिए सरकार की आलोचना की। मंगलवार को ओलंपिक पदक विजेताओं साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट निवर्तमान भारतीय कुश्ती महासंघ के ( शेष पेज 9 )

# सदस्यता जाने के बाद लोगों की सेवा मौका मिलाः राहुल

**एजेंसी।** स्टेनफोर्ड

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जब वह राजनीति में आए थे, तब उन्होंने सोचा भी नहीं था कि उन्हें लोकसभा की सदस्यता से कभी अयोग्य घोषित किया जाएगा, लेकिन इसने उन्हें लोगों की सेवा करने का एक बड़ा अवसर दिया है। राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका के तीन शहरों की यात्रा पर हैं। उन्होंने बुधवार रात कैलिफोर्निया में, प्रतिष्ठित स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी परिसर में भारतीय छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। मोदी उपनाम को लेकर की गई राहुल की टिप्पणी से जुड़े 2019 के आपराधिक मानहानि के मामले में सूरत (गुजरात) की एक अदालत द्वारा उन्हें (राहुल को) इस साल की शुरुआत में दोषी करार दिया गया था। इसके बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 जून, 2023



# सिग्नेचर ब्रिज का काम लगभग पूरा पांच लाख लोगों को होगा फायदा

● नोएडा में 81 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है ब्रिज



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में बन रहे पहले सिग्नेचर ब्रिज का काम पूरा कर लिया गया है। फ ीनिशिंग का काम किया जा रहा है। नोएडा वासी कब से इस पर वाहन चला सकेंगे इसका काउंट डाउन शुरू हो गया है। हालांकि प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवीण सलोनिया ने बताया कि एक सप्ताह में बाकी बचा हुआ काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद फ्लाई ओवर को नोएडा वासियों के लिए खोला जा सकता है।

इसके लिए आज प्राधिकरण की एक टीम ने पुलिस के साथ ब्रिज और एप्रोच रोड का निरीक्षण कर ट्रैफिक कंजेक्शन को देखा। थोड़ी खामी मिली जिसे एक से दो दिन में दूर कर लिया जाएगा। मास्टर प्लान रोड नंबर-3 पर यह फ्लाई ओवर बनाया जा रहा है। यह फ्लाई ओवर सेक्टर-72 बाबा बालकनाथ मंदिर से ग्रेनो वेस्ट के किसान चौक की ओर आने.जाने के लिए बन रहा है। इसके बनने से नोएडा से ग्रेनो वेस्ट की तरफ जाने वालों का सफ र आसान हो जाएगा। यह परियोजना करीब एक साल देरी से चल रही है। इसके बनने से रोजाना करीब 5 लाख वाहन चालकों को फायदा होगा। यहां सेक्टर-71 अंडरपास बन चुका है।

ऐसे में दिल्ली के कॉलिंदी कुंज से आकर ग्रेनो वेस्ट तक आने-जाने वालों को जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। पूरे ब्रिज को करीब 220 गर्डर और 3 पिलर पर खड़ा किया गया है। यह ब्रिज 28 केबिल पर लटका नजर आने लगा है। बीच वाला पिलर जमीन से 49 मीटर ऊंचाई पर है। किसान चौक की ओर रैंप बनाने के बाद उस पर सड़क बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। सिग्नेचर ब्रिज का 97 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। इस परियोजना का काम दिसंबर 2021 तक पूरा हो जाना चाहिए था। अब अप्रैल में इसकी शुरुआत होगी। ऐसे में करीब डेढ़ साल देरी से इसका काम पूरा होगा। लेकिन नोएडा प्राधिकरण व कंपनी के बीच हुए विवाद के कारण पिछले साल चार.पांच महीने काम बंद पड़ा रहा। इसके अलावा कोरोना और बढ़ते प्रदूषण के चलते एनजीटी के नियमों की वजह से भी काम में अटकाव आया। इस फ्लाई ओवर के बनने से सेक्टर.51, 52, 61,70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 121, 122 और किसान चौक की ओर जाने वालों का सफर आसान हो जाएगा। दिल्ली से गाजियाबाद और हापुड़ की ओर आने-जाने वालों को भी काफी फायद मिलेगा। अभी यहां वाहन चालक लंबे जाम में फंसते हैं।

# नोएडा में 86.43 किलोमीटर बांध की मरम्मत शुरू

● डीएम ने अधिकारियों संग किया निरीक्षण, बोले. बाढ़ से कोई गांव प्रभावित न हो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी में इस बार समय से पहले बारिश हो रही है साथ ही मानसून भी नजदीक है। ऐसे में तटबंध ये जुड़े गांवों में बाढ़ की स्थिति न बने। वहां के लोगों के सुरक्षित रहे। इसके लिए डीएम मनीष कुमार वर्मा ने तटबंध एरिया का निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

डीएम मनीष कुमार वर्मा मकनपुर गांव पहुंचे। यहां यमुना नदी पर सुरक्षा के लिए कराए जा रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता हैंड वर्क खंड आगरा नहर ओखला ने जिलाधिकारी को बताया कि यमुना नदी कटान करते हुए ग्राम के बहुत नजदीक आ गई है। ग्राम के कटान का खतरा बना हुआ था। इसलिए ग्राम वासियों की सुरक्षा के लिए 5 नए स्टडो का निर्माण और 3 पुराने स्टडो की दोबारा से निर्माण कराया जा रहा है।

ये काम 15 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य से ग्राम मकनपुर को यमुना नदी के बाढ़ से पूरी तरह से सुरक्षा मिलेगी। सिंचाई विभाग हैंड वर्क खंड द्वारा जनपद के अंतर्गत 7 तटबंध जिनकी लंबाई 86.43 किलोमीटर की मरम्मत कराकर पूरी तरह से सुरक्षित कर लिया गया है। वहीं प्राधिकरण भी डूब क्षेत्र में निरीक्षण करेगा।

हालांकि यहां करीब 900 से ज्यादा फ ॉर्म हाउस बने हुए है। इनको ध्वस्त किया जाना है। इससे पहले यमुना से जुड़े गांवों को बाढ़ से भी बचाना है। ऐसे में जल्द ही सिंचाई विभाग के साथ जॉइंट निरीक्षण किया जाएगा।

## जीडीए की टीम ने तोड़ीं कई अवैध कॉलोनियां

**गाजियाबाद।** जीडीए ने अवैध निर्माण के खिलाफअभियान को और तेज कर दिया है। इसी के चलते ही जीडीए की प्रवर्तन जोन-8 की टीम ने प्रवर्तन प्रभारी प्रशांत गौतम की अगुवाई में अवैध कॉलोनी को निशाना बनाया।

जीडीए की टीम ने सबसे पहले गांव असालतपुर के पास काटी जा रही अवैध कॉलोनियों को निशाना बनाया। यहां जीडीए की टीम ने हिंडन एयर फोर्स स्टेशन के पास बन रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यहां गांव के कई खसरों की जमीन में अवैध रूप से कॉलोनी काटने का कार्य किया जा रहा था। इसके बाद जीडीए की टीम का बुल्डोजर हिंडन के किनारे काटी जा रही अवैध कॉलोनी पर चला। यहां कई लोग मिलकर अवैध कॉलोनी को काटने का कार्य कर रहे थे।

# पुलिस ने अगवा शिशु का खोज निकाला

● ईएसआईसी अस्पताल का मामला, आरोपी महिला गिरफ्तार



बच्चे को उसकी मां को सुपर्द करतीं पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर 24 थाना क्षेत्र में स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल से करीब सप्ताह भर पहले अगवा किए गए नवजात शिशु को पुलिस ने बुधवार को देर रात बरामद कर लिया।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरीश चंदर ने बताया कि खोड़ा कॉलोनी की रहने वाली इशरत 25 मई को सेक्टर 24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती हुई थी। इशरत ने एक बच्चे को जन्म दिया था और इसके बाद एक महिला 26 मई की तड़के उनके बच्चे को अगवा करके अस्पताल से ले गई।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने बच्चे को अगवा करने वाली रानी नामक महिला को भंगेल गांव से गिरफ्तार कर उसके पास से शिशु को बरामद कर लिया है। नवजात शिशु को उसके परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी महिला रानी ईएसआईसी अस्पताल में इलाज कराने आती थी और उसका पूर्व में दो बार गर्भपात हो चुका है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपी महिला के अनुसार, उसके ससुराल के लोग बच्चा न होने के कारण उसे प्रताड़ित कर रहे थे और इस वजह से उसने शिशु को अगवा कर लिया ताकि वह उसे अपना बच्चा बताकर ससुराल वालों को दे सके।

## ट्यूबबैल में गिरने से दस साल की बच्ची की मौत

गाजियाबाद। मोदीनगर निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव अबूपुर में ट्यूबवैल पर नहाते समय दस साल की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस नहाते समय दौरा पड़ने से मौत होने की बात बता कह रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव अबूपुर में लालचंद सिंह मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करते है।

दोपहर दो बजे उनकी दस वर्षीय पुत्री काजल अपनी छोटी बहन के साथ खेत में गई थी। बताया जा रहा है कि खेत में चल रही टयूबवैल में नहाने लगी। बताया जा रहा है कि काजल टयूबवैल की होद की दीवार पर खड़ी थी। इसी बीच वह अचानक टयूबवैल के अंदर गिर गई। उसके गिरते ही छोटी बहन एलिस की चीख निकल गई।

# वैशाली मेट्रो स्टेशन पर फास्ट फूड की दुकान में लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के वैशाली मेट्रो स्टेशन पर बुधवार देर रात फास्ट फूड की दुकान में भीषण आग लग गई। चार दमकल गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। फायर फाइटर्स ने समय रहते बाकी दुकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, रात करीब साढ़े 12 बजे फायर स्टेशन कोतवाली को सूचना मिली कि वैशाली मैट्रो स्टेशन के भूतल पर स्थित फास्ट फूड की दुकान में आग लग गई है।

तुरंत फायर स्टेशन वैशाली से दो फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा कि आग तेजी से फैल रही थी। आग की तेजी को देखते हुए फायर स्टेशन वैशाली से 2 और फायर टैंकरों को घटनास्थल पर बुलाया गया। फायर की कुल चार गाड़ियों ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फायर फाइटिंग शुरू करके कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया।

दुकान के मालिक मोंटी सिंह और रूबल सिंह हैं। इनकी दुकान में रखा फास्ट फूड आदि रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

बगल में इरफान की दुकान है, जिसे फायर फाइटर्स ने बचा लिया। इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि मामले की जांच जारी है।

# धोबीघाट आरओबी पर बकाये को लेकर शुरू हुआ विवाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

धोबीघाट आरओबी बनकर तैयार हो गया है। इसे बनाने के लिए पहले 110 करोड़ रुपये का इस्टीमेट बनाया गया था। अब यह इस्टीमेट बढ़कर करीब 125 करोड़ के आसपास हो गया है। इस आरओबी को बनाने के लिए उत्तर रेलवे और जीडीए के बीच पैसे को लेकर पहले ही अनुबंध हो गया था। अब उत्तर रेलवे अपना अतिरिक्त पैसा जीडीए से मांग रहा है। जीडीए ने अभी धोबी घाट आरओबी के लिए केवल पन्द्रह करोड़ रुपये ही उत्तर रेलवे को दिया है। हालांकि, धोबीघाट आरओबी का कार्य पैसे के कारण बीच में नहीं रुका। दरअसल, धोबीघाट आरओबी को तेजी से बनाने की कोशिश थी।

उत्तर रेलवे और जीडीए ने पहले प्रोजेक्ट को पूरा करना ही उचित समझा। उत्तर रेलवे ने अधिक पैसा इस प्रोजेक्ट पर खर्च कर दिया। अब उत्तर रेलवे बकाया की मांग कर रहा है जिसके लिए वह जीडीए को अभी तक कई पत्र लिख चुका है।

## दुजाना गिरोह के सदस्य की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नोएडा।** धूम मानिकपुर में कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना के गिरोह के सक्रिय सदस्य के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। गैंगस्टर राजू पंडित के करीब एक करोड़ के वेअरहाउस को कुर्क कर लिया और वेअरहाउस पर नोटिस लगाकर पुलिस के द्वारा मुनादी कर यह कार्रवाई की गई है।

कुख्यात बदमाशों के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर में पुलिस का अभियान लगातार जारी है। कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना के एनकाउंटर के बाद से लगातार उसके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।


प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1221/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर :17399
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
मनोज कुमार शर्मा

सेवा में,
(1) मनोज कुमार शर्मा डी/डब्ल्यू/एस/ओ. – देवेन्द्र कुमार शर्मा मनोज कुमार पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ओमैक्स ग्रैंड, फ्लैट नंबर 702, टावर ग्रीनविच बी सेक्टर-93, बी पंचशील बालक कालेज के सामने, नोएडा उत्तर प्रदेश-201301, पैन नंबर एसीएपीएस1468ए
दूसरा पता :- सी/ओ दि सर्कस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, ए-47, द्वितीय तल, डीडीए शेड्स, ओखला फेज-2, नई दिल्ली-110020 गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश
अन्य पता :- सी/ओ दि सर्कस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, ए-47, द्वितीय तल, डीडीए शेड्स, ओखला फेज-2, नई दिल्ली, दिल्ली
(2) विकी फिलिप थॉमस पुत्र श्री थॉमस, फिलिपोज मकान नंबर 360, भू तल, प्रकाश मोहल्ला ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली
अन्य पता :- सी/ओ दि सर्कस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, ए-47, द्वितीय तल, डीडीए शेड्स, ओखला फेज-2, नई दिल्ली, दिल्ली
(3) दि सर्कस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, ए-47, द्वितीय तल, डीडीए शेड्स, ओखला फेज-2, नई दिल्ली, दिल्ली

सम्मन

जबकि, ओए/1221/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 05-04-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 2,00,12,228.80/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा बिक्री से प्राप्त होने वाली राशियां अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 03-08-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 24-04-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर



प्रकाशन
प्रपत्र सं. 3
खविनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें,
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1075/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 17397
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
मोहम्मद हाशिम

सेवा में,
(1) मोहम्मद हाशिम डी/डब्ल्यू/एस/ओ. हिसार अहमद मोहम्मद हाशिम पुत्र हिसार अहमद, निवासी मकान नंबर 699, सेक्टर-29, फरीदाबाद, हरियाणा-121008 पैन नंबर एबीकेपीएच9439एफ
दूसरा पता : सी/ओ एनडीटीवी प्रॉफिट ग्राफिक्स, अर्चना कॉम्प्लेक्स जीके-I, नई दिल्ली-110048
अन्य पता : प्लॉट नंबर 128, भू तल, सेक्टर-44, गुरूग्राम, गुरूग्राम, हरियाणा
2) फिरदौस हाशिम पत्नी मोहम्मद हाशिम मकान नंबर 699, सेक्टर-29, फरीदाबाद, फरीदाबाद, हरियाणा
(3) सिद्धार्थ बिल्डटेक प्रा. लि. अमर कालोनी, 168 और 169, लाजपत नगर-4, नई दिल्ली, दिल्ली
अन्य पता : सिद्धार्थ बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 128, भू तल, सेक्टर-44, गुरूग्राम, हरियाणा-122003 गुरूग्राम, हरियाणा-122003

सम्मन

जबकि, ओए/1075/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 10-04-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,32,85,794/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 27-09-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 24-04-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर



सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय :- आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली, दिल्ली-110048,
भारत सीआईएन :- एल34102डीएल1985पीएलसी020156
ई-मेल :- sidhindia1985@gmail.com, वेबसाइट : www.sidhgroup.in
31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (राशि लाख में)

31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

| विवरण | तिमाही समाप्त 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 505,250.00 | 557,700.00 | 1,638,850.00 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 4,002.00 | 18,476.00 | 115,976.00 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 4,002.00 | 18,476.00 | 115,976.00 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 4,002.00 | 18,476.00 | 115,976.00 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 4,002.00 | 18,476.00 | 115,976.00 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 29,623,000.00 | 29,623,000.00 | 29,623,000.00 |
| संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) (जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) (क) मूल (ख) तनुकृत | 0.00<br>0.00 | 0.01<br>0.01 | 0.04<br>0.04 |

नोट्स :-
1. उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 31 मई, 2023 को सम्पन्न बैठक में अभिलेखबद्ध किया गया था।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त रूप है।
3. लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट www.sidhgroup.in पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
हस्ता./-
(अनिल शर्मा)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन :- 02928210
तिथि :- 31-05-2023
स्थान :- दिल्ली



PUBLIC NOTICE

Be it known to all concerned that the original DDA POSSESSION LETTER NOC FOR WATER AND ELECTRIC CONNECTION AND SITE POSSESSION AND CORRESPONDENCE WITH DDA, in respect of DDA Jama Flat No. L-18H, Pkt-L Sheikh Sarai Phase II, New Delhi, has been misplaced/lost and is not traceable, and a report in this regard has also been filed online P.S.: Crime Branch, Delhi having LR No. 502473/2023.
Any person, Bank, Company, Financial Institution, Firm, Society, Government Semi - Government Organization, legal entity etc. etc., knowing the whereabouts or having in their possession the above mentioned documents may inform Manohar K Vasandani at DDA Janta Flat No. L-18H, Sheikh Sarai Phase II. New Delhi, or my email address : vasandanimanohar7@gmail.com or my phone no at New Delhi, within 20 days of publication of this Public Notice.



PUBLIC NOTICE

Be it known to all that I, **Sh. Piyush Punj** S/o Sh. Madan Mohan Rai Punj R/o House No. 203, GH- 8A, Sector-20, Panchkula, Haryana134116, purchaser of **Flat No. 160-C, Second Floor, Pocket- GH-2, Cat- LIG, Paschim Vihar, New Delhi,** have applied for certify copy of all original allotment document of the aforesaid property in DDA i.e., **Demand cum Allotment Letter, Possession Letter, Possession Slip, NOC for Electricity and Water connection, Bank Challan and other Other Ducuments** issued by DDA vide File No. **F.31(209)/1987/LAB(H),** which have been lost or misplaced and are not traceable inspite of the best efforts. An FIR/NCR to this effect has been lodged in Crime Branch vide LR. No **444959/2023,** dated 15/05/2023.
Any person(s) claiming any rights, interest or having any objection may contact with above named person on phone No. **9876620397**, within 15 days from the date of publication of this notice or personally inform or write to Director or Dy. Director LAB (H) LIG, DDA, Vikas Sadan, New Delhi.



सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सोबिन के थॉमस, राजीली जोसफ थॉमस, मिलिटरी सेक्रेटरी'ज ब्रांच एमएस6सी, आईएचक्यू ऑफ एमओडी आर्मी रूम नंबर 221 बी, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली, दिल्ली-110011 खाता नंबर :- **LBDEL00005186129, LBKNR00003246884, LBKNR00003246881** | आरएस नंबर 28/1ए2, वायाथुर ग्राम इरिट्टी तालुक, यूजीपी 2/446 ए, कुम्बालनकाल, पीडिकाक्कुन्नू पीओ मनिक्कादावू कन्नूर, कन्नूर- 670705 | 29-04-2023 रू. 3,33,467/- रू. 11,05,368/- रू. 4,80,045/- | 06-12-2022 |
| 2. | अमरजीत कुमार, पिंकी, मकान नंबर एच-29, शताब्दी एन्क्लेव, सेक्टर-49, नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 खाता नंबर :- **LBNOD00004897408, LBNOD00004873970** | फ्लैट नंबर यूजी-04, प्रथम तल, ब्लॉक/टावर-7, पंचशील हाइनिश, प्लॉट नंबर जीएच-08ए, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 29-04-2023 रू. 1,48,188/- रू. 23,62,760/- | 04-02-2023 |
| 3. | अनुज शर्मा, राजेश्वरी शर्मा, ए-1, तृतीय तल, इकसाना प्ले स्कूल, सूरज विहार एन एस आई टी, द्वारका, नई दिल्ली, दिल्ली-110078 खाता नंबर :- **LBDEL00003782523, LBDEL00006085066, LBDEL00006086913** | फ्लैट नंबर 1004, टावर-सी, 10वां तल, बिल्डिंग का नाम "स्टार रामेश्वरम" एनएच-58, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद | 24-04-2023 रू. 14,75,710/- रू. 5,37,719/- रू. 29,333/- | 23-01-2023 |
| 4. | भूषण, सोमपाल सिंह, 9/254, सेक्टर-3, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद-201005 खाता नंबर :- **LBGHZ00004418607, LBGHZ00005136561** | फ्लैट नंबर 1007, टाइप डी, 11वां तल, टावर-7, ब्लॉक 1, छत के अधिकार नहीं, वीवीआईपी एड्रेसेज, खसरा नंबर 1119, 1120, 1125, 1126, 1146, 1147 एवं 1117, ग्राम नूर नगर, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच-58, गाजियाबाद | 24-04-2023 रू. 12,42,387/- रू. 6,14,963/- | 03-01-2023 |
| 5. | धनजीत सिंह, लखविंदर कौर, 35, प्रथम तल, सुखदेव विहार, दिल्ली, दिल्ली-110025 खाता नंबर :- **LBDEL00005248243, LBDEL00005785639, LBDEL00005793130** | सम्पत्ति सं. 35, प्रथम तल, छत के अधिकार नहीं, सुखदेव विहार, नई दिल्ली, दिल्ली | 24-04-2023 रू. 29,07,650/- रू. 20,19,602/- रू. 5,157/- | 03-01-2023 |
| 6. | लखमी चंद, मंजू चौहान, नितिन चौहान, सी 19, प्रथम तल, शंकराचार्य रोड, आदर्श नगर, दिल्ली-110033 खाता नंबर :- **LBDEL00005120266, LBDEL00002925579, LBDEL00005488345** | प्लॉट नंबर 19, प्रथम तल (छत के अधिकार नहीं) ब्लॉक सी, स्थित मजलिस पार्क, आजादपुर, आदर्श नगर, दिल्ली-110033 | 24-04-2023 रू. 39,23,596/- रू. 41,06,486/- रू. 7,41,551/- | 19-01-2023 |
| 7. | राजेश सिंह, राकेश सिंह, 177, तृतीय तल, ब्लॉक बी-2, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110029 खाता नंबर :- **LBDEL00004983795 LBDEL00004983816** | सम्पत्ति सं. 177, ब्लॉक बी-2, द्वितीय तल (सम्पूर्ण टेरेस कवर और ऊपर सम्पूर्ण द्वितीय तल आकाश तक), सफदरजंग डेवलपमेंट रेजीडेंशियल स्कीम सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली, दिल्ली-110029 (उक्त प्लॉट के नीचे भूमि में 25 प्रतिशत अविभाजित, अविभाज्य और अवियोजनीय स्वामित्व अधिकार तथा आम सुविधाओं एवं सुख-सुविधाओं में सभी अधिकार सहित) | 17-05-2023 रू. 1,81,02,888.86/- रू. 7,89,014/- | 01-03-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 02 जून, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री रूप नारायण कौशिक (कर्ज़दार), चंचल कौशिक, फ्रेम्स ट्वेंटी फोर कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड (सह कर्ज़दार) LBFDB00003334292 | संपत्ति संख्या 10ए दूसरी मंजिल (पीछे की तरफ) कॉमन टैरेस के साथ, ब्लॉक ए, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली -110016 क्षेत्र - 1150 वर्ग फीट | रु. 3,40,15, 483.23/- (मई 26, 2023 तक) | रु. 2,00,00, 000/- / रु. 20,00, 000/- | जून 19, 2023 को दोप. 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक | जून 30, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जून 28, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में **जून 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **जून 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जून 28, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8928935040/ 8584874809** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : जून 02, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# पॉक्सो मामलों में अभियोजकों की नियुक्ति पर रार

## उपराज्यपाल ने दी मंजूरी, आप ने बताया अवैध आदेश, सुप्रीम कोर्ट जाएगी दिल्ली सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पॉक्सो के 20 मामलों की सुनवाई के लिए सीबीआइ के वरिष्ठ लोक अभियोजकों को नियुक्त करने की अधिसूचना जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस बीच आम आदमी पार्टी की सरकार ने आरोप लगाया कि एलजी ने निर्वाचित सरकार से बिना सलाह किए यह गैर कानूनी आदेश दिया है। इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। केजरीवाल सरकार का कहना है कि एलजी ने न तो मंत्री और न ही मुख्यमंत्री को भरोसे में लिया।

उपराज्यपाल कार्यालय के अधिकारी ने आरोप लगाया, दिल्ली सरकार पिछले नौ महीनों से शहर की विभिन्न अदालतों में पाक्सो के 20 मामलों के त्वरित निपटान के लिए सीबीआइ के वरिष्ठ लोक अभियोजकों को नियुक्त करने के लिए निचली अदालत के आदेश को दबाए बैठी है।

दिल्ली सरकार की ओर से इस संदर्भ में उदासिनता और विलंब करने से विवश होकर एलजी ने सीआरपीसी की धारा 24 (8) के तहत केंद्र सरकार की शक्ति को लागू करने और अधिसूचना जारी करने के लिए प्रस्ताव भेजने के लिए गृह मंत्रालय में वरिष्ठ अभियोजकों की नियुक्ति संबंधी गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सीबीआइ के वरिष्ठ लोक अभियोजकों की नियुक्ति के लिए यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पाक्सो) अधिनियम की धारा 32 के तहत आप सरकार द्वारा अधिसूचना की मांग करने वाली फाइल को गृह विभाग द्वारा निचली अदालत के एक निर्देश और बाद के पत्रों के बाद स्थानांतरित किया गया था।

केंद्रीय जांच एजेंसी अगस्त और दिसंबर 2022 में इसे सुनिश्चित करेगी। ट्रायल कोर्ट द्वारा यह सुनिश्चत करने के लिए निर्देश जारी किया गया था कि अधिनियम की धारा 35 के तहत परिकल्पित एक वर्ष की निर्धारित समयावधि के भीतर विभिन्न पाक्सो अदालतों में मुकदमे पूरे हों। राजनिवास के अधिकारी ने दावा किया कि अभियोजकों की नियुक्ति का प्रस्ताव इस साल जनवरी में गृह विभाग द्वारा लाया गया था और आठ मई, 2023 से मुख्यमंत्री केजरीवाल के पास लंबित है। फाइल सर्वप्रथम 11 जनवरी 2023 को दिल्ली के गृह मंत्री उसके बाद 16 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री के पास पहुंची। मुख्यमंत्री ने 6 फरवरी को प्रभारी मंत्री को फाइल वापस चिन्हित की और कानून मंत्री तक पहुंचने के बाद, फाइल निगरानी प्रणाली में एक अनिर्दिष्ट तिथि के जरिये इसे 8 मई 2023 को सीएम को वापस सौंप दिया गया। तब से यह फाइल ऐसे ही पड़ी है। उधर सरकार के बयान में आरोप लगाया गया है कि दिल्ली के लोग एलजी से निराश हो चुके हैं, जो कानून और व्यवस्था बनाए रखने के बजाय बार-बार निर्वाचित सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप कर रहे हैं।

ऐसे नकारात्मक सोच वाले एलजी को कभी नहीं देखा। ऐसे समय में जब महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं और हमलों का सामना कर रही हैं।


### आतिशी को जनसंपर्क विभाग की भी कमान

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अपने मंत्रियों के विभागों में फेरदबल किया है। हाल ही में कैबिनेट में शामिल हुई आतिशी को बिजली, शिक्षा, महिला, पीडब्ल्यूडी मंत्रालय के अलावा अब जनसंपर्क विभाग मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है।

इनसे पहले यह विभाग परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत देख रहे थे। आतिशी के पास अब दिल्ली सरकार के नौ विभागों की जिम्मेदारी आ गई है। वहीं गोपाल राय को विकास, सामान्य प्रशासन विभाग व पर्यावरण, वन तथा वन्य जंतु विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं इमरान हुसैन खाद्य एवं आपूर्ति व चुनाव देखेंगे। कैलाश गहलोत तो कुल 8 विभाग दिए गए हैं। इनमें विधि न्याय एवं विधायी कार्य, परिवहन, प्रशासनिक सुधार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी व गृह की जिम्मेदारी दे गई है। जबकि सौरभ भारद्वाज के पास शहरी विकास, जल, सतर्कता, सेवाएं, स्वास्थ्य व उद्योग है।

# सिसोदिया ने किया कोर्ट परिसर में मारपीट का दावा

- अदालत ने सीसीटीवी फुटेज संरक्षित करने को कहा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया है कि आबकारी मामले की सुनवाई के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने 23 मई को उनसे मारपीट की, जिसके बाद दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को उस दिन की अदालत परिसर की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया।

वहीं, सिसोदिया के आरोप के बाद पुलिस ने आवेदन दायर कर उन्हें केवल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश करने के लिए अदालत की अनुमति मांगी। पुलिस ने सिसोदिया को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश करने का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें अदालत में लाने से परिसर में आम आदमी पार्टी के समर्थकों और मीडिया की मौजूदगी के कारण अराजकता पैदा होती है।

विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने दोनों आवेदनों पर फैसला लंबित रहने तक सिसोदिया को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश करने का निर्देश दिया। सिसोदिया को बृहस्पतिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश किया गया। सिसोदिया को आबकारी नीति के निर्माण एवं कार्यान्वयन से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# दिल्ली सीमाओं पर रहा पुलिस का कड़ा पहरा

- किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए बनाई गई थी चौकियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पहलवानों के आंदोलन के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की ओर से बृहस्पतिवार को आहूत देशव्यापी प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली की सीमाओं पर दिन भर कड़ी सुरक्षा रही। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मी सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी गई थी और किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए अतिरिक्त चौकियां स्थापित रही।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, पहलवानों और किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए राजधानी की सीमाओं पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात गए थे।

हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि कानून व्यवस्था बनी रहे और कोई अप्रिय घटना नहीं हो। यह एहतियात के तौर पर किया गया है। उन्होंने बताया कि पड़ोसी राज्यों से दिल्ली आने वाले वाहनों की सीमाओं पर जांच की गई।

किसानों के संगठन संयुक्त किसान मोर्चा ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष और यूपी से सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे पहलवानों के समर्थन में एक जून को देशव्यापी प्रदर्शन करने का मंगलवार को आह्वान किया था। इसके बाद ही इस पर राजनीति गर्मा गई थी।

### टीमसी ने संसदीय समिति की बैठक का किया बहिष्कार

*नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने पहलवानों के प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में विभिन्न खेल महासंघों द्वारा महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा पर चर्चा की मांग को बैठक के एजेंडे से बाहर का विषय बताकर अस्वीकार किए जाने के विरोध में बृहस्पतिवार को एक संसदीय समिति की बैठक से बहिर्गमन किया जिसकी अध्यक्षता भाजपा के सांसद विवेक ठाकुर कर रहे थे। तृणमूल कांग्रेस ने शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल मामलों की स्थाई समिति में महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और पूछा कि क्या विभिन्न खेल संघों में शिकायत समितियों का गठन किया गया है और अगर किया गया है तो क्या वे सक्रिय हैं, जिसके बाद पार्टी सांसद सुष्मिता देव और असित कुमार मल ने विरोध में बैठक से बहिर्गमन किया।*

### विश्वास है पहलवानों को न्याय मिलेगा : मेनका



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद मेनका गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि यौन शोषण के आरोपों को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे प्रदर्शनरत पहलवानों को न्याय मिलेगा। मेनका एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां आई थीं।
पत्रकारों से पहलवानों के मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में लोकसभा सदस्य ने कहा, मुझे विश्वास है कि अंत में उन्हें न्याय मिलेगा।

### प्रगति मैदान के पास स्थित झुग्गियां हटाई

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के प्रगति मैदान के पास स्थित कई झुग्गियों को अधिकारियों ने अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत बृहस्पतिवार को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था। इस साल के अंत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले अधिकारी अतिक्रमण रोधी अभियान चला रहे हैं। प्रगति मैदान के पास भैरों मार्ग पर कई झुग्गियां हटाई गईं। अपने घरों को खोने वाले स्थानीय लोगों ने पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया। उन्हें झुग्गी के मलबे में से अपना सामान निकालते देखा गया।

# दिल्ली की 100 सोसाइटी बनीं कचरा मुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- आरडब्ल्यूए और लोगों की मदद से सफल हुआ प्रयास, लैंड साइटों पर दबाव होगा कमः शैली

एमसीडी ने दिल्ली को हराभरा और कचरा मुक्त बनाने के लिए अनूठा प्रोत्साहन आधारित कार्यक्रम शुरू किया है। निगम ने शाहदरा साउथ जोन क्षेत्र की 100 से अधिक ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी-संस्थानों को सौ फीसदी जीरो वेस्ट कॉलोनी घोषित किया है। उसने स्रोत पर ही कचरे का पृथकीकरण और निस्तारण करने पर बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों, स्कूलों और गैर सरकारी संगठनों को सम्मानित करने के पीछे निगम का मकसद कचरे के बेहतर प्रबंधन में इन कॉलोनियों के योगदान को आम लोगों तक पहुंचना है। आभार व्यक्त करना था। महापौर शैली ओबरॉय ने कहा कि निगम द्वारा शुरू की गई इस अनूठी पहल से घरों से निकलने वाले कचरे के प्रसंस्करण की समस्या का हल करने में मदद मिलेगी।

तीनों लैंडफिल साइटों पर कचरे का दबाव भी कम होगा। एमसीडी दिल्ली में अब नए कूड़े के पहाड़ पहाड़ नहीं बनने देगी। अब हम घरों में ही कूडे का निस्तारण करेंगे। आरडब्ल्यूए और लोगों की मदद से निगम की आप सरकार दिल्ली को कचरा मुक्त बनाने में सफल होगी। भविष्य में और भी सोसाइटी जीरो वेस्ट कॉलोनी बनेंगी। सामुदायिक प्रतिभागियों के बिना कोई काम नहीं हो सकता है। कचरे की समस्या के समाधान के लिए युद्धस्तर पर हर संभव प्रयास कर रहा है। सभी नागरिकों से कूड़े के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने का आह्वान किया। मेयर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम उन सोसायटियों या संस्थानों को सहभागिता कॉलोनी के रूप में प्रमाणित करती है जो स्रोत पर ही 100 फीसदी कचरे का पृथकीकरण और निस्तारण करते हैं। कॉलोनी में ही गीले कूड़े से खाद बनाने, रिसाइकिल योग्य सूखे कचरे का 100 फीसदी पुनर्चक्रण करने और शेष सूखे कचरे को अधिकृत एजेंसी को सौंपते है।

# अधिकारियों का अध्यादेश का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के विधि विभाग ने सभी शीर्ष अधिकारियों को इस महीने की शुरुआत में जारी सेवाओं से संबंधित केंद्र के अध्यादेश का सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

विधि विभाग ने 26 मई को सभी अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों, सचिवों और विभागों के प्रमुखों को भेजे गए एक पत्र में, केंद्र द्वारा सेवाओं से संबंधित जारी राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश, 2023 का सख्त अनुपालन करने के लिए कहा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने दानिक्स कैडर के ग्रुप-ए अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित करने के उद्देश्य से 19 मई को एक अध्यादेश जारी किया था। अध्यादेश जारी किए जाने से महज एक सप्ताह पहले ही उच्चतम न्यायालय ने राजधानी में पुलिस, कानून-व्यवस्था और भूमि को छोड़कर अन्य सभी सेवाओं का नियंत्रण दिल्ली सरकार को सौंप दिया था। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने अध्यादेश को असंवैधानिक करार दिया है और कहा है कि वह इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी।

# भारी यातायात से मध्य दिल्ली में लगा जाम

- भैरों मार्ग पर चलाया गया अतिक्रमण रोधी अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में आईटीओ सहित मध्य दिल्ली में बृहस्पतिवार सुबह भारी यातायात जाम के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक समय पर पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

यातायात पुलिस ने कहा कि उन्हें आईटीओ, राजघाट और दिल्ली गेट के निकट यातायात जाम की शिकायत को लेकर कई लोगों के फोन आए। उसने कहा कि भैरों मार्ग पर अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में यातायात जाम की शिकायत करने के लिए लोगों ने कई ट्वीट किए। एक व्यक्ति ने बताया कि वह भारी यातायात जाम के कारण लगभग एक घंटे तक आईटीओ पर फंसा रहा। एक अन्य व्यक्ति ने भी शिकायत की कि लक्ष्मी नगर से आईटीओ तक एक ही मार्ग पर लगभग एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। दिल्ली में बृहस्पतिवार को जिन अन्य मार्गों पर भारी यातायात जाम की स्थिति देखी गई, उनमें लिबासपुर अंडरपास, सोनिया विहार और महात्मा गांधी मार्ग शामिल हैं।

# साहिल खान की हिरासत तीन दिन बढ़ी

**साक्षी हत्याकांड**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने शाहबाद डेरी इलाके में एक किशोरी की निर्मम हत्या करने के आरोपी युवक की हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को तीन दिन के लिए बढ़ा दी।

अदालत के सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा कारणों से आरोपी साहिल (20) को ड्यूटी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया गया। साहिल ने पिछले रविवार की शाम को उत्तर-पश्चिम दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में 16 वर्षीय साक्षी की चाकू से 20 से अधिक वार कर और फिर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी थी। इस दौरान, पास से गुजर रहे राहगीर तमाशबीन बने रहे थे। पुलिस के मुताबिक, साक्षी के शरीर पर जख्म के 34 निशान थे और उसकी खोपड़ी भी टूट गई थी। साहिल को सोमवार को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में उसकी बुआ के घर से गिरफ्तार कर दिल्ली लाया गया था। ड्यूटी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ज्योति नयन ने मंगलवार को पुलिस को साहिल को दो दिन तक हिरासत में लेकर पूछताछ करने की अनुमति दी थी। पुलिस ने इस आधार पर साहिल की हिरासत की मांग की थी कि वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद नहीं किया जा सका है और आरोपी बार-बार अपना बयान बदल रहा है।

### समयबद्ध तरीके से लाभार्थियों को मिले राशनः इमरान हुसैन

**नई दिल्ली।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन लाभार्थियों को मुफ्त राशन के वितरण की समीक्षा के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में खाद्य और आपूर्ति विभाग ने मंत्री को विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राशन के सुचारू वितरण को समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने के लिए एनएफएसए के तहत राशन लाभार्थियों को जून माह के राशन का वितरण शुरू कर दिया गया है। बैठक में खाद्य-आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने कमिशनर(खाद्य-आपूर्ति) को साप्ताहिक सभी उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस) को अवकाश को छोड़कर नियमित रूप से खोलने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को राशन के सुचारू और सुलभ वितरण को सुनिश्चित करने के लिए नियमित आधार पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

# मोहल्ला बसों का रूट तय करने के लिए सर्वे शुरू

- परिवहन विभाग की 23 टीमें 15 दिन में करेंगी पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मोहल्ला बसों का रूट तय करने के लिए सर्वे शुरू हो गया है। दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर मोहल्ला बस सेवाओं की आवश्यकता की पहचान करने और उपयुक्त मार्गों का निर्धारण करने के लिए, दिल्ली परिवहन विभाग ने 23 तकनीकी टीमों का गठन किया है।

ये टीमें 1 जून से 15 जून तक सर्वे करेंगी। इसके अलावा दिल्ली वाले भी अपनी प्रतिक्रिया और सुझाव mohallabusfeedback@gmail.com पर भी साझा कर सकते हैं।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, दिल्ली सरकार ने इससे पहले कभी भी 2 हजार से अधिक फीडर बसें नहीं खरीदी हैं। छोटे आकार की 9 मीटर लंबी बसें उन मार्गों पर चलेंगी जहां 12 मीटर की बसों की पहुंच नहीं है। लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए शहरों में टीमों का गठन करके, यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इन मोहल्ला बसों द्वारा सभी महत्वपूर्ण मार्गों को कवर किया जाए। तकनीकी टीमें उच्च क्षमता वाले मेट्रो स्टेशनों, बस टर्मिनलों, स्टॉप और विभिन्न इलाकों का दौरा करेंगी। टीमें प्रत्येक क्षेत्र में अंतिम-मील कनेक्टिविटी की मांग का मूल्यांकन करेंगी और इस तरह की कनेक्टिविटी के लिए परिवहन के साधनों के संबंध में लोगों की प्राथमिकताओं का अध्ययन करेंगी।

वहीं सड़क की चौड़ाई, अतिक्रमण और परिचालन बाधाओं जैसे कारकों सहित प्रत्येक इलाके में उपलब्ध सड़कों की व्यवहार्यता का आकलन किया जायेगा।

साथ ही परिवहन के सार्वजानिक साधनों तक पहुँचने के लिए यात्रियों को कितनी दूरी तय करनी पड़ती है, इस पर विचार करते हुए मांग क्षेत्र में मौजूदा सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का मूल्यांकन किया जायेगा।

# आनंद विहार स्टेशन पर पैदल यात्रियों के लिए बनेगा पुल

**रैपिडएक्स परियोजना**

- टैक्सी और निजी वाहन भी प्रवेश कर सकेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे के आनंद विहार रैपिडएक्स स्टेशन पर पैदल यात्रियों के लिए एक पुल का निर्माण करेगा।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि वाहनों के प्रवेश करने और निकासी के लिए भी अलग से दो पुल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आनंद विहार रैपिडएक्स स्टेशन और चौधरी चरण सिंह मार्ग के बीच से गुजरने वाले गाजीपुर नाले पर एनसीआरटीसी द्वारा पुलों का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि तीन पुलों में से दाहिनी ओर के पुल का उपयोग आनंद विहार रैपिडएक्स स्टेशन पर वाहनों के प्रवेश के लिए किया जाएगा जबकि बाईं ओर के पुल का उपयोग वाहनों की निकासी के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीच वाले पुल का उपयोग पैदल चलने वाले स्टेशन परिसर में आने-जाने के लिए कर सकेंगे। एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने बताया कि आनंद विहार रैपिडएक्स स्टेशन में वाहनों के प्रवेश के लिए बन रहा पुल करीब 10 मीटर चौड़ा है। उन्होंने कहा, टैक्सी और निजी वाहन इस पुल से प्रवेश कर सकेंगे और यात्रियों को स्टेशन के द्वार पर उतार सकेंगे।


अधिकारियों ने कहा कि वाहनों की निकासी का पुल 13 मीटर चौड़ा होगा जबकि पैदल यात्रियों के लिए पुल पांच मीटर चौड़ा होगा। आनंद विहार से रोजाना लाखों यात्री विभिन्न परिवहन साधनों से सफर करते हैं। अक्सर ऐसा देखा गया है कि परिवहन के विभिन्न साधन बदलने के लिए यात्रियों को तमाम परेशानियों से जूझना पड़ता है। भीड़भाड़, अव्यवस्थित ट्रैफिक से जूझते हुए दूसरे साधन तक पहुंचने के लिए एक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसे देखते हुए छब्ल्ज्ब् उनके लिए पैदल पुल बना रहा है। आनंद विहार रैपिड एक्स स्टेशन से कुल 6 ट्रांसपोर्ट गतिविधियां इंटीग्रेटेड होंगी। जिसमें आनंद विहार अंतरराज्यीय बस अड्डा, सिटी बस अड्डा, कौशांबी रोडवेज डिपो, मेट्रो की पिंक और ब्लू लाइन तथा आनंद विहार रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इन सभी को आपस में मर्ज किया जा रहा है, ताकि यात्री कहीं भी आसानी से पहुंच सकें।

अधिकारियों ने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य 2025 तक पूरे 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारे को चालू करना है। एनसीआरटीसी 2023 में गलियारे के 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता वाले खंड पर सेवा शुरू कर देगा।

# आफताब पूनावाला मेरी बहन को पीटता और फिर माफी मांग लेता था : श्रद्धा का भाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- हत्याकांड में अभियोजन पक्ष की गवाहों की गवाही शुरू



श्रद्धा वालकर के भाई ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत में कहा कि आफताब अमीन पूनावाला आए दिन उसकी बहन को पीटता था और फिर माफी मांगता तथा उसे माफ करने के लिए मना लेता था।

अदालत ने इस सनसनीखेज हत्याकांड में गवाहों के बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है। श्रीजय विकास वालकर ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ के समक्ष सरकारी अभियोजन के गवाह के रूप में बयान दर्ज कराए। श्रीजय ने कहा कि उसके परिवार ने श्रद्धा को पूनावाला के साथ रिश्ते में न रहने की सलाह दी थी जिसके बाद वह मुंबई में उस घर को छोड़कर चली गई थी जहां वह आरोपी के साथ रहती थी। श्रद्धा के भाई के अनुसार उसने कहा था कि उसकी उम्र 25 साल हो चुकी है तथा वह अपने फैसले खुद ले सकती है। श्रीजय ने अदालत को बताया कि उनकी बहन और पूनावाला 2018-19 में एक कॉल सेंटर में काम करने के दौरान मिले थे। उसने कहा, श्रद्धा ने कहा कि वह पूनावाला के साथ लिव-इन में रहना चाहती है। हमने उसे समझाने की कोशिश की। हालांकि, ऐसा लगता था कि वह आरोपी के प्रभाव में है और उसने अपना घर छोड़ दिया तथा मुंबई के नायगांव में किराए पर रहने लगी।

श्रीजय ने बताया कि श्रद्धा के घर छोड़कर जाने के करीब दो हफ्ते बाद उसने उन्हें बताया कि पूनावाला कभी-कभार उससे गाली गलौज करता है और उससे मारपीट भी करता है। श्रीजय ने कहा, हर ऐसी घटना के बाद पूनावाला झगड़े और पिटाई के लिए श्रद्धा से माफी मांगता था और वह माफ कर देती थी तथा उसके साथ ही रहती थी... मेरी मां की मौत के बाद, हमने उसे फिर समझाने की कोशिश की लेकिन वह पूनावाला को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हुई।

# डा. इंदु राव बनीं राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या



**गुरुग्राम।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में कई वर्ष तक प्रोफेसर रहीं इंदु राव ने गुरुवार को इसी महाविद्यालय में प्राचार्या का पद संभाल लिया। यहां प्राचार्य रहे डा. रमेश गर्ग एक दिन पूर्व सेवानिवृत हुए हैं। महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉक्टर रंजना लाल, डॉक्टर पूजा खुल्लर, डॉक्टर कमला चौधरी, डॉक्टर रमेश गर्ग, एचएस यादव तथा डॉक्टर कृष्णा आदि इस अवसर पर मौजूद रहे और डा. इंदु राव को शुभकामनाएं दीं। अन्य राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत प्राचार्य डॉक्टर महाश्वेता देवी, डॉक्टर प्रीति देसवाल, डॉक्टर अनुपमा यादव, डॉक्टर सुनीता मलिक, डॉक्टर अनुपमा यादव और डॉक्टर शर्मिला यादव भी उनके कार्यभार ग्रहण के अवसर पर उपस्थित हुए। महाविद्यालय की उप-प्राचार्या डॉक्टर सविता महेंद्रू समेत कॉलेज काउंसिल के सदस्य, विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने भी डाक्टर इंदु राव को अपनी शुभकामनाएं दीं।

# यूपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों को डीसी निशांत यादव ने दिए टिप्स

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## डीसी ने प्रशासनिक सेवाओं के संबंध में चयनित अभ्यर्थियों का किया मार्गदर्शन

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों रूहानी, अंजली गर्ग, पूजा यादव, प्रांशु शर्मा, अभिनव सिवाच, अनरक्षा यादव, सार्थक सिंह, सुनील, अवधेश व मन्नत से डीसी निशांत कुमार यादव ने मुलाकात कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

डीसी निशांत कुमार यादव ने प्रशासनिक सेवाओं के संबंध में उनका मार्गदर्शन किया। इस दौरान सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह भी उपस्थित रहे। चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा को देश की सबसे कठिन परीक्षाओं की श्रेणी में सर्वोच्च माना गया है। ऐसे में इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में आपका चयन आपकी अथक मेहनत व कठिन परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस चयन के साथ ही देश सेवा की एक बड़ी जिम्मेदारी अब आपके कंधों पर है। ऐसे में आप सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि आप अपनी ड्यूटी के दौरान यह सुनिश्चित करें कि प्रशासन द्वारा आमजन के लिए जो भी सेवाएं दी जा रही हैं वे लक्षित वर्ग तक पूरी पारदर्शिता व तय समय सीमा में पहुंचे। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के दौरान भारत दर्शन यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि यह लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में भविष्य के सिविल सेवकों के प्रशिक्षण का एक मूलभूत हिस्सा है। डीसी ने भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में जिला स्तर के कार्यक्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में जिला स्तर का कार्यकाल सबसे महत्वपूर्ण होता है। जिला स्तर की कार्यशैली व्यवस्थाओं के प्रबंधन में आपकी निर्णय लेने की क्षमता को और अधिक मजबूती प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में फील्ड विजिट का बड़ा महत्व है। व्यवस्था प्रबंधन में आपकी सहायता के लिए एक पूरा सिस्टम मौजूद रहेगा लेकिन एक अच्छा अधिकारी वही है जो जनता के बीच जाकर संवाद स्थापित करता है।





यूपीएससी परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों से मुलाकात के दौरान डीसी निशांत कुमार यादव।

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का हल जल्द से जल्द हो इसके लिए आपको सदैव आमजन के साथ जुड़ाव रखना होगा। इस अवसर पर सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह ने प्रशासनिक सेवा में अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि एक अधिकारी की आम जन के मध्य छवि उनके उत्कृष्ट कार्यों से बनती है।

# कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ गिरोह के 10 शूटर पकड़े

## बंधक बनाकर डकैती व अपहरण करके फिरौती लेने की वारदात करने की फिराक में थे शूटर

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**कुख्यात** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ गिरोह के 10 शूटर को बंधक बनाकर डकैती करने की वारदात को अंजाम देने की योजना बनाते हुए गुरुग्राम पुलिस ने दबोचा है। इनमें से 7 एक जगह से और 3 दूसरी जगह से गिरफ्तार किए गए। इनकी योजना थी कि पुलिस की वर्दी पहनकर वारदात को अंजाम देंगे।

सात आरोपियों में शामिल राकेश कुमार उर्फ अनिल (24) हरजोत सिंह उर्फ लीला (23), अजय इशरवालिया उर्फ पंजाबी (20) प्रिंस उर्फ गोलु (18), जोगिन्द्र उर्फ जोगा (31), संदीप उर्फ दीप (23) व सिंदरपाल उर्फ बिट्टू (33) को मेहंदवाड़ा भौंडसी से काबू किया गयो। इनसे पूछताछ के बाद इन्ही के 3 अन्य साथियों धर्मेंद्र उर्फ धर्मा (27) दीपक उर्फ दिलावर (26) व भरत पुत्र करण (24) को गुरुग्राम के राजीव चौक के निकट देवीलाल स्टेडियम के पास से अवैध हथियारों समेत काबू किया गया।



पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ गिरोह के शूटर।

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया कि वे सभी कुख्यात गैंगेस्टर लॉरेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ गैंग के सक्रिय शूटर हैं। गुरुग्राम में डकैती व अपहरण की बड़ी वारदात को अंजाम देने आए थे। डकैती व अपहरण की वारदात को अंजाम देने के लिए जोगिन्द्र उर्फ जोगा पुलिस इंस्पेक्टर बनेगा। अन्य सदस्य भी पुलिस की वर्दी पहनेंगे और वारदात को अंजाम देंगे। पकड़े गए 7 आरोपियों के खिलाफ भौंडसी थाना में और 3 के खिलाफ सदर थाना गुरुग्राम में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

**आरोपियों से पुलिस की ड्रेस समेत कई सामान बरामदः** गुरुवार को यहां पत्रकार वार्ता में एसीपी वरुण दहिया ने कहा कि सभी आरोपियों ने यह भी कबूला है कि वे विदेश में बैठे गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा व वीरू के इशारे पर ही वारदात करते हैं। गुरुग्राम में की जाने वाली इस वारदात को अंजाम देने के लिए ये पुलिस की वर्दी, बेल्ट, जूते आदि लेकर आए थे। ये विदेश में बैठे गोल्डी बराड़ आदि से लगातार संपर्क में थे। उन्हीं के निर्देश पर गुरुग्राम से एक व्यक्ति का अपहरण करके उससे करोड़ों रुपये की फिरौती वसूल करनी थी। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से कुल 4 पिस्टल, 28 जिन्दा कारतूस, 2 गाड़ियां (एक स्कॉपियो व एक होंडा सिटी), एक डंडा, एक टॉर्च व 7 पुलिस की ड्रेस बरामद की गई हैं। होंडा सिटी गाड़ी इन्होंने दिल्ली से चोरी की थी। आरोपियों के खिलाफ लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, चोरी, मारपीट, धमकी देने, अवैध हथियार रखने इत्यादि अपराधों के हरियाणा के विभिन्न जिलों भिवानी, पंचकूला, सिरसा, अम्बाला, गुरुग्राम सहित मोहाली (पंजाब), राजस्थान में कई केस दर्ज हैं।

# तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के टोल पर रौंग साइड से तेज गति में आई फॉरचूनर गाड़ी ने सामने आ रही बाइक को सीधी टक्कर मार दी। बाइक पर सवार युवक गंभीर लगी चोटों के कारण सड़क पर गिर गया। जिससे गुरुग्राम के अस्पताल में डॉक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया।

भोंडसी थाना के गांव अलीपुर निवासी समशेर ने पुलिस को बताया कि बुधवार की शाम करीब सवा 6 बजे वह गुरुग्राम से बाइक पर अपने घर आ रहा था। वह जब मारुति कुंज मोड़ पर पहुंचा तो वहा उसे उसकी मौसेरा भाई मोहित निवासी गांव खूटपूरी थाना सदर सोहना अपनी बाइक पर मिला। वे दोनों अपनी-अपनी बाइक पर घामडौज टोल की तरफ चल दिए। उसके आगे मोहित अपनी बाइक पर चल रहा था। घामडौज टोल पार करने के बाद रौंग साइड से तेज गति से गाड़ी आई और उसके चालक ने लापरवाही बरतते हुए मोहित की बाइक को सीधी टक्कर मार दी। मोहित बाइक समेत सड़क पर गिर गया।

# साउथ ईस्ट एशिया टूर्नामेंट से गोल्ड लाए लक्षित को नवीन गोयल ने किया सम्मानित

## सेक्टर-52 में आयोजित कार्यक्रम खिलाड़ी को किया गया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-52 में खिलाड़ी लक्षित को सम्मानित करते नवीन गोयल।

**साउथ** ईस्ट एशिया टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ी लक्षित को यहां पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सम्मानित किया। सेक्टर-52 में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करने के साथ उन्होंने लक्षित के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम के आयोजक निवर्तमान पार्षद कुलदीप बोहरा रहे।

कुलदीप बोहरा ने कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि नवीन गोयल समेत सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए प्रधान प्रदीप बोहरा, रिषी अग्रवाल, रामअवतार, दलीप सिंह, राजीव गुप्ता, संदीप गुप्ता, विजयपाल यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे। नवीन गोयल ने कहा कि हमारे युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं। उन्हें रुचि अनुसार खेलों में हिस्सा लेने व आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने खिलाडियों के लिए जो सुविधाएं दी हैं, वे पहले कभी किसी सरकार में नहीं मिली। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाने वाले खिलाडियों को सरकार ने मालामाल किया है। नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा की खेल पॉलिसी अन्य राज्यों की अपेक्षा बहुत बेहतर है। खिलाडियों को नकद इनाम के साथ उन्हें प्लॉट आदि पुरस्कार स्वरूप दिए जाते हैं। हरियाणा के खिलाड़ियों को समाज में रोल मॉडल बनाकर सरकार की ओर से सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रस्तुत किया जाता है। खेलों में मेडल लाने के अलावा राज्य स्तर पर भी खिलाडियों को बड़े अवार्ड सरकार की ओर से भेंट किए जाते हैं।

नवीन गोयल ने कहा कि खेलों में भी बेहतर भविष्य होता है, बशर्ते खिलाड़ी के भीतर अच्छा खेलने की भावना और क्षमता होनी चाहिए। सरकार हर कदम पर खिलाडियों के साथ खड़ी है। उन्होंने गुरुग्राम के हर क्षेत्र में प्रतिभाशाली खिलाडियों की सराहना करते हुए कहा कि वे समय-समय पर अपने जिले का नाम रोशन करते हैं। नवीन गोयल ने खिलाड़ी लक्षित को सम्मानित करके आशीर्वाद देते हुए कहा कि भविष्य में और भी अच्छा खेलकर वे गुरुग्राम का नाम रोशन करें।

# उद्यमी बोले, क्या अब नगर निगम से काम कराने को सड़कों पर आना होगा...

## सेक्टर-37 औद्योगिक क्षेत्र में चार महीने से भरा सीवर का पानी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**सेक्टर-37** औद्योगिक क्षेत्र में पिछले चार माह से सीवर ओवरफ्लो की समस्या को लेकर उद्यमियों ने कहा है कि क्या नगर निगम से काम कराने को उद्योगपतियों को सड़क पर उतरना पड़ेगा। सीवर की समस्या विकराल रूप ले रही है और नगर निगम लापरवाही कर रहा है। यहां सड़कों पर लगातार सीवर का पानी भरा हुआ है, जिससे उद्योगों का काम भी प्रभावित हो रहा है।

फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री गुरुग्राम के महासचिव डॉक्टर एसपी अग्रवाल का कहना है कि बरसात के दौरान यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों और कर्मचारियों से इस बारे में कई बार शिकायत करने का भी कोई असर नहीं दिख रहा है। क्या नगर निगम के अधिकारी औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी समस्याओं का समाधान ना करने की कसम खा चुके हैं।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि क्या अब नगर निगम से संबंधित बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए उद्यमियों को भी सड़क पर उतरना होगा, क्या तभी उनकी बात सुनी जाएगी। प्रदेश सरकार औद्योगिक बेहतरी के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। वही नगर निगम गुरुग्राम की लचर कार्यप्रणाली के कारण सेक्टर-37 जैसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र की हालत बद से बदतर होती जा रही है। फेडरेशन की ओर से सीवर ओवरफ्लो और सड़कों पर हो रहे जलभराव की समस्या के समाधान के लिए बुधवार को निगमायुक्त गुरुग्राम को ईमेल के माध्यम से लिखित शिकायत भी दी गई है। फेडरेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि उनकी ओर से सीवर ओवरफ्लो के संबंध में जेई अंकित और कार्यकारी अभियंता गोपाल कलावत से कई बार शिकायत की जा चुकी है, फिर भी मामला जस का तस है।



गुरुग्राम के औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-37 में भरा गंदा पानी।

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने 24 स्थानों पर पिलाया शरबत

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में निर्जला एकादशी पर शरबत वितरण कार्यक्रम में मौजूद पंजाबी बिरादरी महासंगठन के पदाधिकारी।

**गुरुवार** को निर्जला एकादशी पर पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी की अगुवाई में 24 स्थानों पर शरबत का वितरण किया गया। सुबह 10.30 बजे से नये और पुराने गुरुग्राम में अलग-अलग मंदिर और संस्थाओं द्वारा मीठा शरबत का वितरण पंजाबी बिरादरी के सहयोग से किया गया।

इन सभी स्थानों पर महा संगठन द्वारा आम जनता और उपवास करने वालों के लिए भी 10 हजार से अधिक लोगों के लिए आलू-भै के प्रसाद की व्यवस्था की गई। यह कार्य संगठन के वरिष्ठ उपप्रधान ओमप्रकाश कथूरिया और महा मंत्री रामलाल ग्रोवर द्वारा किशोरी लाल डुडेजा की सहायता से किया गया। प्रसाद वितरण का कार्य नरेश चावला, किशन चावला और अनिल कुमार द्वारा सकुशल किया गया। सुरेंद्र

## बोध राज सीकरी ने सभी को इस नेक कम के लिए साधुवाद किया

कुमार खुल्लर प्रधान श्रीकेंद्रीय सनातन धर्म सभा (गुरुग्राम) और उनकी टीम का मार्गदर्शन मिला। पालम विहार एरिया का संचालन यदुवंश चुग और उनकी टीम द्वारा किया गया।

चौबीस स्थानों पर समय पर प्रसाद को एक समय में पहुंचाना प्रशंसनीय कार्य रहा। बोध राज सीकरी ने सभी को इस नेक कम के लिए साधुवाद किया।

# नप चैयरपर्सन अंजू देवी की सेंशन कोर्ट से भी जमानत याचिका खारिज

## इससे पूर्व उपमंडलीय कोर्ट ने अंजू देवी की जमानत याचिका कर थी खारिज

## अब राजस्थान हाई कोर्ट में जमानत याचिका का दायर करने का बचा है विकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नगर** परिषद चैयरपर्सन अंजू देवी की दूसरे दिन भी राजस्थान की राजगढ़ सेंशन अदालत ने जमानत याचिका को खारिज किया। इससे पहले बुधवार को स्थानीय इसी अदालत में उपमंडलीय कोर्ट ने अंजू देवी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था।

फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र में राजस्थान की जयपुर जेल में बंद नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी को गुरुवार को एक और बड़ा झटका लग गया है।



नप चैयरपर्सन अंजू देवी।

अंजू देवी की गुरुवार को राजगढ़ की सेंशन कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया। लगातार दो दिन में दो जमानत याचिकाएं खारिज होने से अंजू देवी की परेशानियां और बढ़ गई हैं। सूत्रों के अनुसार अंजू देवी अब राजस्थान हाई कोर्ट में अपनी जमानत याचिका का दायर कर सकती हैं।

**सोशल मीडिया पर खारिज का संदेश :** गुरुवार को राजगढ की सैशन कोर्ट में भी नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र मामले में जमानत याचिका खारिज होने की चर्चा शहर में आग से भी तेज फैल गई। वहीं अदालत में आज होने वाली याचिका पर सुनवाई को लेकर एक-एक पल पर शहरवासी टकटकी लगाए बैठे रहे। सूत्रों से जैसे ही याचिका खारिज होने की सूचना मिली। वैसे ही सोशल मिडिया पर यह संदेश वायरल हो गया।

**राजनीतिक गतिविधियां हुईं तेज :** नगर चेयरपर्सन अंजू देवी की दूसरे दिन भी जमानत याचिका खारिज होने के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। अब सभी की नजरें अंजू देवी द्वारा राजस्थान हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल कराने या न कराने पर लगी हैं।

**मामले में संलिप्त दो आरोपी फरार :** अंजू देवी फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र मामले में संलिप्त राजस्थान निवासी हेमन्त उपाध्याय, हेमन्त के पिता भगवान शाह उपाध्याय और हेमन्त के चाचा मुकेश उपाध्याय आरोपी हैं। मुकेश उपाध्याय और भगवान शाह उपाध्याय अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। जबकि हेमन्त उपाध्याय को करीब दो माह जेल में रहने के बाद हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

# मिंत्रा की ईओआरएस-18 6000 से ज्यादा ब्रांड्स के 20 लाख स्टाईल्स के साथ शुरू हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**फैशन,** ब्यूटी एवं लाइफस्टाइल के लिए भारत के अग्रणी डेस्टिनेशन, मिंत्रा ने सोमवार को बताया कि यह अपने ऐप पर नॉन-मेट्रो शहरों से 15 मिलियन नए यूज़र्स का स्वागत करने वाला है क्योंकि देश में लाखों ग्राहकों के लिए मिंत्रा की अर्द्धवार्षिक एंड ऑफ रीजन सेल (ईओआरएस) 1 जून से शुरू होने वाली है, जिसमें 6,000 से ज्यादा अग्रणी घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय और डी2सी ब्रांड्स के 20 लाख से ज्यादा फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाइल उत्पाद उपलब्ध होंगे।

कंपनी सबसे ज्यादा भीड़ के वक्त एक साथ 9 लाख ग्राहकों को संभाल सकेगी। मिंत्रा पर 17,000 से ज्यादा किराना पार्टनर्स का मेन्सा नेटवर्क पूरे देश में सुगम डिलीवरी संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मिंत्रा की सीईओ, नंदिता सिन्हा ने कहा, ''मिंत्रा के अग्रणी टेक इन्हेंसमेंट्स और फीचर्स द्वारा हम ग्राहकों के हर वर्ग, चाहे जैनजी हो या मिलेनियल्स या फिर टियर 2 और 3 शहरों से हमारे ग्राहक या फिर सौंदर्य प्रसाधन सामग्री के चाहने वाले, हर तरह के ग्राहकों को हम अतुलनीय ऑफर और बेहतरीन शॉपिंग का अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारी ईओआरएस फिल्म्स में शाहरुख खान जैसे सुपरस्टार्स की मौजूदगी विभिन्न आयु समूह और क्षेत्रों में इस शॉपिंग महोत्सव की ओर रूझान को बढ़ाती है।'' ईओआरएस 18 में उपभोक्ताओं का ज्यादा रूझान मेन्स कैज़्युअल वियर, वीमेंस एथनिक, वीमेंस वेस्टर्न वियर, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर, वॉच एवं वियरेबल्स, होम एवं फर्निशिंग, समर एसेंशल्स, वर्क वियर और किड्स वियर की ओर होने की उम्मीद है।

## सीईओ, नंदिता सिन्हा ने कहा, ''ईओआरएस फिल्म्स में सुपर स्टार्स की मौजूदगी शॉपिंग महोत्सव में लुभाएगी।''

इस प्लेटफॉर्म ने स्पोर्ट्स फुटवियर, होम एवं फर्निशिंग और एक्सेसरीज जैसी श्रेणियों का विस्तार किया है ताकि ग्राहक लाईफस्टाईल के क्षेत्र में नए सलेक्शन खोज सकें।

ईओआरएस स्पेशल्स के अंतर्गत, मिंत्रा ने ईओआरएस से पहले अपने कलेक्शन में कन्वर्स फुटवियर शामिल किया है, और नाईक जॉर्डन्स, एयर फोर्स, एवं डंक्स के कलेक्शन बढ़ाए हैं। ग्राहक अब अद्वितीय सेलिब्रिटी लाईन जैसे प्यूमा एक्स अनुष्का, क्लब ओरिजनल्स, तापसी एक्स रीबॉक, और प्यूमा कलर ब्लॉक्ड स्टाईल भी खरीद सकेंगे। इसके अलावा मिंत्रा के ट्रेंडी सलेक्शन में फकक, बेबे, केनेथ कोल, और बूहूमैन जैसे ब्रांड हैं, जो फैशनप्रेमी ग्राहकों का दिल जीत लेंगे। ग्राहकों को लुभाने के लिए हाउस ऑफ ब्रांड्स से कुछ घरेलू ब्रांड्स में एचआरएक्स, एनूक और रोडस्टर आदि शामिल हैं।

होम सेक्शन में दो लाख से ज्यादा स्टाईल्स के साथ ईओआरएस में ग्राहकों को होम फर्निशिंग, किचन, और डेकोर में स्पेसेज़, ट्राईडेंट, डी डेकोर, रेमंड, मिल्टन, सैलो, वंडरशेफ, होम सेंटर, एचएंडएम, होमटाउन, मार्क्स एंड स्पेंसर, जेसी कलेक्शन आदि जैसे अग्रणी ब्रांड्स के सर्वश्रेष्ठ कलेक्शन उपलब्ध होंगे। ईओआरएस 18 में वॉच और वियरेबल्स श्रेणी में 300 से ज्यादा अग्रणी ग्लोबल, घरेलू और फैशन ब्रांड्स के 20,000 से ज्यादा उत्पाद मिलेंगे।

# छह युवकों ने व्यक्ति को लाठी से पीटते-पीटते किया बेहोश

**सोहना।** सदर थाना के गांव खेड़ला निवासी को स्थानीय निवासी छह युवकों ने बिना किसी कारण के लाठी से पीटते-पीटते हुए बेहोश कर दिया। होश आने पर घर पहुंचे व्यक्ति को परिजनों ने अस्पताल में दाखिल कराया। पीड़ित द्वारा मारपीट के नौ दिन बाद दी शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। खेड़ला निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि 22 मई की सुबह साढ़े चार बजे वह अपने कुत्ता को लोहे की बेल में बांधकर सड़क पर घुमा रहा था। आवारा कुत्तों से सुरक्षा के उद्देश्य से वह अपने साथ लाठी लेकर गया था।

सड़क पर गांव के ही निवासी अजय, हनी, टपली उर्फ प्रवीन, आकाश, सतबीर उर्फ पीले व भूरा बैठे हुए थे। जब वह उनके पास से कुत्ता को लेकर निकल रहा था। तभी सभी आरोपी उसके सामने खड़े हो गए और गालियां देने लगे। इसी तू तड़ाक होने आरोपियों ने उसकी लाठी को छिन लिया। उसी लाठी से उसे पीटना शुरु कर दिया। आरोपी जब तक लाठी से उसके ऊपर वार करते रहे। जब तक वह बेहोश होकर जमीन पर गिर न गया।

# अमेजन इंडिया को सबसे अधिक मांग गद्दों को अपग्रेड करने के लिए देखने को मिली है : केएन श्रीकांत, डायरेक्टर, ओएचएल, अमेजन इंडिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**1. हमें अमेजन इंडिया के होम, किचन और आउटडोर बिजनेस के बारे में बताइए?**

अमेजन इंडिया में होम, किचन और आउटडोर हमारे सबसे तेजी से विकसित होते बिजनेस में से एक हैं। ये बिजनेस कैटेगरी ग्राहकों को किचन एप्लायंसेस, फर्नीचर, होम डेकोर, बाथरूम फर्टिंग्स, स्पोर्ट्स और गार्डनिंग इक्विपमेंट जैसे कई तरह के उत्पाद उपलब्ध कराकर दैनिक जीवन के आसान कामों को पूरा करने में मदद करती है। इस कैटेगरी में हमारे पास 2 लाख से ज्यादा विक्रेता हैं, जो 12.8 लाख से अधिक ब्रांड्स के 22.4 करोड़ से ज्यादा उत्पादों के विस्तृत चयन की पेशकश करते हैं।

**2. Amazon.in ग्राहकों को होम, किचन और आउटडोर कैटेगरी के उत्पाद खरीदने के लिए कौन सी अनूठी पेशकश कर रहा है?**

Amazon.in अपने क्वालिटी वेरीफाइड प्रोग्राम के जरिय अपने ग्राहकों को विश्वसनीय फर्नीचर ओर गद्दे आसानी से खरदीने की सुविधा प्रदान करता है। यह कार्यक्रम 3पी, जो हैं एनएबीएल प्रमाणि प्रयोगशालाएं, कारीगरी, उत्पाद कार्यक्षमता और मजबूती आदि जैसे 20 से ज्यादा क्वालिटी पैरामीटर्स से गुजरते हैं, के जरिय गुणवत्ता आश्वासन के साथ एक चिंता मुक्त खरीदारी की पेशकश करता है। ग्राहक इस कार्यक्रम के तहत न्यूनतम एक साल की वारंटी का अतिरिक्त लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनकी खरीदारी में और अधिक मूल्य जुड़ जाता है।

होम इम्प्रूवमेंट कैटेगरी में किचन और बाथ फिटिंग्स का तेजी से विकास हो रहा है। हमारे पोर्टफोलियो में अब बाथ फिटिंग्स (नल, शावर, मिक्सर, डायवर्टर, सिस्टर्न टैंक, टॉयलेट सीट, वाल्व), सेनेटरीवेयर (टॉयलेट बाउल, बेसिन) और बाथ एक्सेसरीज (टॉवेल होल्डर, टॉवल बार, शेल्फ, मिरर, वैनिटी, टॉयलेट पेपर होल्डर, सॉप डिस्पेंसर) की पूरी रेंज ग्राहकों के चयन के लिए अमेजन पर उपलब्ध है।

खरीदारी के बाद परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, Amazon.in सभी पात्र उत्पादों के लिए देश भर में मुफ्त फर्नीचर इंस्टॉलेशन/वर्चुअल डिमॉन्स्ट्रेशन की पेशकश करता है। ग्राहक असाधारण मूल्य वर्धित सेवाओं का भी लाभ उठा सकते हैं, यह केवल यहीं तक सीमित नहीं है इसमें विस्तारित वारंटी, फर्नीचर रखरखाव योजना और आसान वारंटी दावा शामिल हैं। पंखा, इन्वर्टर, वाटर प्यूरीफायर और वाटर हीटर जैसे कई उपकरण इंस्टॉलेशन पर निर्भर हैं। एक सहज ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, अमेजन इन उत्पादों पर ब्रांड संचालित या इन हाउस इंस्टॉलेशन सेवाएं प्रदान करता है। हमने गजेबो/कैनोपी, आउटडोर स्विमिंग पूल और गार्डन/प्रमोशनल अम्ब्रेला जैसी नई आउटडोर कैटेगरी में दिलचस्पी को बढ़ता हुआ देखा है। हाल ही में, हमने लॉन और गार्डन के लिए ब्रांड पोर्टफोलियो का और विस्तार किया है और उगाओ (ugaoo) जैसे शीर्ष डी2सी ब्रांड को शामिल किया है।



**3. फर्नीचर कैटेगरी के मामले में Amazon.in पर देखे गए कुछ दिलचस्प उपभोक्ता रुझान हमारे साथ साझा करें?**

Amazon.in पर प्रीमियम फर्नीचर सेगमेंट कैसा प्रदर्शन कर रहा है? डिजिटल तरीके से फर्नीचर खरीदारी के साथ, फर्नीचर जैसे उच्च विचार वाले उत्पादों (आमतौर पर 8 हजार रुपए से अधिक औसत बिक्री मूल्य) के लिए एक सहज ऑनलाइन खरीदारी अनुभव प्रदान करने की आवश्यकता बढ़ गई है। फर्नीचर कैटेगरी (सोफा, वार्डरोब, रेक्लाइनर और बेड) आश्चर्यजनक रूप से साल दर साल 1.3 गुना की रफ्तार से बढ़ रही है, जहां ग्राहक बेस्ट डील और छूट चाहते हैं। इसके अलावा, हम ऑफिस फर्नीचर में नए चलन के रूप में गेमिंग कुर्सियों की मांग को 1.2 गुना सालाना बढ़ते हुए देख रहे हें।चूंकि ग्राहक अच्छे गद्दे के महत्व को समझ रहे हैं, इसलिए बड़े और आरामदेह गद्दे की मांग बढ़ रही है; टियर 2 और टियर 3 शहरों में गद्दों को अपग्रेड करने की सबसे अधिक मांग है।

# बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए लगाई जा रही हैं हॉबी क्लास

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बाल भवन में ग्रीष्म अवकाश के दौरान शाम को दो घंटे कराई जा रहीं अनेक गतिविधियां**

**एनआईटी** स्थित बाल भवन में गर्मी की छुट्टियों के दौरान हॉबी क्लास लगाई जा रही हैं। यह कक्षाएं जिला बाल कल्याण परिषद की तरफ से चलाई जा रही हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी सुंदर लाल खत्री ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और नई चीजों को सीखने की जिज्ञासा के लिए इन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इन कक्षाओं में छात्राओं को ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, जूडो कराटे, सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण, स्केटिंग व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण और योगा कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। यह कक्षाएं शाम चार बजे से छह बजे तक चलाई जाती हैं। इसके लिए जिले के छात्र बाल भवन से ही अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बच्चों की कला को निखारने के उद्देश्य से रुचिकर कक्षाएं शुरू की गई हैं।


विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते बच्चे।

छुट्टियों के रंग बच्चों के संग कार्यक्रम में छह से 18 वर्ष तक के बच्चों की प्रतिभा को निखारने का मौका दिया जा रहा है। बाल भवन में चल रहीं इन गतिविधियों में लगभग 50 बच्चे अलग-अलग विधाओं की कला सीख रहे हैं। बच्चों को कोरियोग्राफर अनिल ठाकुर, जूडो-कराटे प्रशिक्षक दुर्गा प्रसाद शर्मा, आर्ट एंड क्राफ्ट की प्रशिक्षक कंवलजीत तथा स्केटिंग का प्रशिक्षण आशा दे रही हैं।

> “ **जिला** उपायुक्त के आदेशानुसार अभी यह कक्षाएं डेढ़ महीने तक चलेंगी। इसके बाद भी अगर बच्चों ने कक्षाओं में रुचि दिखाई तो इन कक्षाओं को आगे बढ़ाया जा सकता है। अभिभावक बच्चों की कला निखारने पर ध्यान दें। इच्छुक लोग बाल कल्याण परिषद कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।
>
> 
>
> **सुंदरलाल खत्री, जिला बाल कल्याण अधिकारी**

# पपला गुर्जर व जसराम गैंग को करते थे हथियार सप्लाई, तीन दबोचे

**राजस्थान में सरपंच को मारने का था प्लान**

**पपला गैंग ने हरियाणा व राजस्थान में हत्या सहित कई संगीन अपराधों को दिया है अंजाम**

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल


पुलिस द्वारा अवैध हथियार सहित पकड़े गए आरोपी।

**डिटेक्टिव** स्टाफ ने हथियार सप्लाई करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पपला गुर्जर व जसराम गैंग को हथियार सप्लाई करने वाले तीन आरोपियों को दबोचा है। डिटेक्टिव स्टाफ पलवल प्रभारी हनीश खान ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी।

हनीश खान के अनुसार टीम ने सूचना पर टोंका नहर पुल पर नाकाबंदी करते हुए राजस्थान नंबर की बाइक पर तीन युवक मोनू निवासी खरथल मंडी हाल गुत्ती थाना बहरोड जिला अलवर राजस्थान, बीच में बैठे नरेंद्र उर्फ लाल निवासी जैनपुर बांस थाना बहरोड जिला अलवर राजस्थान एवं सबसे पीछे बैठे मंजीत उर्फ ऋषि निवासी गुती थाना बहरोड जिला अलवर राजस्थान को काबू किया था। नरेंद्र की पीठ पर लटके हुऐ काले बैग की तलाशी में तीन देशी कट्टा व तीन कारतूस जिंदा, मोनू की तलाशी में दो जिंदा राउंड एवं आरोपी मंजीत की तलाशी में दो जिंदा रोंद बरामद हुए।

गहन पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके द्वारा अवैध हथियार गांव भंडीयारा राजस्थान से लाए गए हैं, जिन्हें हथियारों की डिमांड पर सप्लाई करना था, लेकिन पुलिस की कार्रवाई ने अवैध हथियारों की सप्लाई के मंसूबों पर पानी फेर दिया। डीएसपी ने बताया कि बरामद अवैध हथियार के स्रोत व नेटवर्क का पता लगाने के लिये आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से दो अवैध हथियार बरामद हुए। गहन पूछताछ में आरोपियों ने ये हथियार विक्रम उर्फ पपला गुर्जर गैंग एवं उसके साथी जसराम गैंग को सप्लाई करना बताया, जिन्हें पपला गैंग द्वारा आपराधिक वारदातों में इस्तेमाल किया जाना था। इससे पूर्व भी समय-समय पर उनके द्वारा अवैध हथियार मुहैया कराना सामने आया है। डीएसपी के मुताबिक अपराधिक रिकॉर्ड में पपला गुर्जर पर हरियाणा के महेंद्रगढ, नारनौल, नांगल चौधरी तथा बहरोड राजस्थान में विभिन्न थानों में हत्या, जानलेवा हमला, चोरी, अवैध हथियार रखना, प्रिसन एक्ट के 17 संगीन मामले दर्ज होने पाए गए हैं। इसके अलावा यह भी सामने आया है कि आरोपी नरेंद्र से बरामद हथियार द्वारा अपने गांव के सरपंच को मारने की भी योजना बनाई हुई थी। इस गैंग में करीब 40 गुर्गे शामिल हैं। जिन के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश जा रही है। नेटवर्क से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। तीनों गिरफ्तार आरोपियों की गिरफतारी की सूचना संबंधित थानों को अलग से दी गई है। आरोपियों को पेश अदालत किया गया।

# पीएम वाणी के तहत पाएं फ्री वाई-फाई के साथ रोजगार और स्वरोजगार


पीएम वाणी फ्री वाई-फाई योजना का शुभारंभ करते विधायक।

**फरीदाबाद।** जिले के सबसे बड़े गांव तिगांव में बुधवार को पीएम वाणी के तहत फ्री वाई-फाई योजना का शुभारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ तिगांव क्षेत्र के विधायक राजेश नागर ने रिबन काटकर किया। तिगांव में रवि नागर की ओर से शुरू की गई इस योजना के बारे में राजेश नागर ने कहा कि देश तरक्की की रफ्तार पकड़कर आगे बढ़ रहा है और टेक्नोलॉजी भी दिन प्रतिदिन अपनी रूपरेखा बदलती जा रही है। ऐसे में देश के सभी सार्वजनिक स्थानों पर वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराने वाली प्रधानमंत्री वाईफाई एक्सेस नेटवर्क इनिशिएटिव योजना के तहत तिगांव में इस केंद्र की शुरूआत हुई है। पीएम वाणी के सह संस्थापक गौरव सिंह ने बताया कि लोग वाई फाई सेंटर एवं डाटा केंद्र की शुरुआत कर इसे रोजगार और स्वरोजगार का साधन बना सकते हैं। राशन की दुकान पर सस्ते गेहूं-चावल के साथ ही अब सस्ता इंटरनेट भी मिलेगा। दुकानदार बाहरी व्यक्ति को वाईफाई की सुविधा देकर प्रति व्यक्ति से रोजाना पांच रुपये के हिसाब से शुल्क लेगा। घनी आबादी वाले और दूर दराज के इलाके में यह योजना विक्रेताओं के लिए लाभकारी होगी। पीएम वाणी योजना का मुख्य उद्देश्य सभी सार्वजनिक स्थलों पर वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध करवाना है। इस योजना से अब पूरे देश के प्रत्येक नागरिक इंटरनेट से कनेक्ट किया जाएगा। जिससे वह बहुत सारी ऑनलाइन सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना के अंतर्गत इंटरनेट की सुविधा देने के लिए सार्वजनिक डाटा कार्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क को सार्वजनिक डाटा कार्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा। यह सार्वजनिक डाटा कार्यालय पूरे देश में स्थापित किए जा रहे हैं। योजना के तहत दुकानों से 200 मीटर की परिधि में जितने भी नागरिक आते हैं, उन्हें इस योजना का लाभ मिल पाएगा। इस अवसर पर ऑल इंडिया कॉर्डिनेटर ओमप्रकाश सिंह, सरपंच विक्रम प्रताप सिंह, पूर्व पार्षद राजेश तंवर, दयानंद नागर, सुंदर नागर, रोहित नागर सहित अन्य मौजूद रहे।

# सुधा रुस्तगी कॉलेज में तंबाकू निषेध दिवस मनाया



**फरीदाबाद।** मौखिक स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता का एक प्रमुख संकेतक है। तंबाकू का सेवन मौखिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। तंबाकू पर निर्भरता प्रमुख मौखिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे मसूढ़े के रोग और मौखिक कैंसर का कारण बन सकती है। जो समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रस्तावित विषय के अनुसार खाना उगाओ, तंबाकू नहीं सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदाबाद ने परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कर्मचारियों को तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभाव और पौष्टिक आहार लेने के महत्व के बारे में बताया। आम जनता को मौखिक स्वास्थ्य शिक्षा सामग्री भी प्रदान की गई। धरमवीर गुप्ता अध्यक्ष, दीपक गुप्ता सचिव, डॉ. सीएम मढ़िया प्रिंसिपल और डॉ. विशाल जुनेजा सीईओ के मार्गदर्शन में जनस्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

# मानव रचना में नशामुक्ति स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**100 से अधिक सहायक कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत परामर्श कार्यक्रम और स्मोकराइजर परीक्षण**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ सदस्य।

**मानव** रचना डेंटल कॉलेज में टोबैको सेसेशन सेंटर डिपार्टमेंट ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के तहत विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवलोकन में दुनिया भर के स्वास्थ्य पेशेवर शामिल हुए।

शिविर का उद्देश्य तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना और तंबाकू समाप्ति के लिए व्यक्तिगत परामर्श कार्यक्रम प्रदान करना था। इस आयोजन की प्रमुख विशेषताओं में से एक स्मोकराइजर परीक्षण था, जिसने प्रतिभागियों को अपने शरीर में कार्बन मोनोऑक्साइड के स्तर को नापने की अनुमति दी। जिससे उन्हें धूम्रपान से होने वाले नुकसान की वास्तविक समय की समझ मिली। शिविर में कुल 102 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसमें 77 पुरुष और 25 महिलाएं शामिल थीं। धूम्रपान करने वाले परीक्षण ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, कई प्रतिभागियों को बाद में तंबाकू समाप्ति केंद्र में अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. एनसी वाधवा, महानिदेशक, एमआरईआई, डॉ. संजय श्रीवास्तव, वीसी, एमआरआईआईआरएस, डॉ. पुनीत बत्रा, प्रिंसिपल एमआरडीसी, लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) आरके आनंद, महानिदेशक, एमआरआईआईआरएस, ब्रिगेडियर विजय कुमार आनंद ने शिविर की शोभा बढ़ाई और सहायक कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विश्व तंबाकू निषेध दिवस के महत्व पर जोर दिया। तंबाकू नियंत्रण के उद्देश्य पर एक नुक्कड़ नाटक ने दर्शकों को अच्छी तरह से जोड़ा और बहुत आवश्यक जागरूकता पैदा की। रेडियो मानव रचना 107.8 एफएम पर तंबाकू नियंत्रण पर एक जागरूकता वार्ता का सीधा प्रसारण भी किया गया। डॉ. मीना जैन के नेतृत्व में जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग ने तंबाकू मुक्त मानव रचना नामक एक अभियान चलाया। जिसमें सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम की धारा 4 और 6 को लागू करने की पहल की गई।

# छात्रों को अंग्रेजी भाषा में पारंगत करेगी ब्रिटिश काउंसिल

**श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और ब्रिटिश काउंसिल के बीच हुआ एमओयू**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


एमओयू का आदान प्रदान करते श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के प्रो. आरएस राठौड़ और ब्रिटिश काउंसिल के मैनेजिंग डायरेक्टर डंकन विल्सन।

**श्रीविश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय और ब्रिटिश काउंसिल के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन हुआ है। विद्यार्थियों को अंग्रेजी के माध्यम से रोजगार के क्षेत्र में सक्षम बनाना इसका सबसे बड़ा उद्देश्य है। ब्रिटिश काउंसिल अंग्रेजी में महारत के लिए जानी जाती है। इस एमओयू हस्तांतरण के दौरान श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. आरएस राठौड़ और ब्रिटिश काउंसिल की तरफ से मैनेजिंग डायरेक्टर डंकन विल्सन मौजूद रहे।

श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय भाषाई कोर्स के ऊपर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है और इसमें दुनिया भर में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली अंग्रेजी महत्वपूर्ण है। ब्रिटिश काउंसिल इंग्लिश भाषा के पेशेवर प्रशिक्षण के लिए विख्यात है। अब ब्रिटिश काउंसिल श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर विद्यार्थियों को अंग्रेजी में पारंगत करेगी। इसी उद्देश्य के साथ यह एमओयू किया गया है।

ब्रिटिश काउंसिल इंग्लिश ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों की सामाजिक एवं पेशेवर उन्नति के लिए अपने कौशल का योगदान देगी। ब्रिटिश काउंसिल के मैनेजिंग डायरेक्टर डंकन विल्सन ने बताया कि ब्रिटिश काउंसिल ने अभी तक चार लाख से भी ज्यादा लोगों को 47 देशों में अंग्रेजी का प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इस कोर्स के माध्यम से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को अंग्रेजी में सक्षम और निपुण बनाया जाएगा। प्रो. आरएस राठौड़ ने कहा कि भाषा व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ पेशेवर उन्नति में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंग्रेजी का पूरी दुनिया में प्रसार है और इसके माध्यम से विद्यार्थी अपने करियर को और अधिक सुदृढ़ बना सकते हैं। इसी उद्देश्य के साथ श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय अपने परिसर में अंग्रेजी, जर्मन और जापानी भाषा के कोर्स चला रही है। अब ब्रिटिश काउंसिल के साथ जुड़ने के बाद अंग्रेजी के भाषाई कोर्स में और अधिक गुणवत्ता आएगी।

डंकन विल्सन ने बताया कि ब्रिटिश काउंसिल का विश्वसनीय मूल्यांकन समाधान एप्टीस पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। इसे कॉमन यूरोपियन फ्रेमवर्क ऑफ रेफरेंस में मैप किया गया है। यह परीक्षण ब्रिटिश काउंसिल के मूल्यांकन विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है। इस अवसर पर ब्रिटिश काउंसिल की ओर से तानिया सभरवाल, कपिल मित्तल, अंकित वर्मा और श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की ओर से संयुक्त निदेशक विनीत सूरी, सहायक उप निदेशक डॉ. नीता सिंह और डॉ. नकुल सिंह मौजूद थे।

# तीन जून को धूमधाम से मनेगा सांवरिया सरकार का वार्षिकोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सांवरिया** सरकार परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा तीसरा श्रीश्याम वार्षिकोत्सव तीन जून को अग्रवाल कॉलेज तिगांव रोड में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम से एक दिन पहले संस्था के द्वारा सभी श्रीश्याम प्रेमियों के साथ मिलकर श्रीश्याम प्रभु की विशाल निशान यात्रा दो जून को पथवारी मंदिर से मुख्य बाजारों से निकालकर उत्सव स्थल तक जायेगी।

इस कार्यक्रम की ज्यादा जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान सेतु मित्तल ने बताया कि इस श्याम बाबा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भव्य दरबार, पुष्प वर्षा, 56 भोग, श्याम रसोई, बाबा का मनोहरी श्रृंगार और अखंड ज्योति मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बाबा के प्रेमियों को बाबा के लिए अधिष्ठा, अनुष्का, मध्य प्रदेश से शुभम, रूपम कोलकाता, आयुष सोमानी जयपुर, मनीष श्याम लाडला फरीदाबाद, सोनू सांवरिया सोनीपत, नितिन श्याम दीवाना फरीदाबाद से बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन सुशील गौतम करेंगे। श्रीश्याम वार्षिकोत्सव में राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियां व महारास विक्की सुनेजा द्वारा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस महोत्सव के दौरान महामंडलेश्वर महंत भैया जी महाराज का पावन सानिध्य भक्तों को प्राप्त होगा। श्रीश्याम वार्षिक उत्सव के दौरान श्याम प्रभु की कृपा से इस संकीर्तन में आए भक्तों को लकी ड्रॉ के माध्यम से चांदी का निशान उपहार स्वरूप दिया जाएगा।

आयोजन में सांवरिया सरकार परिवार सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड के पदाधिकारी कपिल मित्तल, गुलशन मित्तल, कुणाल वैष्णव, राम शर्मा, दीपांशु गुप्ता, पुनीत गोयल, मनीष गर्ग, आकाश गुप्ता, श्यामसुंदर मित्तल, विकास गुप्ता, कृष्ण मित्तल, नितिन अग्रवाल, सुनील चौहान, नरेंद्र मित्तल, नमन सिंगला आदि लोगों का सहयोग रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीजेएम सुकीर्ति गोयल ने किया बाल सुधार गृह का निरीक्षण



**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के दिशानिर्देश अनुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल ने बाल सुधार गृह व प्लेस ऑफ सेफ्टी एनआईटी फरीदाबाद का निरीक्षण किया। उन्होंने बाल सुधार गृह के किचन का निरीक्षण किया गया, जो ठीक पाया गया। इसके साथ साथ शिकायत बॉक्स को भी खोला गया ,जिसमें कोई शिकायत पत्र नहीं मिला। सीजेएम बाल सुधार गृह में रह रहे 68 किशोरों और प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे 152 किशोरों से रूबरू हुईं। उन्होंने उनकी समस्याओं को जाना और उनका समाधान करने के बारे में अधिकारियों को दिशानिर्देश भी दिए। सीजेएम ने साथ ही किशोरों से कहा कि यदि उन्हें अलग से कोई अपनी समस्या बतानी है तो वे भी बता सकता हैं। लेकिन किसी किशोर ने कोई समस्या नहीं बताई। सुकीर्ति गोयल ने कहा कि जाने अनजाने में जो किशोर यहां आ गया है। वह अपने को सुधारकर समाज में जाकर मुख्यधारा से जुड़ सकता है। इस अवसर पर सुपरिटेंडेंट चंद्रपाल, ऑफिस इंचार्ज प्रमोद शर्मा, पैनल अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र गौतम भी मौजूद रहे।

### जन्मदिन की पार्टी में हलवाई को गोली मारी, मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** जन्मदिन की पार्टी में लोगों के लिए खाने का इंतजाम करने आए हलवाई को एक युवक ने गोली मार दी। घायलावस्था में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके बयान पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव रजापुर राघव डेयरी शास्त्रीनगर गाजियाबाद निवासी प्रवेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह हलवाई का काम करता है। बुधवार को उसने व साथी मनोज ने सैनिक फार्म अमीपुर तिगांव में जन्मदिन पार्टी का काम लिया हुआ था। उसने सुबह से करीब 11 बजे सैनिक फार्म हाउस पर खाना बनाने का काम शुरू कर दिया था और शाम तक पार्टी में आए लोग खाना खा रहे थे। उसी समय एक संजय नाम का युवक जो केयर टेकर का काम करता है, खाना लेने के लिए आया। उसने कहा कि 10 से 12 आदमी का खाना पैक कर दे। हलवाई ने उसी समय सब्जी आदि पैक कर दी थी और रोटी के लिए कहा कि तंदूर गरम होते ही आपको रोटी दे देंगे। इसी बात को लेकर उसके साथ गाली-गलौज की और अपनी जेब से पिस्तौल निकाली व उसपर सीधे दो फायर कर दिए। जिसमें वह बच गया। इसके बाद उसने फिर उस पर फायर किया और गोली दाहिने पैर में लगी। हलवाई के शोर मचाने पर वह गाड़ी लेकर भाग गया। लोगों ने हलवाई को इलाज के लिए नोएडा के निजी अस्पताल में दाखिल कराया।

### सीहा के स्कूल में फन कैंप फूड प्लाजा प्रतियोगिता आयोजित



**पलवल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में फन कैंप के अंतर्गत फूड प्लाजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्रधानाचार्य दीपिका द्वारा की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पर प्रतियोगिता के कोऑर्डिनेटर डीओसी योगेश सौरोत ने बताया कि विद्यार्थियों को व्यवसाय कौशल, सृजनात्मक और व्यवहारिक ज्ञान कराने के लिए चार ग्रुप में फूड प्लाजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें लक्ष्मीबाई ग्रुप ने प्रथम, कल्पना चावला ग्रुप ने द्वितीय, चंद्रशेखर ग्रुप ने तृतीय तथा भगत सिंह ग्रुप ने चतुर्थ स्थान प्राप्त करके अपने कौशल का परिचय दिया है। सभी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा निश्चित तौर पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। विद्यार्थियों ने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति को प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर अभिभावक-अध्यापक मीटिंग के अंतर्गत आए हुए अभिभावकों ने व्यंजन चखते हुए विद्यार्थियों के कार्य की सराहना की। निर्णायक मंडल की भूमिका राजकुमार, रामगोपाल, जोगिंदर, समय सिंह, मान सिंह, रामेश्वर, श्री कृष्ण, देवेंद्र, दिनेश, करतार तथा जसराम द्वारा निभाई गई।

### सेक्टर-10 में खाली प्लॉटों में कूड़े के ढेर से पनप रहीं बीमारियां




**फरीदाबाद।** सेक्टर-10 में खाली प्लॉट होने की वजह से उसमें ट्रकों से शहर का कूड़ा कचरा डाला जा रहा है। जिसकी वजह से इन रिहायशी प्लॉटों में कूड़े के ढेर लग गये हैं। इसकी बदबू आसपास के लोगों को परेशान कर रही है। सेक्टर वासियों ने इसकी सूचना स्थानीय पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला व वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ को दी। जिन्होंने मौके पर जाकर देखा कि ट्रकों से वहां कूड़ा डाला जा रहा है। उन्हें देखकर ट्रक चालक दूर से ही अस्पताल की तरफ ट्रक को ले भागा। उन्होंने बताया कि कूड़े के ढेर से अनेक बीमारियां फैलने का खतरा बन गया है। जबकि इन प्लॉटों के पास बड़ा अस्पताल स्थित है। ये कूड़े कचरे के ढेर, प्रशासन की नाक के नीचे डाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन रिहायशी खुले प्लॉटों में कई बार लोग शौच करते देखे जा सकते हैं। शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि जल्द ही ये मुद्दा ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में रखा जाएगा और इस पर पूर्णतया पाबंदी लगाने के लिए मांग की जाएगी। जो लोग वहां गंदगी डाल रहे हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही ब्लॉक डी-2 के निवासियों की बैठक बुलाई जायेगी। जिसमें सभी प्लॉटों के मालिकों से कहा जायेगा कि वो प्लॉटों की चारदीवारी करें, जिसकी वजह से इनमें कूड़ा न डाला जाए।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**पलवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल भिजवाया और पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को दे दिया। मृतक के पुत्र की शिकायत पर ट्रैक्टर के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन कुमार के अनुसार, कोट मोहल्ला पलवल निवासी दिनेश कुमार ने शिकायत दी है। दिनेश ने बताया कि उसके पिता कमल सिंह किसी निजी काम से होडल गए थे। जब होडल से वापस पलवल की तरफ आ रहे थे तो राजमार्ग पर बंचारी गांव के पास फ्लाईओवर से गुजरे। इस दौरान दिल्ली की तरफ से ट्रैक्टर लेकर आ रहे चालक ने लापरवाही से ड्राइविंग करते हुए पिता की बाइक पर सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पिता उछलकर सड़क पर गिर गए और सिर में चोट लगने की वजह से उनकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर लेकर आरोपी फरार हो गया। दिनेश के अनुसार हादसे की सूचना लोगों ने पुलिस को दी।

# राहुल गांधी
## बड़बोली आदत

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने बड़बोली आदत दिखाते हुए विदेशी धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मजाक उड़ाने का काम फिर किया है। अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को में प्रवासी भारतीयों की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने मोदी का यह कह कर मजाक उड़ाया कि वे अपने को 'सर्वज्ञानी' की तरह पेश करते हैं। वास्तव में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सर्वोच्च नेताओं का मजाक उड़ाते हुए कहा कि उनको अपने ज्ञान के बारे में भ्रम है। उन्होंने कहा, 'भारत में कुछ लोग सोचते हैं कि वे सब कुछ जानते हैं। यदि उनका ईश्वर से संवाद हो जाए तो वे उनको भी समझा देंगे।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि 'प्रधानमंत्री उनमें से एक हैं।' भाजपा नेताओं की निन्दा करते हुए राहुल ने आगे कहा, 'वे वैज्ञानिकों से बात कर उनको विज्ञान समझा सकते हैं। वे इतिहासकारों को इतिहास, सेना को युद्धकला तथा वायुसेना को उड़ानों के बारे में समझा सकते हैं। लेकिन असलियत है कि वे कुछ नहीं जानते हैं।' हालांकि, व्यंग्यात्मक आलोचना प्रभावी हो सकती है, पर राहुल गांधी इससे बहुत आगे निकल गए हैं। उन्होंने दावा किया कि 'राजनीति करने के सामान्य तरीके अब कारगर नहीं रह गए हैं।' उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह लोगों को डरा रही है और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों को लगा रही है। लेकिन भारत में कानून लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा विपक्ष को उत्पीड़ित करने के आरोप पहले भी लगते रहे हैं और वर्तमान अवस्थापना इसका अपवाद नहीं है। लेकिन क्या विदेशों में हमें अपने देश की कमियां गिनाना



जरूरी है? भारत में भले ही प्रशासन व अनेक अन्य आयामों में अनेक कमियां हों, पर किसी वरिष्ठ विपक्षी नेता द्वारा अमेरिका में इनके प्रचार को किसी प्रकार सही नहीं ठहराया जा सकता है। राहुल को भले ही इससे थोड़ा राजनीतिक लाभ मिल जाए, पर इससे दुनिया में भारत की छवि निश्चित रूप से खराब होगी।

इस दृष्टिकोण से राहुल की टिप्पणियों पर भाजपा की तीखी प्रतिक्रिया बिल्कुल ठीक है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'अपनी विदेश यात्राओं के दौरान राहुल गांधी भारत का अपमान करते हैं जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वे प्रधानमंत्री मोदी का अपमान करना चाहते हैं, पर अंतत: भारत की प्रगति पर सवाल उठा कर भारत का अपमान करते हैं। वे भारत की छवि ऐसे समय खराब करना चाहते हैं जब दुनिया हमारे बढ़ते हुए कद को स्वीकार कर रही है।' हालांकि, पहले भी विदेशों में कुछ नेता देश की विकास नीतियों की आलोचना करते रहे हैं, पर कोई राहुल गांधी के स्तर तक नीचे नहीं गिरा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के ही पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने तत्कालीन नेता विरोधी दल अटल बिहारी वाजपेयी को संयुक्त राष्ट्रसंघ में भारत का पक्ष रखने के लिए भेजा था और इसकी सारी दुनिया में प्रशंसा हुई थी। कुछ घटनाओं को सामान्य प्रवृत्ति की तरह पेश करने की राहुल की अतिरंजना को किसी प्रकार उचित नहीं ठहराया जा सकता है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि आज भारत उस ब्रिटेन को पीछे छोड़ कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जिसने हमारे देश पर लगभग 200 साल शासन किया था। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि देश की अधिकांश जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के प्रति चुनावों के माध्यम से अपना विश्वास व्यक्त किया है और उनकी लोकप्रियता दुनिया के अधिकांश राष्ट्राध्यक्षों व शासनाध्यक्षों से अधिक है। आज सारी दुनिया में भारत तथा विभिन्न देशों में कार्यरत प्रवासी भारतीयों का सम्मान पहले की तुलना में कई गुना बढ़ा है। ऐसे में राहुल गांधी विदेशों में अपनी बेतुकी व बड़बोली टिप्पणियों से देश के बजाय कांग्रेस की ही छवि खराब कर रहे हैं।

# दो हजार रुपये के नोट की वापसी

**दो हजार रुपये के नोट की वापसी से काला धन जमा करने वालों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वे अपनी पहचान छिपा कर इसे बदलने का प्रयास करेंगे।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)




भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये का नोट प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की। हालांकि, उसने यह भी कहा कि वे लीगल टेंडर बने रहेंगे। इस संबंध में जारी अधिघोषणा में कहा गया था, 'आरबीआई की क्लीन नोट नीति के अनुसार 2000 रुपये के नोट को प्रचलन से वापस लेने का निर्णय किया गया है। लेकिन 2000 रुपये के नोट लीगल टेंडर बने रहेंगे।'

उपरोक्त से प्रथमदृष्टया लगता है कि यह 6 साल पहले की गई नोटबंदी की तरह नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 दिसंबर, 2016 को घोषणा की थी कि 500 व 1000 रुपये के करेंसी नोट तत्काल प्रभाव से लीगल टेंडर नहीं रहेंगे। इस प्रकार वर्तमान आदेश नोटबंदी नहीं है। आरबीआई ने इसे केवल अपनी 'क्लीन नोट पालिसी' के अंतर्गत उठाया कदम बताया है। केन्द्रीय बैंक का तर्क है कि 2000 रुपये जैसे उच्च मूल्य के नोट सामान्य रूप से नकदी लेनदेन में प्रयोग नहीं होते हैं। लेकिन इसे 2016 में नोटबंदी के कारण लाया गया था क्योंकि बहुत कम समय में 500-1000 रुपये के नोटों का विकल्प देना था ताकि आर्थिक व्यवधान न्यूनतम किया जा सके। 2000 रुपये के प्रचलन वाले लगभग 90 प्रतिशत नोटों का कुल मूल्य 31 मार्च, 2018 को अपने शिखर समय में 673,000 करोड़ था जिनको 8 नवंबर, 2016 से 31 मार्च, 2017 के बीच जारी किया गया था। इस कदम के पीछे इरादा उनको वापस लेना था क्योंकि आरबीआई अर्थव्यवस्था की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए कम मूल्य वाले, जैसे 500 रुपये के नोट काफी संख्या में जारी कर चुका था।

वैसे भी 2000 रुपये के नोटों का प्रचलन 31 मार्च, 2018 को कुल प्रचलन का 37.3 प्रतिशत था जो 31 मार्च, 2023 को घट कर केवल 10.8 प्रतिशत या 362,000 करोड़ रह गया था। इसके प्रयोग का समय अनुमानत: 4-5 साल था तथा जनता की करेंसी आवश्यकता पूर्ति के लिए 500 रुपये के काफी नोट होने के कारण 2000 रुपये के नोटों की पूर्ण वापसी का निर्णय तार्किक लगता है। आरबीआई के सर्कुलर के अनुसार 23 मई, 2023 के बाद जनता 2000 रुपये के नोट अपने बैंक खातों में जमा कर सकती है या उनको अन्य मूल्य के नोटों से बदल सकती है। एक बार में 20,000 रुपये के मूल्य के दस नोट बैंकों में 30 सितंबर, 2023 तक जमा किए जा सकते हैं।

इन नोटों की बदली की सुविधा आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों-आरओ में दी गई है। इस प्रकार 2000 रुपये के नोट रखने वालों को उनसे मुक्ति पाने के लिए 131 दिन का समय दिया गया है जो 2016 में 500-1000 नोट रखने वालों को मिले 52 दिनों की तुलना में ढाई गुना अधिक है। दूसरा, 31 मार्च, 2023 को मूल्य के अनुसार 2000 रुपये के नोटों का हिस्सा प्रचलन में केवल 10.8 प्रतिशत था, जबकि 2016 में 500-1000 रुपये के नोटों का हिस्सा 86 प्रतिशत था। इस प्रकार इस बार व्यवस्था पर बोझ बहुत कम है। क्या यह एक रूटीन कदम है?

मूलभूत स्तर पर 2000 रुपये के नोटों की 'वापसी' की प्रक्रिया आरबीआई की आशा के अनुसार 30 सितंबर, 2023 को पूरी हो जाएगी। लेकिन इसके बावजूद उसने जोर दिया है कि ये 30 सितंबर के बाद भी लीगल टेंडर बने रहेंगे। उस परिदृश्य की कल्पना करें जब इस अंतिम सीमा तक बैंकों में सभी 2000 रुपये के नोट वापस आ जाएंगे, फिर ऐसे में इनके लीगल टेंडर बने रहने की बात निरर्थक है। इसे दूसरे दृष्टिकोण से भी देखा जाना चाहिए।

यदि इरादा 30 सितंबर, 2023 के बाद भी 2000 रुपये के नोटों का विधिक दर्जा बनाए रखने का है तो इसका अर्थ यह होगा कि उनको भुगतान करने में प्रयोग किया जा सकेगा। फिर ऐसे में इन नोटों के जमाखोर इनको बैंक खातों में जमा करने या बदलवाने के लिए सामने क्यों आएंगे। आरबीआई के इस कदम के पीछे असली इरादे को समझने के लिए हमें देखना होगा कि 31 मार्च, 2023 को 362,000 करोड़ मूल्य के 2000 रुपये वाले नोटों का क्या किया जाएगा।

क्या इनका उद्देश्य लोगों की वैध आर्थिक गतिविधियों में सहायता करना था या इनसे लोगों को अपनी अघोषित आय छिपाने का अवसर मिला था? पहले मामले में, आरबीआई ने 31 मार्च, 2017 के बाद मुख्यत: 500 रुपये के नोट जारी किए थे, ऐसे में 2000 रुपये के नोटों को अब तक गायब हो जाना चाहिए था। ऐसा लगता है कि इन नोटों का अधिकांश काले धन के रूप में रखा गया। प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा रोज मारे गए छापों में भारी संख्या में नोट संदिग्ध नौकरशाहों, राजनेताओं, बिजनेसमैनों, आदि से बरामद हुए हैं। दुर्भाग्य से आरबीआई सर्कुलर तथा बाद में गवर्नर तथा भारतीय स्टेट बैंक-एसबीआई जैसे सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी द्वारा दिए स्पष्टीकरणों से इस विभीषिका से निपटने में सहायता नहीं मिलती है।

आरबीआई ने किसी व्यक्ति को एक बार में 2000 के 10 नोट या 20,000 रुपये के नोट बैंक से बदलने की अनुमति दी है। हालांकि, नोटों की अदलाबदली में अपनी पहचान का साझा करने की जरूरत नहीं है। इसका अर्थ है कि कोई भी व्यक्ति दिन के किसी भी समय बैंक में जाकर उनको बदल सकता है। इस प्रकार उदाहरणार्थ दिन में 10 बार बैंक जाकर वह एक दिन में अपने 2 लाख रुपये के काले धन से मुक्ति पा सकता है। यदि यही प्रक्रिया 131 दिन तक दुहराई जाए तो वह 262 लाख रुपये के काले धन से मुक्ति पा सकता है। नोट बदली के समय पहचान प्रकट करने पर जोर न देने वाली ऐसी व्यवस्था से उदाहरणार्थ 2000 रुपये के नोटों में 100 करोड़ 'बिना हिसाब वाली नकदी' रखने वाला व्यक्ति इसके बदले 500-1000 रुपये के नोट प्राप्त कर सकता है। इसके लिए चार महीनों तक उसे किसी भी बैंक की शाखा में बार-बार जाना होगा। पहचान सुरक्षित रहने की स्थिति में वह ज्यादा सरल प्रक्रिया भी अपना सकता है।

वह इस बारे में किसी बैंक प्रबंधक से संपर्क कर 100 करोड़ रुपये बदलने के लिए षडयंत्र कर सकता है। ऐसे में बैंक मैनेजर को केवल अपने रिकार्ड में 20,000 रुपये मूल्य की अनेक इंट्रियां दिखानी भर होंगी। भारतीय रिजर्व बैंक के सर्कुलर में किसी व्यक्ति को अपने बैंक खाते में 2000 रुपये के नोट जमा करने की अनुमति दी गई है और इसकी कोई सीमा भी नहीं निर्धारित की गई है। हालांकि, एक निश्चित सीमा से अधिक धनराशि जमा करने की स्थिति में बैंक को यह सूचना आयकर विभाग को देनी होगी। बचत खाते में 2000 रुपये के नोट जमा करने के मामले में यह सीमा 10 लाख रुपये है। लेकिन कालाधन एकत्र करने वाले जमाखोर यह रास्ता नहीं पसंद करेंगे क्योंकि नोट बदलने का दूसरा सरल रास्ता खुला होगा। इस रास्ते के माध्यम से कालेधन के जमाखोर अपनी पहचान छिपा कर आराम से 2000 रुपये के नोट बदल सकेंगे।

कुल मिला कर कहा जाए तो भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई द्वारा 2000 रुपये की नोट वापसी की यह प्रक्रिया काले धन से मुकाबला करने के बजाय उल्टे काले धन के जमाखोरों को परोक्ष रूप से सुरक्षित क्षेत्र ही प्रदान कर देगी। ऐसे भ्रष्ट कालेधन के जमाखोर बिना अपनी पहचान प्रकट किए अवैध आमदनी वाले 2000 रुपयों के नोटों को 500 रुपये के नोटों में बदल लेंगे। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई तथा भारत सरकार को अपना रास्ता सुधारना चाहिए। पहला, उसे स्पष्ट रूप से घोषणा करनी चाहिए कि 1 अक्टूबर, 2023 के बाद से 2000 रुपये के नोट लीगल टेंडर नहीं रह जाएंगे। दूसरा, 2000 रुपये के हर लेनदेन के लिए बैंक को संबंधित व्यक्ति की पहचान उजागर करने पर जोर देना चाहिए, फिर चाहे यह पैन के माध्यम से हो या आधार के माध्यम से। तीसरा, 2000 रुपये के नोट खाते में जमा करने के मामलों में बैंकों को कठोरता से केवाईसी मानकों का पालन करना चाहिए।

# मैला ढोना एक अभिशाप

> इस खतरे को समाप्त करने के लिए सरकार को रोजगार के वैकल्पिक अवसर प्रदान करने चाहिए और मशीनीकृत सफाई तकनीकों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

**बिश्वजीत बनर्जी**
(लेखक, दि पायनियर लखनऊ के पॉलिटिकल एडिटर हैं)



मौत भेदभाव नहीं करती है, लेकिन व्यवस्था करती है, बहोरा रामनगर गांव में सामने आई एक भयानक घटना में अपने चचेरे भाई, नंद कुशवाहा और उनके बेटे नितेश को खोने वाली एक दुखी रिश्तेदार रुक्मणी देवी ने कहा। मैला ढोने की पुरातन और अमानवीय प्रथा के शिकार सभी लोगों ने चार लोगों की जान जाने का शोक मनाया है। रविवार की एक उदास सुबह, उस समय त्रासदी हुई जब ये बहादुर आत्माएं एक सेप्टिक टैंक में उतर गईं, इस बात से अनजान कि उनके सामने क्या घातक परिणाम होंगे।

यह घटना उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में हुई, एक ऐसा क्षेत्र जो मैला ढोने के लगातार खतरे से ग्रस्त है। इस अपमानजनक प्रथा को मिटाने के लिए कई वादों और विधायी उपायों के बावजूद, यह निर्दोष जीवन और परिवारों को तोड़ते हुए फलता-फूलता रहा है।

मैला ढोने की प्रथा, जिसमें सेप्टिक टैंक, नालियों और सूखे शौचालयों की मैन्युअल सफाई शामिल है, भारत में 1993 से मैनुअल मैला ढोने वालों के रोजगार और शुष्क शौचालयों के निर्माण (निषेध) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। हालांकि, कानून काफी हद तक अप्रभावी बना हुआ है, गरीबी, सामाजिक भेदभाव और वैकल्पिक आजीविका विकल्पों की कमी के कारण हजारों लोग अभी भी इस खतरनाक व्यवसाय में मजबूर हैं।

संयोग से, सरकार, जिसने हाथ से मैला ढोने पर रोक लगाने और इसमें शामिल लोगों के पुनर्वास के लिए कई उपाय पेश किए हैं, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (ह।ऋ्ष्ट) द्वारा हाथ से मैला ढोने वालों की परिभाषा का विस्तार करने की सिफारिश के बावजूद, सेप्टिक सफाई को हाथ से मैला ढोने का काम नहीं मानती है। यह घटना मैला ढोने वालों के सामने आने वाली खतरनाक स्थितियों की याद दिलाती है। नंद ही हमारा एकमात्र कमाने वाला था, रुक्मणी देवी ने रोते हुए कहा, उनकी आवाज दुख से भारी थी। हमने नितेश के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद की थी, लेकिन अब वह भी चला गया है। किसी को हमारी जान की परवाह क्यों नहीं है?

कुशवाहा परिवार पर जो त्रासदी आई है, वह कोई अकेली घटना नहीं है। सफाई कर्मचारियों के अधिकारों के लिए लड़ने वाली संस्था, सफाई कर्मचारी आंदोलन की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में ही मैला ढोने से संबंधित 1,800 से अधिक मौतें हुई हैं। अगस्त 2022 में लोकसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, चार वर्षों में, 2017-2021 के बीच, भारत में सीवर और सेप्टिक टैंकों की खतरनाक सफाई के कारण 330 लोगों की जान चली गई।

सफाई कर्मचारी आंदोलन के एक पदाधिकारी दिनेश कनौजिया ने कहा, प्रत्येक मौत एक छोटे से जीवन का प्रतिनिधित्व करती है, सपने अधूरे रह जाते हैं, और परिवार तबाह हो जाते हैं।

हाथ से मैला ढोने वालों के रूप में रोजगार पर रोक और 2013 के पुनर्वास अधिनियम के बावजूद, जिसने हाथ से मैला ढोने वालों के रोजगार को गैरकानूनी घोषित कर दिया था और जिसका उद्देश्य पुनर्वास उपाय प्रदान करना था, कार्यान्वयन दयनीय रूप से अपर्याप्त रहा है। राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी, अपर्याप्त प्रवर्तन और सामाजिक उदासीनता ने इस गंभीर अन्याय को कायम रखा है। हाथ से मैला ढोने के खतरे श्वासावरोध और डूबने के जोखिम से कहीं अधिक हैं। श्रमिकों को अक्सर जहरीली गैसों, रोग पैदा करने वाले रोगजनकों और गंदी स्थितियों के संपर्क में लाया जाता है जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। सामाजिक सुरक्षा जाल और पर्याप्त कल्याणकारी उपायों की अनुपस्थिति उनके आर्थिक संघर्षों को और गहरा कर देती है, जिससे उनके पास सीमित विकल्प रह जाते हैं।

एक दलित कार्यकर्ता, रघुवंशी ने कहा, भारत में मैला ढोने की प्रथा मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, क्योंकि यह व्यक्तियों को अमानवीय स्थितियों, स्वास्थ्य खतरों और सामाजिक बहिष्कार के अधीन करती है। बहोरा रामनगर गांव में हुई त्रासदी को बड़े पैमाने पर अधिकारियों और समाज के लिए एक वेक-अप कॉल के रूप में काम करना चाहिए। पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए न्याय सुनिश्चित करने और इस क्रूर प्रथा को समाप्त करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। वस्तुत: यह समस्या समाज के लिए किसी अभिषाप से कम नहीं है। मौजूदा कानूनों के कार्यान्वयन को मजबूत करना, रोजगार के वैकल्पिक अवसर प्रदान करना, मशीनीकृत सफाई तकनीकों में निवेश करना और जन जागरूकता बढ़ाना मैला ढोने की प्रथा को खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सतत परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सरकारी निकायों, नागरिक समाज संगठनों और प्रभावित समुदायों के बीच सहयोग आवश्यक है। एक सामाजिक कार्यकर्ता स्मिता यादव ने घोषित किया, सेप्टिक टैंक की गहराई में और अधिक जान नहीं गंवानी चाहिए। यह समय इस शोषणकारी प्रथा की जंजीरों को तोड़ने और एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम करने का है जहां गरिमा और समानता कायम रहे।

उसने कहा, चूंकि कुशवाहा परिवार और पूरा समुदाय नंद और नितेश के खोने का शोक मना रहा है, इसलिए उनकी मौत को नहीं भूलना चाहिए। उनकी त्रासदी से हाथ से मैला ढोने की प्रथा को खत्म करने और एक ऐसे समाज का निर्माण करने के लिए एक सामूहिक संकल्प को प्रज्वलित करना चाहिए जहां हर जीवन का मूल्य और सम्मान हो। आइए हम न्याय की अपनी मांग और मानवीय पीड़ा के इस काले अध्याय से मुक्त भविष्य के निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट हों।

## आप की बात

### अंध मोदी-विरोध

**राहुल गांधी** कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन उन्हें इसकी परवाह तो करनी ही चाहिए कि उनके कथन का क्या और कैसा असर होगा? वे बार-बार कहते हैं कि मुसलमान समेत अन्य अल्पसंख्यक डरे हुए हैं और उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। यह उन देशी-विदेशी ताकतों के मन की मुराद पूरी करने वाला है जो दुष्प्रचार करने में लगे हैं कि भारत में अल्पसंख्यक व खासतौर से मुसलमानों की मुसीबत बढ़ गई है। ऐसा दुष्प्रचार करने वालों में पाकिस्तान भी है। उनका सैन फ्रांसिस्को में दिया बयान प्रमाण है कि कांग्रेस मुसलमानों के मन में काल्पनिक भय का भूत खड़ा कर उनके वोट हासिल करने की पुरानी नीति पर लौट आई है। राहुल के नए व्यापार- नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान, में सामान पुराना ही है। राजीव गांधी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में दिल्ली व कुछ अन्य शहरों में सिख नरसंहार तथा हाशिमपुरा, मलियाना, भागलपुर आदि में हुए मुस्लिम नरसंहार को कौन भूल सकता है? राहुल ने कहा कि आज मुसलमानों की वही स्थिति है जो एक समय दलितों की यूपी में होती थी। वे भूल गए कि उस समय केंद्र व यूपी दोनों में कांग्रेस का ही शासन था। इस अंध मोदी-विरोध का नतीजा क्या होगा?

- **परमवीर केसरी,** मेरठ

### न्यायिक सुधार

**यह** हमारे देश की विडंबना ही है कि 140 करोड़ की आबादी वाले देश में 25 प्रतिशत लोग भी अंग्रेजी के अच्छे जानकार नहीं है। इसके बावजूद हमारी सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ अंग्रेजी भाषा में ही सुनवाई होती है। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर अब वक्त आ गया है कि सुप्रीम कोर्ट की भाषा हिंदी बनाई जाए। जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, आदि के लिए हिंदी की पुस्तक तैयार करके हिंदी में पढ़ाई करवाई जाती है वैसे ही कानून की पढ़ाई भी अभी हिंदी में करवाई जाए और निचली कोर्ट में भी वादियों की भाषा में ही बहस हो ताकि आम जनता उसे अच्छे तरह समझ सके। साथ ही कानून में मौजूद पुराने व अनुपयोगी प्रावधानों को हटा दिया जाना चाहिए। मामूली चूक के लिए सख्त सजाओं के प्रावधान खत्म किए जाने चाहिए क्योंकि इनकी वजह से रिश्वतखोरी बढ़ रही है। अच्छे वकीलों की फीस लगातार बढ़ती जा रही है, न्यायालय फीस बढ़ती जा रही है और फैसला आने का समय भी बढ़ता जा रहा है। इस कारण अब लोग अन्याय सहकर भी न्यायालय की चौखट पर जाने से घबराते हैं। संपूर्ण न्याय व्यवस्था में आमूल परिवर्तन की जरूरत है।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### महिला उत्पीड़न

**सभी** समाजों में औरतों के साथए हर क्षेत्र में भेदभाव हो रहा है फिर वो चाहे घर हो, कार्यस्थल हो, सड़क हो या खेल का मैदान। दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबाल में भी महिला खिलाड़ियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। पहले से ही उन्हें खेल का मेहनताना पुरुषों की तुलना में आधे से भी कम दिया जाता है। अगस्त महीने में ग्रीष्मकालीन महिला फुटबॉल विश्वकप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड में संयुक्त रूप से हो रहा है। लेकिन इस खेल को टेलीकास्ट करने वाली यूरोप की कई कंपनियां उतना पैसा देने को राजी नहीं हो रहीं हैं जितना कि पुरुष चैंपियनशिप के दौरान दिया जाता है। इसलिए फीफा ने भी ठान लिया है कि इस बार इन खेलों का प्रसारण अधिकार वो किसी को नहीं देगा। शायद यूरोप के दर्शक इस साल इन खेलों का आनंद अपने टेलीवीजनों से नहीं ले सकेंगे। फीफा ने आरोप लगाया है कि प्रसारण कंपनियां 10 से सौ फीसदी कम फीस देने पर अड़ी हुई हैं जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। महिलाओं को अपने अधिकार के लिए फीफा के साथ हो जाना चाहिए।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### मुफ्त की रेवड़ियां

**2024** का चुनाव जीतने की तैयारी में मगन आप व कांग्रेस दोनों में ही मुफ्त रेवड़ी बांटने की होड़ सी लगी हुई है। बिजली, पानी व अन्य मुफ्त सेवायें देने की घोषणा आप तो करती ही रहती है। अब राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी घोषाण कर दी है कि कितना भी बिजली का बिल आये 100 यूनिट फ्री बिजली दी जायेगी। ऐसा कर जनता के धन की बर्बादी और लोगों को आलसी बनाने के प्रयास करने में नहीं चूक रहे हैं। एक ओर मेहनत करने वाले नौकरी-पेशा लोग व उद्योगपति टैक्स देकर देश की तरक्की में सहयोग दे रहे हैं तो दूसरी ओर राजनेता लोगों को मुफ्त की रेवड़ी अपने राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए बाँट रहे हैं जो कि देश के विकास में आगे चलकर बाधक बन सकती है। जनहित व राष्ट्रहित में राजनीतिक पार्टियां इस बढ़ते प्रचलन को बंद करे और देश व देशवासियों के चहुंमुखी विकास में सहयोग दें। सर्वोच्च न्यायालय तथा निर्वाचन आयोग को तत्काल हस्तक्षेप कर आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों के पहले कठोर निर्णय लेना चाहिए।

- **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव प्रदेश के इतिहास में पहली बार: योगी

## मुख्यमंत्री ने निर्धारित किए पैरामीटर्स, बेहतर प्रदर्शन वाले नगर निकाय होंगे पुरस्कृत

- नवनिर्वाचित महापौरों और अध्यक्षों की एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए सीएम योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों को और बेहतर बनाने के लिए आपसी प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, अच्छी सड़कों, सेफसिटी और आत्मनिर्भरता जैसे पांच पैरामीटर्स निर्धारित किए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के जो नगर निगम, नगर पालिकाए एवं नगर पंचायत प्रथम आएंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन पांच पैरामीटर्स में अपने जनपद में प्रथम आने वाले नगर पंचायत को एक करोड़ रुपए, मंडल स्तर पर प्रथम आने वाले नगर पालिका को दो करोड़ और प्रदेश में प्रथम आने वाले नगर निगम को सरकार की तरफ से दस करोड़ रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे।

सीएम योगी नवनिर्वाचित नगर निगमों के महापौर, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों के लिए गुरुवार को आयोजित एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने एक प्रतियोगिता की शुरुआत करते हुए बड़ी घोषणा की। सीएम योगी ने कहा कि बहुत सारे लोगों ने न्यायालयों का सहारा लेकर नगर निकाय चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया लेकिन हमारी नगर विकास की टीम ने पूरी मजबूती के साथ डटी रही। एक-एक मुद्दे का निस्तारण किया। पहली बार प्रदेश में नगर निकाय का चुनाव ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट को लागू करते हुए संपन्न हुआ है। इतना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव प्रदेश के इतिहास में पहली बार संपन्न हुआ।

योगी ने कहा कि जनता ने नगरीय जीवन के भाग्य विधाता के दायित्व के रूप में आपको चुना है। आपके बोर्ड के पास बहुत सी शक्तियां हैं, अगर इनका सही तरह से इस्तेमाल किया जाए तो आपके कार्यकाल को लंबे समय तक जनता याद रखेगी। आपके कार्यकाल को अविस्मरणीय बनाने के लिए ही इस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अमृत योजनाए पीएम स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश के अंदर बहुत अच्छा कार्य हुआ है। आज प्रदेश के नगरों में एक कलर में दूधिया स्ट्रीट लाइट जगमगा रही हैं। स्वच्छता के कार्यक्रम को तेजी के साथ आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम अपने घर को साफ रखते हैं वैसे ही हमारा नगर साफ रहे इसकी जिम्मेदारी हमारी है। हमें मोहल्ला स्वच्छता कमेटी का गठन करना चाहिए जो लोगों को स्वच्छता के विषय में जागरूक योगी ने कहा कि देश को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन हम सबके सामने है। आज दुनिया में जब भी कोई संकट आता है तो पूरा विश्व प्रधानमंत्री मोदी की तरफ आशा भरी निगाहों से देखता है। आज दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को स्वीकार कर रही है और उन्हें सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। देश को पहली बार स्मार्ट सिटी का विजन भी इन्हीं वर्षों में मिला है।

# योगी सरकार बायोमैट्रिक से किसानों को वितरित करेगी निशुल्क बीज मिनी किट

- बीज विपणन कम्पनियों की सिक्योरिटी राशि को 10 से घटाकर 5 लाख करने का फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश के किसानों की आय कई गुना बढ़ाने तथा कृषि संबंधी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मॉनीटरिंग भी करते हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले 6 वर्षों में किसानों की आय में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। इसी कड़ी में योगी सरकार ने प्रदेश के किसानों को समय से बीज उपलब्ध कराने और उसकी पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। अब किसानों को बायोमैट्रिक के जरिये नि:शुल्क बीज मिनीकिट वितरित की जाएगी ताकि कोई किसान इससे वंचित न रह जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने संकर बीजों के उपयोग को बढ़ावा देने की योजना, कृषि कुम्भ की तैयारी, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम, ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन तथा ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित किये जाने, यूपी स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि. की वित्तीय स्थिति तथा खरीफ सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर समीक्षा बैठक ली। इस दौरान बीज वितरण के लिए अधिसूचित की गई कंपनियों की सिक्योरिटी राशि को 10 लाख से घटाकर 5 लाख करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही उन्हें सभी जिलों में कार्य करने की अनुमति भी दी जाएगी। पात्र किसानों को संकर बीजों के मिनीकिट समय पर मिलेंए इसके लिए बायोमेट्रिक मशीनों की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही प्रतिस्पर्धी कंपनियां अपने बीज स्टॉल लगाएंगी जिससे किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर बिना किसी कठिनाई के मिल सके। इसके विकल्प के रूप में किसानों को सब्सिडी वाले टोकन उपलब्ध कराकर बाजार से बीज खरीदने की छूट भी दी जा सकती है। योगी सरकार अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अवसर पर उत्तर प्रदेश में कृषि कुंभ की तैयारी कर रही हैए ताकि उत्तर प्रदेश के किसानों को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट उत्पादन करने वाले देशों से आए विशेषज्ञों के अनुभवों का लाभ मिल सके। इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। साथ ही अधिकारियों को इस बात के लिए भी निर्देशित किया गया कि कृषि कुंभ का लाभ प्रदेश के प्रत्येक गांव के किसानों तक अवश्य पहुंचे। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम में मोटे अनाजों के प्रति जन सामान्य को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए 9वीं से 12वीं कक्षा तक के स्कूली बच्चों को मोटे अनाजों के संबंध में विशेष रूप से जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाएंगे। वहीं एआई आधारित ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन तथा ऑटोमेटिक रेन गेज पंचायत स्तर स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर होने वाली मौसम गतिविधियों के आधार पर किसानों को मोबाइल एप्लीकेशन तथा पंचायत सहायक के माध्यम से सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन मौसमी दशाओं के आधार पर किसान बेहतर कृषि प्रबंधन रणनीति अपना सकेंगे।

योगी सरकार प्रदेश भर में मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बनाई जाने वाली रणनीति के तहत वर्षभर की गतिविधियों का कैलेंडर तैयार करने की योजना बना रही है। उसके अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिक उत्पादन वाले मिलेट्स के प्रति किसानों के लिए जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें किसानों को मिलेट्स के उत्पादनए विपणन तथा प्रसंस्करण के संबंध में जागरूकता के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। वहीं संकर बीजों के वितरण की सब्सिडी किसानों को 72 घंटों के भीतर उपलब्ध कराई जाएगी।

# अवैध शराब के के खिलाफ 5 से 20 जून तक पूरे प्रदेश में चलेगा प्रवर्तन अभियान

- पुलिस, प्रशासन और आबकारी महकमे की संयुक्त टीमें करेंगी छापेमारी, मैरिज हाल, पार्टी स्थलों और रिसाट्र्स पर रखी जाएगी कड़ी नजर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए आगामी 5 जून से 20 जून 2023 तक प्रदेश स्तर पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत राजस्व प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीमों का गठन करते हुए अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के अड्डों पर दबिश तथा तस्करी की सम्भावना वाले क्षेत्रों में रोड चेकिंग कार्रवाई किए जाने के उन्होंने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जीएसटी एवं परिवहन विभाग का भी यथावश्यक सहयोग लिया जाएगा। क्षेत्रीय आबकारी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अवैध मंदिरा के कार्य में संलिप्त ध्चिन्हित माफियाओं के विरुद्ध नियमानुसार दबिश कार्यवाही करते हुए पकड़े गये अभियोगों में आबकारी अधिनियम की धाराओं के साथ-साथ आवश्यकतानुसार आईपीसी की सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर स्थित संदिग्ध ढाबों जहां अल्कोहल के टैंकर प्राय: रुकते हैं की सघन एवं आकस्मिक जांच कराई जाएगी। अनुज्ञापित परिसर के आस-पास सतर्क दृष्टि रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी दशा में दुकान से बाहर मंदिरा की बिक्री अवैध रूप से कदापि न पाए। किराना, फ ल एवं दुग्ध वाहनों से अवैध मदिरा के परिवहन की शिकायत प्राय: प्राप्त हो रही है। ऐसे संदिग्ध वाहनों की भी सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी। वैवाहिक समारोह के चलते मैरिज हाल-बैंक्वेट हालों रिसाट्र्स एवं अन्य उत्सव स्थलों पर विभाग द्वारा सतर्क दृष्टि रखे जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। सेंथिल पांडियन सी आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा बताया गया कि विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिलों के असेवित क्षेत्रों तथा ऐसे स्थानों जहां पर मदिरा की दुकानें अव्यवस्थित हैं, वहां पर अवैध कारोबार की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क निगरानी रखी जाएगी। मिथाइल अल्कोहल के नियंत्रण के लिये आयुक्तालय द्वारा पूर्व में निर्गत आदेशों का कड़ाई से शत-प्रतिशत् अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय एवं दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

# एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग ने शुरू किया पंजीयन महा अभियान

- एक जून से 15 जून तक प्रत्येक जिले में उद्योग निदेशालय लगाएगा पंजीकरण शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की एमएसएमई को पहचान देने के लिए एमएसएमई तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग ने पूरे प्रदेश में एमएसएमई उद्यम पोर्टल पर पंजीयन महाअभियान की शुरुआत की है। यह अभियान पूरे प्रदेश में 15 जून तक संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से प्रत्येक जिले में उद्योग निदेशालय एमएसएमई के पंजीकरण के लिए कैंप लगाएगा। साथ ही एमएसएमई खुद भी पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकेंगे। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश में कार्यरत एमएसएमई को पहचान दिलाने के लिए मंच प्रदान करना है, ताकि वो एमएसएमई के लिए योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। पंजीकरण के लिए सभी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम पात्र होंगे।

उल्लेखनीय है कि पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार अभी 14 लाख एमएसएमई पंजीकृत हैं जबकि प्रदेश में बड़ी संख्या में एमएसएमई क्रियाशील हैं जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण कराया जाना है। एमएसएमई तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग के अधिकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में 90 लाख से ज्यादा एमएसएमई क्रियाशील हैं लेकिन इसके बावजूद पोर्टल पर सिर्फ 14 लाख एमएसएमई ही पंजीकृत हैं। ये सभी इकाइयां प्रदेश की जीडीपी में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती हैं। प्रदेश सरकार द्वारा द्वारा इन सभी का उद्यम पंजीकरण करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान की शुरुआत एक जून से 15 जून तक पूरे प्रदेश के समस्त जिलों में एक साथ प्रारंभ की गई है। यह भी उल्लेखनीय है कि बहुत सारी एमएसएमई इकाइयां असंगठित क्षेत्र में फैली हैं। इस अभियान के प्रारंभ होने से पड़े पैमाने पर पंजीकरण से इकाइयों को सरकारी योजनाओं का लाभ एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। योगी सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक एमएसएमई पोर्टल पर पंजीकृत हों और एमएसएमई से संबंधित योजनाओं का लाभ ले सकें। पंजीकरण से इन एमएसएमई को एक पहचान मिलती है, जो उनके उद्यम को संचालित करने में काफ ी महत्वपूर्ण होती है। इसके अलावा एक फैसिलिटेशन काउंसिल की भी व्यवस्था है, जिसमें भुगतान संबंधी विवादों का निपटारा किया जाता है। इसका लाभ पंजीकृत एमएसएमई को ही मिल सकेगा। इसमें सबसे बड़ी राहत ये है कि हमने सूक्ष्म उद्यमियों को 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा प्रदान करने की भी व्यवस्था की है जिसे कैबिनेट से मंजूरी के बाद प्रदान किया जा सकेगा।

# प्रदेश की जनता कांग्रेस को विकल्प के रूप में देख रही: खाबरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस बृजलाल खाबरी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी परिवार दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है, तमाम छोटे राजनैतिक दल और पूरे प्रदेश से आम जनमानस और अलग-अलग राजनैतिक दलों से व सामाजिक संगठनों से लोग हमारी पार्टी की विचाराधरा और जनमुद्दों पर लड़ रहे हमारे नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे व प्रियंका गांधी के प्रभावशाली नेतृत्व और जनहितैषी छवि से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं और बहुत से राजनैतिक दलों से बात हो चुकी है शीघ्र ही वह भी कांग्रेस में शामिल होगें क्योंकि जनता का भाजपा सरकार से मोह भंग हो चुका है।

खाबरी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत और जनविरोधी नीतियों से प्रदेश में चारों तरफ बदहाली है लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने मुंह मियां मिट्ठू बनकर अपना गुणगान कर रहे हैं, उन्हें प्रदेश की जनता की समस्यायें दिखती नही ना ही वो देखना चाहते हैं, गर्मी का समय है मैं बुंदेलखंड से आता हूं वहां पानी की विकराल समस्या हो गई है लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार उस पर कुछ नही कर रहीए मैनें स्वयं जाकर विकराल परिस्थियों को देखा है कि लोग कैसे पानी के संकट से जूझ रहे हैं, पानी के लिए लाइनें लगी हैं, भाजपा सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए लेकिन उसका लाभ एक भी व्यक्ति को नही मिल रहा इससे ज्यादा दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है।

खाबरी ने कहा कि भाजपा सरकार अपराध पर कह रही कि कम हो गया लेकिन जमीनी हकीकत देखिए कहां कम हो गया, लड़कियों के साथ अन्याय अत्याचार हो रहा उनको मारा जा रहा, कल मैनपुरी में एक लड़की को मिट्टी का तेल डालकर जला दिया गया, कहां अपराध शून्य हैं। थानाअध्यक्षों को कह दिया गया है कि कोई भी ऐसे मुकदमे दर्ज नहीं होंगें, ऐसे अपराध के आंकड़ों को शून्य करके अपराध कम किया जा रहा है लेकिन जिनका उत्पीड़न हो रहा है वह लोग कहीं न कहीं अपनी शिकायत तो करेंगें ऐसे आंकड़ों की सच्चाई यह है कि जो सरकार कह रही है कि अपराध खत्म हो गया है। हकीकत में पिछली सरकारों से भाजपा सरकार में अपराध बढ़ा है। भ्रष्टाचार की हालत बहुत खराब है, भाजपा के ही नेता स्वयं भ्रष्टाचार पर सवाल कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी की लोकप्रियता से भाजपा नेता बौखलाहट में ऊलूल-जूलूल बयान दे रहे, संसद में माइक बंद कर दिया जा रहा, मंहगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचारए बढ़ता जा रहा, देश की बेटियों जो ओलंपिक में भारत का परचम लहरा रही उनकी इज्जत को भाजपा मोदी सरकार सरेआम बेइज्जत कर अपनी तानशाही कर रही है। देश का जनमानस देख रहा है, समय आने पर इसका जबाव देगा।

# सपा विधायक ने घायल सारस को स्वस्थ होने पर डीएफओ को सौंपा

- पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण वादी को अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के मलिहाबाद रोड पर गंभीर हालत में घायल एक सारस को इलाज के बाद स्वस्थ होने पर अखिलेश यादव के निर्देश पर विधायक रविदास मेहरोत्रा एवं अली हसनैन आब्दी ने लखनऊ चिड़ियाघर में डीएफओ को सौंपा गया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत अली हसनैन आब्दी और विधायक रविदास मेहरोत्रा ने भेंट की। इसके पूर्व अमेठी में गत मार्च में आरिफ को भी एक घायल सारस मिला था। उसे भी लखनऊ चिड़ियाघर में रखा गया है। अखिलेश यादव ने मांग की है कि दोनों सारस को एक साथ रखने की व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि मलिहाबाद में मिला सारस मादा है जबकि अमेठी में मिला सारस नर है।

अखिलेश यादव ने पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण वादी का मनोबल बढ़ाने के लिए अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. सलमान (केजीएमयू) और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने कृषि क्षेत्र में वन्य जीवों से होने वाले लाभ पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि 116 बनाके कीटनाशक दुनिया में प्रतिबंधित है परंतु हमारे भारत में कृषि क्षेत्र में प्रयोग किए जा रहे है जिस पर भारत सरकार को तुरन्त रोक लगाना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि इसके बदले कुदरत के परिस्थिति तंत्र को मजबूत किया जाए और किसानों को वन्य जीवों का महत्व बताया जाना चाहिए।

# तमिलनाडु से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अखिलेश को किया सम्मानित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव से गुरुवार को तमिलनाडु से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भेंट की। अखिलेश यादव को भगवान श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करने के साथ अंगवस्त्रम और लौंग का हार पहनाकर सम्मानित किया गया। यादव को तमिलनाडु यात्रा के लिए निमंत्रण भी दिया गया। इस मौके पर उदय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहे।

तमिल प्रतिनिधियों ने कहा कि वे अखिलेश यादव की समाजवादी सरकार में विशेषत: शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए कार्यों के बारे में जानकारी करने और उनसे व्यक्तिगत मिलने के लिए लखनऊ आए हैं। उन्होंने इस वर्ष सैफ ई में नेताजी की स्मृति में होने वाले समारोह में भी शामिल होने की इच्छा जताई। अखिलेश यादव और तमिल प्रतिनिधियों के बीच दक्षिण और उत्तर भारत की संस्कृति की समानता पर चर्चा हुई। दोनों प्रदेशों के सामाजिक रीति रिवाजों पर भी वार्ता हुई। दक्षिण भारत के मंदिरों की भव्यता तथा स्थापत्य पर भी उनसे विचार विमर्श हुआ। बताया गया कि तमिलनाडु में भगवान श्रीकृष्ण के प्रति काफी श्रद्धाभावना है। इस सम्बंध में उत्तर भारत से उनके भावनात्मक सम्बंध जुड़े हुए हैं। तमिल नेताओं ने उत्तर प्रदेश में विकास के क्षेत्र में अखिलेश यादव की सरकार के समय हुए कामों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार के पांच साल में मेट्रो रेल, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, गोमती रिवर फ्रंट जैसे उल्लेखनीय निर्माण कार्य हुए हैं। तमिल प्रतिनिधियों ने कहा कि दक्षिण भारत विशेष कर तमिलनाडु म अखिलेश यादव का बहुत सम्मान है और वहां बड़ी संख्या में उनके समर्थक है। तमिलनाडु प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल में डॉ. रामचंद्रन, वेल मनोहरन, इयोधिराज, थंगापायहम, थानुषोकोड, ओएमबी रामदास, शभापथी, पोट्ल दुराई, मुथैया नंद कुमार कोयम्बटूर, जयप्रकाश तथा गोपाल कृष्णन उर्फ गोपू शामिल रहे।

# यीडा बोर्ड ने प्लास्टिक पार्क के प्रस्ताव को दी मंजूरी

- 20 से अधिक निवेशकों ने यीडा क्षेत्र में स्थापित होने वाले प्लास्टिक पार्क में निवेश का दिया है प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**दुनिया** भर में प्लास्टिक के प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर प्रदेश इसे पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। योगी सरकार ने राज्य में प्लास्टिक प्रॉसेसिंग पार्क को विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इनमें एक प्लास्टिक प्रॉसेसिंग पार्क यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (यीडा) में निर्मित होना है। इसके लिए यीडा के बोर्ड ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और अब नियोजन विभाग पार्क की रूपरेखा पर काम कर रहा है। वहां से अप्रूवल के बाद प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होगा और इंडस्ट्रीज को स्थापित करने की कार्यवाही को तेज किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार की प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क, टॉय पार्क, टेक्सटाइल पार्क, लेदर पार्क और इलेक्ट्रॉनिक पार्क की तर्ज पर ही प्लास्टिक पार्क स्थापित करने की योजना है। प्लास्टिक पार्क में प्लास्टिक प्रोडक्ट्स की प्रॉसेसिंग मैन्यफैक्चरिंग एवं अन्य संबधित तकनीक वाली यूनिट्स लगाई जाएंगी, जो न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि देश और दुनिया की प्लास्टिक की जरूरतों को पूरा करेगी। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार का भी सृजन होगा। यीडा में पार्क 100 एकड़ के क्षेत्र में फैला होगा। इसमें सैकड़ों प्लास्टिक यूनिट्स स्थापित होंगी। यीडा के एक अधिकारी के अनुसार अखिल भारतीय प्लास्टिक उद्योग संघ ने पहले इस संबंध में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। यीडा के सेक्टर 10 में प्लास्टिक प्रॉसेसिंग पार्क विकसित करने के लिए राज्य सरकार सैद्धांतिक रूप से अपनी सहमति दे चुकी है। यीडा के बोर्ड से भी इस प्रस्ताव को पारित करके नियोजन में भेज दिया गया है। नियोजन से इसकी रूपरेखा बनने के बाद इस पर विस्तृत कार्यवाही की योजना पर काम होगा। अधिकारी के अनुसार 20 से अधिक निवेशकों ने यीडा क्षेत्र में स्थापित किए जाने वाले प्लास्टिक प्रॉसेसिंग पार्क में निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। निवेशक यहां चिकित्सा और कृषि उपकरण, पीवीसी पाइप, पैकेजिंग और प्लास्टिक फ र्नीचर बनाना चाहते हैं। प्राधिकरण ने इन निवेशकों से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट मांगी है। जल्द ही प्लास्टिक उद्योग के कई दिग्गज इस पार्क में अपने संयंत्र स्थापित करेंगे। इससे स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्लास्टिक उद्योग संघ के दीपक बलानी के अनुसार प्लास्टिक पार्क भारत सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोकेमिकल की एक स्कीम का हिस्सा है। इसी के तहत प्रदेश सरकार पार्क के लिए भूमि उपलब्ध करा रही है। इस भूमि पर यूपी सरकार कॉमन फैसिलिटी सेंटर समेत इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रीज के लिए जरूरी सुविधाएं देगी, जहां प्लास्टिक यूनिट्स की स्थापना होगी। उनके अनुसार भारत सरकार के डाटा के अनुसार 10 हजार से अधिक प्लास्टिक कंपनियां यूपी में रजिस्टर्ड हैं। भारत में पर कैपिटा प्लास्टिक कंजंप्शन लगभग 15 किलो हैए जबकि पूरी दुनिया का पर कैपिटा प्लास्टिक कंजंप्शन लगभग 36 किलो है। इस लिहाज से हम उसके 50 प्रतिशत भी नहीं हैं। भारत एक कंजंप्शन कंट्री हैए इस लिहाज से यहां प्लास्टिक ग्रोथ की काफ ी संभावना है। यूपी भी पॉपुलेटेड स्टेट होने के साथ बड़ा कंजंप्शन स्टेट भी है। अभी यूपी में जितने प्लास्टिक प्रोडक्ट्स बनते हैं, उतने ही बाहर से भी आते हैं। यूपी में प्लास्टिक पार्क बनने से हम न सिर्फ यहां इसकी खपत की मांग पूरी कर पाएंगे बल्कि आसपास के राज्यों और विदेशों में भी एक्सपोर्ट कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कोविड के दौरान सभी ने प्लास्टिक का योगदान देखा है। हेल्थकेयर, फार्मा, फू ड पैकेजिंग, प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट, पीपीई किट समेत कई प्रोडक्ट्स में प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। एक तरह से प्लास्टिक ने ही लाखों जानें बचाई हैं। इसके अलावा प्लास्टिक का इस्तेमाल पैकेजिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, बिल्डिंग में लगने वाले पाइप्स में भी काफी होता है। अधिकारियों के अनुसार, जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास यीडा क्षेत्र में आने वाले कई समर्पित औद्योगिक पार्कों के साथ, क्षेत्र में उद्योगों की प्रगति में तेजी देखने को मिली थी। राजस्व के मामले में राज्य को लाभ पहुंचाने के अलावा इस तरह के पार्क हजारों स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे। यीडा क्षेत्र में कुल 1942 निवेशक 17272.74 करोड़ रुपए की लागत से अपनी इकाइयां स्थापित कर रहे हैं, जिससे 265718 लोगों को रोजगार मिलेगा।

इसके अलावा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी) भी इस पार्क में प्लास्टिक पर शोध और प्लास्टिक के पुनर्चूंण के लिए 5 एकड़ जमीन पर एक परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने को तैयार है। वहीं गोरखपुर में प्रस्तावित प्लास्टिक पार्क में 100 से अधिक प्लास्टिक इकाइयां स्थापित होने की संभावना है।

# लेखपाल भर्ती परीक्षा में नकल कराने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** वर्ष 2022 में प्रयागराज में लेखपाल भर्ती परीक्षा में नकल कराने के संबंध में दर्ज मुकदमे के वांछित अभियुक्त अंकुर कुमार उर्फ अमित कटियार को एसटीएफ ने यमुना पुल के पास, प्रयागराज से गिरफ्तार किया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि आशुतोष उत्तम के माध्यम से डा. मुरली मनोहर जोशी इंटर कालेज, नैनी के प्रबन्धक जय बाबू तिवारी के सम्पर्क में आया। वर्ष-2019 से जय बाबू तिवारी के साथ मिलकर परीक्षाओं में पेपर साल्व करने-कराने का काम करता था। 31 जुलाई 2022 को आयोजित राजस्व लेखपाल परीक्षा में मैने जय बाबू तिवारी के व्हाट्सएप से अपने व्हाट्सएप पर 'एच' व 'सी' ग्रुप का पेपर मंगाकर उसे हल कराकर उत्तर कुन्जी उनके मोबाइल पर भेजा था। जिसके बदले में मुझे पैसे मिले थे। गिरफ्तार अभियुक्त को थाना नैनी, जनपद प्रयागराज में पंजीकृत मुकदमे में एसटीएफ द्वारा दाखिल किया गया।

# स्वनिधि महोत्सव का हुआ आगाज

● केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने किया शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**आजादी** के अमृत महोत्सव पर सरकार के स्वनिधि से समृद्धि के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से बिलोबी मेमोरियल हाल में स्वनिधि महोत्सव का आगाज हुआ। महोत्सव का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय सिंह के साथ दीप जलाकर किया। अजय मिश्र टेनी ने समाज में स्ट्रीट वेंडर की महत्ती और बड़ी भूमिका बताई। कोरोना कालखंड में स्ट्रीट वेंडरों के आर्थिक संकट को दूर करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना शुरू हुई, जिसके आज सकारात्मक परिणाम सबके सामने हैं। यह योजना रेहड़ी-पटरी वालों के वित्तीय समावेशन का पहला व्यापक प्रयास है। सरकार ने स्ट्रीट वेंडर की कठिनाइयों को समझा और योजनाबद्ध तरीके से न केवल उसे हल किया बल्कि स्वनिधि योजना के जरिए मदद की। खीरी में इस योजना से करीब 8.5 हजार लोगों को फायदा मिला है। जो आज डिजिटली लेनदेन भी कर रहे है। मंत्री ने कहा कि पीएम जनधन योजना के तहत 9 साल के भीतर 48 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले गए। जिनमें अब तक 25 लाख करोड़ का ट्रांजैक्शन हुआ। 2047 तक विकसित एवं सशक्त भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने के संकल्प को लेकर हम तेजी से आगे बढ़ रहे है। डीएम ने पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कहा कि स्वनिधि से समृद्धि अभियान के तहत सभी लोन प्राप्त वेंडर के परिवारों को पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जनधन योजना, रजिस्ट्रेशन अंडर बीओसीडब्ल्यू, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृ वन्दना योजना से लाभान्वित कराया जा रहा है। जिले में पीएम स्वनिधि योजना के तहत 6850 लाभार्थी प्रथम, 1508 द्वितीय, 73 तृतीय चरण में लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के अंत में पीओ डूडा डॉ अजय कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों अतिथियों एवं सभी स्वनिधि के लाभार्थियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्यालय कार्मिक गरिमा सिंह, शिव कुमार रस्तोगी, नगर पालिका परिषद लखीमपुर के अमित सोनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अजय मिश्रा ने लाभार्थी निसार अहमद, जगमोहन लाल को परिचय बोर्ड प्रदान किया। व्यवसाय में अधिक डिजिटल लेनदेन करने के लिए, फरीद अली, अरविंद गिरी, किशोर गिरी, अब्दुल रहमान, अनिल कुमार, हिमांशु, अशर्फी लाल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इंडियन बैंक द्वारा रेहड़ी पटरी लाभार्थी विनोद कुमार, गीतुराम, रियाज अहमद, अशर्फी लाल, गुफ्रान को क्यू आर कोड प्रदान किए गए। संवाद के दौरान लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर एवं डीएम के साथ स्वनिधि महोत्सव में स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल, लीड बैंक, श्रम, आपूर्ति, स्वास्थ्य एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों ने अपने स्टाल का अवलोकन किया।

# निर्माण में खराब गुणवत्ता पाये जाने पर रिकवरी कराए जाने के निर्देश

● खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान को नोटिस

संवाददाता। शाहजहांपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने विकास खण्ड भावलखेड़ा के ग्राम पंचायत रौसर में बनवाए गए अमृत सरोवर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में निर्माण कार्य की गुणवत्ता अत्यंत खराब मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान को नोटिस जारी करने के साथ ही जवाब तलब करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर पर निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता के कारण निर्माण कार्य के कुछ समय बाद ही तलाब में पानी पहुचने हेतु बनाये गये नाले की दीवार एवं छत टूटी पायी गयी। जिलाधिकारी ने अधोमानक निर्माण पाये जाने पर रिकवरी कराये जाने के भी निर्देश दिये। साथ ही तलाब के आस पास बनायी गयी इंटरलॉकिंग सड़क भी क्षतिग्रस्त पायी गयी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अमृत सरोवर के तालाब मे भी अत्यधिक गंदगी व्याप्त मिली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अमृत सरोवर के आसपास साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये जुर्माना भी वसूल किया जाये। जिलाधिकारी ने अमृत सरोवर के परिसर को स्वच्छ एवं साफसुथरा रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि लोगों को स्वच्छ आदतें अपनाए जाने, गंदगी न फैलाने तथा पॉलीथीन का प्रयोग बिल्कुल ना करने के प्रति जागरुक किया जाए। उन्होंने अमृत सरोवर के पास कूड़ेदान रखने हेतु भी निर्देशित किया जिससे की अमृत सरोवर पर आने वाले लोग तालाब या उसके आस पास कूड़ा न डाले। उन्होंने अमृत सरोवर की सफाई कराए जाने के भी निर्देश दिए।

## नहीं हो पा रहा ड्राइविंग लाइसेंसों का नवीनीकरण

संवाददाता। सीतापुर

करे कोई भरे कोई, यानी गलती किसी की और उसे भुगतना किसी दूसरे को पड़ रहा है। कुछ यही हाल इन दिनों सीतापुर जिले के परिवहन विभाग का है। यहां पर इन दिनों लोगों के ड्राइविंग लाइसेंसों का नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है, जबकि वाहन चेकिंग के नाम पर ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर चालान किए जाने की प्रक्रिया लगातार जारी है, ऐसे में लोग बहुत परेशान है। परिवहन विभाग द्वारा छिपाई जा रही इस समस्या का खुलासा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने किया है। उन्होंने बताया कि जब एक महीने से ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यूअल न होने को लेकर एआरटीओ माला बाजपेई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इसके पोर्टल पर मेंटीनेंस का काम चल रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चेकिंग के दौरान लोगों के चालान हो रहे है, या फिर धनउगाही की जा रही है, सिस्टम की कमी से आम जनता को धनउगाही का जरिया नहीं बनने दिया जाएगा।

## महाविद्यालय में विजयी प्रतिभागियों का किया गया उत्साहवर्धन एवं सम्मान



संवाददाता। शाहजहांपुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी जी के पंच प्रण मंत्र पर आधारित आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत युवा उत्सव कार्यक्रम सुदामा प्रसाद स्कूल शाहजहांपुर में आयोजित हुआ था,जिसमे जी एफ कॉलेज के हिमांशु शुक्ला ने कविता प्रतियोगिता में प्रथम, अभिषेक गुप्ता ने मोबाइल फोटोग्राफी में दिवतीय और केसर राना ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त हिमांशु शुक्ला आगामी आयोजित होने वाली राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने महाविद्यालय में विजयी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन एवं सम्मानित करते हुए कहा कि युवा देश की पूंजी है, इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज के संयोजक प्रोफेसर मोहम्मद साजिद खान तथा समिति के अन्य सदस्य एवं एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कौसर जमाल ने हर्ष व्यक्त किया।

## राम गंगा में डूब कर 5 किशोरों की मौत

● ये किशोर गंगा स्नान के अवसर पर अलग-अलग स्थानों में लगे मेलों में गंगा स्नान के लिए आए थे

संवाददाता। बरेली

**गंगा** स्नान के अवसर पर अलग-अलग स्थानों में लगे मेलों में गंगा स्नान करने के लिए गए पांच किशोरों की राम गंगा में डूबने से मौत हो गई जबकि एक किशोर को बचा लिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भमोरा थाने के गांव तजपुरा निवासी अमर सिंह के 17 वर्षीय बेटे अनुज और उसके चचेरे भाई अरविंद पुत्र मानसिंह की आज दोपहर भमोरा थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर के गोविंद गंगा घाट पर राम गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। अनुज के पिता अमर सिंह ने बताया कि अनुज अपनी मां कुसिया देवी व अन्य भाई बहनों के साथ गंगा दशहरे पर गंगा स्नान करने के लिए गया था उसके साथ चचेरा भाई अरविंद भी गया था इसी दौरान स्नान करते समय भमोरा के गांव कीरतपुर का रहने वाला छोटू पुत्र जीराज यादव गहरे पानी में डूब गया। शोर मचाने पर गंगा में स्नानरत लोगों ने छोटू को कुछ देर बाद ही गहरे पानी से निकाल दिया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कुछ देर बाद अनुज और अरविंद गहरे पानी में डूब गए। पता चलते ही लोगों ने उन्हें तलाशने की कोशिश शुरू की और लगभग आधे घंटे बाद ही लोगों ने अरविंद के शव को भी पानी से निकाल दिया। उसकी भी मौत हो चुकी थी लेकिन अनुज का कहीं पता नहीं चला। काफी देर बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अनुज की लाश को घटनास्थल से काफी दूर जाल के जरिए उसे निकाला तो उसकी भी मौत हो चुकी थी। मृतकों के परिजनों ने शवो की शिनाख्त कर ली जिन्हें पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। बताते हैं कि डूबने वाले किशोरों से पहले तजपुरा वासी किशोर सुमित भी पानी में डूब रहा था लेकिन लोगों ने उसे बचा लिया। इसके बाद ही 3 अन्य किशोर रामगंगा नदी में डूब गए और उनकी मौत हो गई अनुज और अरविंद एक ही स्कूल में कक्षा 7 के छात्र थे। अनुज चार भाई बहन थे और अरविंद दो भाइयों में बड़ा था। इसके अलावा बदायूं के बुध नगर खंडवा निवासी मुकेश के बेटे आकाश और यहीं के रहने वाले हरेंद्र पुत्र महेंद्र की सिरौली थाना क्षेत्र में कैलाश बाबा मढ़ी के पास बने गंगा घाट पर स्नान के दौरान डूबने से मौत हो गई। आकाश के मामा सुखेंद्र पाल ने बताया कि आकाश की सगी मां राजों की कई साल पहले ही मौत हो गई थी वह अधिकतर अपनी ननिहाल में ही रहता था। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने दोनों शवों की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## क्विक न्यूज

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** विवाह के लगभग 7 माह बाद ही महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतका के घरवालों ने किसी पर आरोप लगाने से इनकार किया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव हरेली निवासी शिव ओम की 22 वर्षीय पत्नी बिट्टो ने कल शाम घर की छत के कुंडे से दुपट्टा बंद कर फांसी लगा ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद उसके पति के ताऊ राजेंद्र ने बताया कि लगभग 7 माह पूर्व बिट्टो का विवाह शिव ओम से हुआ था विवाह से पूर्व बिट्टो के अपने गांव में ही रहने वाले एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहे थे जिसके चलते वह उसके साथ फरार हो गई लेकिन यह बात से बाहर से पूर्व शिवओम के घर वालों को पता नहीं थी उसी के चलते उन्होंने शिव ओम से उसका विवाह करा दिया लेकिन बिट्टो अपने पति से अक्सर झगड़ा करती थी और कल शाम को भी किसी बात पर ले कर दोनों में झगड़ा हुआ था जिसके बाद शिव ओम घर से बाहर चला गया उसके जाने के बाद बिट्टो ने कमरे में बंद होकर छत के कुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली कुछ देर बाद घर वापस लौटे पति ने उसे नहीं देखा तो कमरे में वह पहुंचा जहां बिट्टो की लाश फांसी पर लटकी हुई थी। उसने घटना की जानकारी शाहजहांपुर से खुदागंज थाना क्षेत्र के बनिहाल गांव में रहने वाले उसके पिता कल्लू को दी तब मायके वाले बिट्टो की ससुराल पहुंचे और उन्होंने किसी पर भी आरोप लगाने से इनकार किया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### दो भाइयों की नदी में नहाने के दौरान डूबकर मौत

**शाहजहांपुर।** जानवरों को नदी के किनारे चराने गए दो भाइयों की नदी में नहाने के दौरान डूबकर मौत हो गई। चीखपुकार सुनकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। उसके बाद गोताखोरों की मदद से भाईयों की तलाश शुरू की गई। गोताखोरों ने दोनों शवों को बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव नौगवा गांव का है। यहां के रहने वाले रामकुमार का 16 साल का बेटा सुखदेव और 17 साल का वासुदेव 16 पशुओं को चराने के लिए खेत पर गए थे। कुछ देर चराने के बाद दोनों भाइयों ने पशुओं को गर्रा नदी में छोड़ दिया। उसके बाद खुद भी नदी में नहाने लगे। धीरे-धीरे दोनों भाई गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। पास में मौजूद गांव के रहने वाले दो छोटे-छोटे बच्चों ने दोनों भाइयों को नदी में जाकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। उसके बाद दोनों बच्चों ने ग्रामीणों और परिवार को सूचना दी। उसके बाद गोताखोरों की मदद से भाईयों की तलाश शुरू की गई। देर शाम गोताखोरों ने दोनों शवों को बरामद कर लिया

### यातायात पुलिस कर रही है उत्पीड़न ऑटो चालकों ने किया प्रदर्शन

**बरेली।** यातायात पुलिस द्वारा आटो चालको के अवैध चालान काटनें , चौपला चौराहे का रास्ता बन्द करनें के विरोध में और आटो चालकों के स्टैण्ड बनबाने की मांग करते हुए ऑटो रिक्शा टेम्पू चालक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णपाल के नेतृत्व में बरेली जंक्शन से प्रदर्शन करते हुए आये ऑटो चालकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एसीएम प्रथम को ज्ञापन दिया।अध्यक्ष कृष्णपाल ने मांग की है की शहर की यातायात पुलिस द्वारा आटो चालकों के सवारियाँ चढाते व उतारते वक्त चालान काट दिये जाते हैं व पेपर पूर्ण होने पर भी आटो सीज किए जाते हैं। चौपला चौराहा पूर्ण तरीके से आटो चालकों को बंद कर दिया गया है। आटो चालकों के लिए पूरा शहर नो पार्किंग जोन बनाया हुआ है, ऐसे में आटो चालक कहाँ से सवारियाँ बैठायें व चढायें ये समस्या बनी हुई है।नो पार्किंग के चालानों पर पूर्णता रोक लगायी जाये, व नो पार्किंग के जो भी चालान किए गये हैं. वह रद्द किये जायें । शहर में पार्किंग स्थल तय किए जायें, जब तक पार्किंग स्थल नहीं बन जाते तब तक अस्थायी पार्किंग उपलब्ध करायी जाये । चौपला चौराहे का रास्ता पुल के नीचे से ऑटो चालकों को खोला जाये । सिटी परमिट आटो पर वर्ष 2010 से प्रतिबंध है उसके बाद, देहात परमिट डीजल आटो वेंच दिये जिनकी संख्या 1200 है वह भी हरे हो कर शहर में यातायात पुलिस चलवा रही है। देहात परमिट ६ छ. ळ. चलित आटो भी शहर में ग्रीन होकर संचालित हैं। लगातार शहर में ई रिक्शा को बेचा जा रहा है इनकी संख्या 10 हजार तक पहुँच गयी है जिससे जाम की समस्या पैदा हुई है हम माँग करते हैं कि ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन तत्काल बंद किया जाए । सभी आटो चालकों का स्वास्थ्य वीमा कराया जाये ताकि उनके बच्चों का ईलाज हो सके । सीएनजी गैस की कीमतें तत्काल 50धरू किलोग्राम किया जाये ताकि आटो चालकों को राहत मिल सके ।

### लगेंगे आधार संशोधन कैम्प

**सीतापुर।** आधार संशोधन के लिए जिला कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट में 5 जून से 11 जून तक कैंप लगाया जाएगा। ऐसे लोग जिनके आधार जारी हुए 10 वर्ष हो गए है और आधार नामांकन कराने के बाद अपना निवास बदल चुके है, लेकिन आधार पर अपडेट नहीं कराया है, इस कैंप में दस्तावेज अपलोड कर उनके आधार सही किए जाएंगे। जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा इस संबंध में जारी निर्देश के अनुसार ई-डिस्ट्रिक्ट के अतिरिक्त बिसवां तहसील में 13 से 19 जून तक और लहरपुर तहसील में 21 से 27 जून तक आधार संशोधन कैंप लगाए जाएंगे।

### प्रेमिका ने गला घोंट प्रेमी की हत्या की

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान क्षेत्र के अंतर्गत प्रेमिका ने गला घोट कर की प्रेमी कर दी हत्या। हत्या का कारण समाचार लिखे जाने तक साफ नहीं हो सका है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करने की बात कह रही है। अमित कुमार 24 वर्ष पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम कोरिया चमरू थाना फरधान की गला घोट कर प्रेमिका द्वारा हत्या किए जाने का मामला संज्ञान में आया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। अमित का प्रेम प्रसंग गांव की एक महिला से करीब 4 वर्षों से चल रहा था, अमित व प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई। बात इतनी बढ गई की प्रेमिका ने अपने प्रेमी का गला घोट कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी होने पर फरधान पुलिस मौके पर पहुंची। अमित के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस संदर्भ में अनिल कुमार सैनी थाना प्रभारी फरधान ने बताया कि गांव की एक महिला से अमित कुमार का प्रेम प्रसंग होने की बात की जा रही है। चर्चा है कि बुधवार को अमित की प्रमिका द्वारा हत्या कर दी गई। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महिला पहलवानों को न्याय दिलाने, साक्षी के हत्यारे को फांसी की सजा की मांग करते हुए किया प्रदर्शन

**बरेली।** केंद्रीय श्रम संगठनों के देशव्यापी आंदोलन के तहत आज बरेली में ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने महिला पहलवानों को न्याय मिलने में हो रही देरी पर अपना विरोध दर्ज कराया जम कर नारे बाजी की गई और जिलाधिकारी बरेली के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन प्रेषित किया,जिसमे सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से दर्ज कराई गई प्राथमिकी पर तुरत कारवाई की मांग की गई , साथ ही मुख्य अभियुक्त बृज भूषण सिंह को तुरत गिरफ्तार कर कठोर दण्ड दिए जाने की मांग की गई है। इस दोरान एक दूसरा ज्ञापन भी दिया गया जिसमे अयोध्या में सनबीम स्कूल की छात्रा की नृशंस हत्या पर कारवाई किए जाने और मृतका के परिवार को न्याय मिलने की मांग की गई साथ ही साथ दिल्ली में सरेआम साक्षी की चाकू से गोदकर की गई विभत्स हत्या पर भी रोष व्यक्त किया और हत्यारे के खिलाफकठोर कारवाई किए जाने की मांग की गई है। दोनो ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय पर एसीएम प्रथम को दिया।

## शासन की योजनाओं का गुणवत्ता परक क्रियान्वयन सुनिश्चित करें अधिकारी : टेनी

● कलेक्ट्रेट में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**केंद्र** सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण के लिए जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ;दिशाद्ध की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकारए खीरी सांसद अजय मिश्र ष्टेनीष् की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। सांसद ने एक.एक योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की हकीकत भी परखी। मौजूद विधायक ने भी विकास कार्यों को गति देने के लिए अपने सुझाव दिए। बैठक में मुख्य रूप से विधायक योगेश वर्मा, विनोद अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंहए सीडीओ अनिल सिंहए एडीएम संजय सिंहए ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ताए वीरेंद्र शुक्ला, ब्लाक प्रमुख बिजुआए बेहजमए सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय, अंबरीश सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, दीपक तलवार, समिति के नामित सदस्य सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि जिले में योजनाओं के नियमित अनुश्रवण, समीक्षा से ही केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं का लाभ जिले के लोगों को अधिक से अधिक मिल रहा है। साथ ही साथ विभागीय कामों में खीरी जिले ने एक अलग स्थान बनाया है। जिस कारण ही खीरी की प्रदेश में अलग पहचान बनी है। मैं चाहता हूं, यह निरंतरता बनी रहे और हम लोग अपने जिले के लोगों की समृद्धिए खुशहाली के लिए जो प्रयास कर रहे हैं, उन प्रयासों में हम सफल हो। जनपद वासियों के जीवन जीने की सामान्य सुविधाएं एवं जरूरत बढ़े। इसके लिए हम निरंतरता से काम करें। अफसर जन प्रतिनिधियों के सहयोग, मार्गदर्शन में जिले की इस रफ्तार को जारी रखते हुए गुणवत्ता को और बेहतर बनाएं।

## पलिया बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन द्वारा डीएम को दिया गया ज्ञापन

● ट्रैफिक पुलिस द्वारा बाईपास रोड उल्ल नदी के किनारे यात्रियों को उतारे जाने से हो रही परेशानियों से अवगत कराया

संवाददाता। पलियाकलां -खीरी

**पलिया** बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लखीमपुर में ट्रैफिक्र पुलिस द्वारा बाईपास रोड उल्ल नदी के किनारे यात्रियों को उतारे जाने से हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए सवारियों को अपने गंतव्य बस स्टेशन मोहल्ला शिवपुरी लखीमपुर में बस पहुंचने व सवारियों को बस अड्डे पर उतारने की अनुमति के लिए जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया है। पलिया बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन एवं खजुरिया .गौरीफंटा एवं दुधवा लखीमपुर बस आपरेटर्स एसोसिएशन की पलिया से सारी बसें अपनी समय सारणी के अनुसार लखीमपुर तक संचालित होती हैं । लखीमपुर में उनका निजी बस स्टैंड है जहां सवारियां उतरती हैं और बैठती हैं। नगर पालिका क्षेत्र में स्थित बस स्टैंड है जिसे नगर पालिका लखीमपुर में बस स्टैंड संचालन की स्वीकृति प्रदान की है। बस स्टैंड नगरपालिका को सभी करों का भुगतान भी करता है। बस स्टैंड पर शौचालयए पीने हेतु शुद्ध जलए स्नानागार एवं यात्रियों के विश्रामगृह की भी समुचित व्यवस्था है। पर इधर काफी दिनों से ट्रैफिक्र पुलिस द्वारा बसों की सवारियों को बाईपास रोड पर उल्ल नदी के पास उतार दिया जाता है। जहां बस यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है न पानी की व्यवस्था है न शौचालय है न कहीं पर बैठने की जगह ।यात्रियों में महिला पुरुष और बच्चे व उनका सामान भी होता है। बस सवारियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए इन्हें अपने निश्चित बस स्टेशन पर उतारने की अनुमति प्रदान करें।

## भाजपा ने किया वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन

**सीतापुर।** विधानसभा सिधौली के गोंदलामऊ में भाजपा द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी राजीव शुक्ला रहे। इस दौरान पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में संयोजक ललित मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सूर्य बख्श सिंह, राकेश पांडेय, लक्ष्मी शंकर गिरी, सांसद प्रतिनिधि अमित मोहन और अनूप मिश्रा सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं लहरपुर में भाजपा का वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया गया। इसके संयोजक भाजपा के प्रदेश परिषद सदस्य वीरेंद्र पुरी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। अपने संबोधन में संयोजक वीरेंद्र पुरी ने कार्यकर्ताओं की संगठन की रीढ़ बताया। कार्यक्रर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता रामानंद अवस्थी ने की तथा संचालन प्रमोद बाजपेई ने किया। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, मुकुंदेलाल त्रिवेदी और उदित बाजपेई ने भी संबोधित किया। इस दौरान जनसंघ काल से जुड़े 98 वर्षीय राधेश्याम द्विवेदी, लल्ला सिंह चौहान, श्रीराम कपूर, वीके सिंह, नगर अध्यक्ष रमेश बाजपेई सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुड मॉर्निंग अभियान के पुलिस कर्मियों की रात में नहीं लगेगी ड्यूटी

**मोहम्मदी खीरी।** पुलिस अधीक्षक की गुड मॉर्निंग पहल पर आज पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा के वार्ता की गई तो उन्हें बताया कि गुड मॉर्निंग पहल को और सक्रियता के साथ बढाने के लिए जिन एसआई और आरक्षियो को लगाया गया है एउनकी रात्रि में ड्यूटी नहीं लगाई जाएगीए पुलिस उपाधीक्षक ने बताया पांच से छह टीमों का गठन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किया गया हैएजो 1 सप्ताह तक नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में 5 बजे से 9 बजे तक भ्रमण पर रहकर गुड मॉर्निंग बोलेंगे एजिससे पुल सिग भी हो जाएगी और आम जनता के बीच पुलिस और जनता के बीच गतिरोध भी समाप्त होगा एतथा अन्य समस्याओं का समाधान भी इस पहल के माध्यम से होगाएइसका उद्देश्य यह भी है कि प्रात: काल 5से 9 जो गैप रहता था उसके भी भरपाई हो जाएगी और पुलिस पर लोगों का विश्वास और संवाद भी बढ़ेगा।

## सरकारी स्कूल में बंद आवारा पशुओं को भेजा गया अस्थाई गौआश्रय स्थल

**सीतापुर।** कसमण्डा ब्लाक के एक सरकारी स्कूल में बीते रविवार से बंद आवारा पशुओं को आखिरकार आस्थाई गौ आश्रय स्थल भेज दिया गया। ग्रामपंचायत खुर्दा मजरा पुरैना के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में ग्रामीणों ने करीब आधा सैकड़ा गौवंश को पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बंद कर दिया था। सूचना के बावजूद किसी स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। गुरूवार को सिधौली एसडीएम राखी वर्मा के निर्देश पर एडीओ आईएसवी शिव प्रकाश दुबे, पशु चिकित्सक डा. ज्ञानेंद्र वर्मा और प्रधान फूल सिंह ने ग्रामीणों की मदद से कैटल कैचर वाहन द्वारा सभी गौवंश को अस्थाई गौ आश्रय स्थल पहुंचा दिया।

## मनाया गया विश्व पर्यावरण सप्ताह

**सीतापुर।** इंडियन बैंक द्वारा संचालित इंड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर में विश्व पर्यावरण सप्ताह मनाया गया। इसके मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राजेश वर्मा रहे। इस दौरान सांसद ने आरसेटी कार्यों की सराहना करते हुए प्रशिक्षित लाभार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए। इसके बाद सांसद ने संस्थान परिसर में वृक्षा रोपण भी किया। इस अवसर पर इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख अभिलाषित कौशल ने लाभार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक अनल कुमार भी मौजूद रहे।

## 20 लाख की अफीम के साथ एक गिरफ्तार




संवाददाता। शाहजहांपुर

**थाना** जलालाबाद पुलिस ने बीती रात भुडिया तिराहे से एक मादक पदार्थ तस्कर अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसके पास से 20 लाख रुपए कीमत की अफीम बरामद की। अजय कुमार अफीम को झारखंड के होटल एवं ढाबे पर सप्लाई करता था। क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय ने बताया पुलिस ने 20 लाख की अफीम के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के पास से 200 ग्राम अफीम बाइक बरामद की है। जलालाबाद का रहने वाला आरोपी तस्कर झारखंड के होटल और ढाबे पर सप्लाई करता था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## गैर कानूनी रूप से केबल टीवी किया बन्द

● केबल ऑपरेटरों ने किया विरोध प्रदर्शन, डीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता। बरेली

**गैर** कानूनी रूप से केबल टीवी की सेवाएं बाधित करने विरोध में बरेली शहर के केबल ऑपरेटरो ने कौशल सारस्वत के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। केबल ऑपरेटर कौशल सारस्वत ने बताया बरेली शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डेन कम्पनी से सिग्नल लेकर केबल टीवी का व्यवसाय विगत कई वर्षों से कर रहे हैं जिसके क्षेत्रीय वितरक हरजिंदर सिंह (सिमरन एजेंसी) है जिनका कार्यालय सिंह टावर स्टेडियम रोड थाना इज्जतनगर बरेली में स्थित है। पिछले कई दिनों से इनका और डेन कम्पनी का ब्रॉडबैंड को लेकर कुछ विवाद चल रहा है जिसके कारण इन्होंने डेन के केबल टीवी के सिग्नल भी बंद कर दिए हैं जो की ट्राई की गाइडलाइन के अनुसार गैर कानूनी है सिग्नल बंद करने से पूर्व कम से कम 21 दिन का नोटिस देना अनिवार्य है। जिसके कारण हजारों कस्टमर केबल टीवी नहीं देख पा रहे हैं जिसके कारण उनमें आक्रोश है जिसके परिणाम स्वरूप कोई भी घटना किसी लोकल केबल ऑपरेटर के साथ घट सकती है टीवी बन्द होने के कारण शहर की जनता घरों पर आकर के शोर मचा रही है घर पर आकर जनता गाली गलौज कर रही है। केबल ऑपरेटरों का व्यवसाय भी खतरे में है। केबल टीवी के सिग्नल जल्द से जल्द चालू किये जायें उनके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। केबल टीवी के सिग्नल जल्द शुरू नहीं किए गए तो केबल ऑपरेटर इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएंगे । शिकायत के दौरान कौशल सारस्वत मनप्रीत सिंह अमरजीत महेंद्र सिंह अमर सिंह रजनीश संजीव गुप्ता आरके जेदी , के सिंह , पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 जून, 2023



# तम्बाकू की लत से युवा पीढ़ी हो रही तबाह : आर के सिंह पटेल

- विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सांसद ने दिलायी शपथ
- पीएम स्वनिधि योजना को बताया फुटपाथियों के लिए वरदान





**संवाददाता।** चित्रकूट

**विश्व** तम्बाकू निषेध दिवस पर टाउन हाल कर्वी में हुई गोष्ठी में जिले को तम्बाकू मुक्त करने को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय तम्बाकू निषेध दिवस की अध्यक्षता मुख्य अतिथि/सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में की।

सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि तम्बाकू स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती है। घर परिवार एवं रिश्तेदारों को तम्बाकू निषेध को प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई। नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि तम्बाकू स्वास्थ्य एवं परिवार पर बुरा प्रभाव डालती है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि नशा युवा पीढ़ी को गिरफ्त में लेती जा रही है। इससे मानसिक व शारीरिक रूप से युवा अपंग होते जा रहे हैं। तम्बाकू कैंसर जैसी भयानक बीमारी को निमंत्रण देता है। धीरे-धीरे इंसान को खत्म करती है। वह धन हानि के साथ स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।

मुख्यालय स्थित टाउन हाल में आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव का शुभारंभ बांदा/ चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। पीएम निधि महोत्सव स्वावलंबी, रेहड़ी, पटरी वालों का उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्य अतिथि आरके सिंह पटेल ने कहा कि करोना काल में जो लोग बाहर गए थे उन्हें घर वापस के समय बहुत बडा संकट खड़ा हो गया था। कहा कि रोटी कपड़ा मकान यह सभी की जरूरत है इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का शुभारभ किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत रेहड़ी पटरी वालों का अपना छोटा रोजगार कर सके। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से रेहड़ी पटरी वालों को लाभ दिया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पीएम स्वनिधि योजना का आरंभ कोविड काल के साथ ही चालू किया गया। उन्होंने कहा यह योजना फुटपाथ पर कार्य कर रहे रेहड़ी पटरी वालों को प्रोत्साहित करने के लिए है।

## बेहतर मार्केट देने को छह कम्पनियों ने किया एमओयू



चित्रकूट। जिले के किसान उत्पादक संगठनों को व्यवसाय बढ़ाने को बेहतर मार्केट देने की गरज से कृषि भवन में छह कंपनियों के साथ एमओयू साइन कराया गया। ईएफ पॉलीमर, संचय ग्रीन, प्रिया मशाला, यूनाइटेड नेचर, फारमार्ट और मेरठ उद्यमी फाउंडेशन कंपनियों के साथ जिले के एफपीओ के पदाधिकारियों ने एमओयू साइन किया है। गुरुवार को मुख्य रूप से चुन्नी देवी प्रोग्रेसिव फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी चकमाली कर्वी, देवबाबा बायोएनर्जी, कर्वी ऑर्गेनिक, जीश्री एफपीओ, मानिकपुर ऑयल, रामनगर आयल, मऊ मण्डौर, पहाड़ी मसूर, महर्षि बाल्मीकि आदि के पदाधिकारियो ने एमओयू साइन किया। कृषि उपनिदेशक राजकुमार ने बताया कि इस तरह के समझौतों से एफपीओ से जुड़े किसानों को सीधे लाभ मिलेगा।

## कार्यालयों में कराएं रूफटाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग : डीएम

- डीएम ने बैठक में अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई को दिये निर्देश



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में रूफटाप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग आदि के संबंध में तकनीकी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में रुफ्टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य 199, चेकडैम निर्माण 41, एवं 247 तालाबों का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार के प्रस्ताव प्रस्तावित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई को निर्देश दिए की रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों में कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, थाना, स्वास्थ्य केंद्र आदि बड़े जो शासकीय कार्यालय हैं उनका निरीक्षण कर लें। जहां पर कार्य न हुआ हो वहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य कराए जाएं। चेक डैम निर्माण वन विभाग से भी प्रस्ताव प्राप्त करें। उन्होंने उप प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिए कि रानीपुर टाइगर रिजर्व तथा जो अन्य वन क्षेत्र में चेकडैम बनाए जाने की आवश्यकता है तो उसका प्रस्ताव बना कर दें।


## संयुक्त किसान मोर्चा ने महिला पहलवानों के समर्थन में दिया धरना



**चित्रकूट।** संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में महिला पहलवानों के शोषणकर्ता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर एसडीएम सदर को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि भारतीय महिला पहलवानों का जंतर-मंतर पर विरोध जारी रखने की अनुमति देने को और सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी तथा कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली एक नाबालिग समेत कई महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद/ मान्यता प्राप्त भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। ये महिला पहलवान 23 अप्रैल से दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना दे रही थीं।

## पुलिस उपेक्षा के शिकार पीड़ित ने मुख्यमंत्री व डीजीपी से लगाई गुहार

- पुलिस डीजीपी के गृह जनपद में पुलिस अधिकारी ने फरियादी को अपने चैंबर से भगाया



**उरई,** जालौन। नए डीजीपी उत्तर प्रदेश लखनऊ के ग्रह जनपद जालौन में एक पुलिस अधिकारी के चेंबर में पहला ऐसा मामला आया जब पीड़ित की फरियाद सुने बिना ही घटनास्थल का परीक्षण कराए बिना ही फरियादी को यह कहकर चेंबर से भगा दिया कि तुम्हारे मामले में कोई कार्रवाई नहीं करूंगा एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का इस तरह का लोक आचरण चेंबर के बाहर खड़े मीडिया के तमाम लोगों ने भी देखा और इसे उचित नहीं ठहराया। कोतवाली उरई क्षेत्र के ग्राम चक जगदेवपुर निवासी लालजी दोहरे पुत्र राजाराम की पुत्री की शादी 8 जून को है लालजी के मोहल्ले में ही राजू पुत्र भगवानदीन नाम का शातिर अपराधी रहता है जो गंगादीन बाबा की हत्या के मामले में 7 साल की कैद काट कर बाहर आया है। पुलिस अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में लाल जी ने बताया कि 31 मई को शाम 4:45 बजे करीब जब वह अपने रिश्तेदारों के साथ दरवाजे के सामने बैठा था तभी सजायाफ्ता राजू उनके दरवाजे पर आया और गाली गलौज करने लगा जब उसने रोका तो राजू ने उसके ऊपर कुल्हाड़ी से वार कर दिया कि तभी वहां खड़े लालजी के भतीजे सत्येंद्र ने कुल्हाड़ी का बार अपने पर ले लिया जो उसकी बांह में घाव कर गया। लालजी ने तत्काल डायल 112 को सूचित किया डायल 112 ने मौके पर पहुंचकर यह कहकर कोतवाली जाने को कहा कि वह शातिर अपराधी है वह उसे नहीं पकड़ पाएगी। तब लालजी भतीजे सत्येंद्र को लेकर कोतवाली गया और प्रार्थना पत्र कोतवाली देकर लौट आया पुलिस ने सत्येंद्र का मेडीकल परीक्षण भी नही कराया। कोई कार्यवाही ना होने पर पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई और बताया कि उसकी बेटी की शादी है अगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो राजू उसके व परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकता है।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हुई मॉडल प्रतियोगिता



**उरई,** जालौन। राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन उरई के कालेज ऑफ पैरामेडिकल विभाग मे प्रधानाचार्य डॉ आर के मौर्य की अध्यक्षता एवं प्रधानाचार्य कालेज ऑफ नर्सिंग डॉ0 रीना कुमारी के निर्देशन में 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ0 आर के मौर्य, प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज द्वारा नामित पैरामेडिकल विभाग के उद्घाटन के साथ हुई । इसके पश्चात् पोस्टर एवं मॉडल प्रतियोगिता छात्रों द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ आर के मौर्य ने कहा कि पैरामेडिकल विभाग अस्पताल का महत्वपूर्ण अंग है। डॉ रीना कुमारी, प्रधानाचार्य कालेज ऑफ नर्सिंग ने तम्बाकू उत्पादन एवं उससे होने वाले दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला।

## पशु चिकित्सालय व आंगनबाड़ी केंद्र कदौरा का डीएम ने किया निरीक्षण

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह ने आज विकास खण्ड कार्यालय, राजकीय पशु चिकित्सालय व आंगनबाड़ी केन्द्र कदौरा का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड कार्यालय कदौरा के विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुये अभिलेखों के व्यवस्थित ढंग से रख रखाव करने के निर्देश दिये। उन्होने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये गये कार्यो का स्वयं स्थलीय जांच कर आख्या प्रस्तुत करें।

उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों को अतिरिक्त ग्राम पंचायत आंवटित न किये जाये। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाकर उन्हे लाभान्वित करे। उन्होने परिसर में साफ-सफाई देखकर सन्तोष व्यक्त किया। इसके उपरान्त राजकीय पशु चिकित्सालय कदौरा का निरीक्षण के दौरान संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने संबंधित गौशालाओं का प्रतिदिन निरीक्षण कर गौशालाओं में पर्याप्त व्यवस्था कायम रहे।

### मानसिक विक्षिप्त महिला ने यमुना में लगाई छलांग

**कालपी, जालौन।** पति के साथ इलाज कराने आई मानसिक विक्षिप्त महिला ने यमुना पुल से नदी में छलांग लगा दी, जिससे वहां हड़कंप मच गया व लोगों की भी भीड़ भी जमा हो गई। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर आसपास तलाश कराने में लगी हुई हैं, लेकिन महिला का कुछ पता नही चल सका। सिमिरिया जिला भिंड निवासी 35 वर्षीय परवीना पत्नी सद्दाम मानसिक विक्षिप्त थी, 40 दिनों से खानकाह में रहकर उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार की सुबह 6 बजे पति सद्दाम से कहा कि वह यमुना पुल टहलने जा रही है कुछ देर बाद वापस आ जाएगी। जब सद्दाम कुछ देर के बाद वहां पहुंचा तो परवीना ने पुल से यमुना नदी में छलांग लगा चुकी थी। अभी तक महिला का पता नहीं चल पाया है।

## युगराज सिंह डिग्री कॉलेज में हुई शिव परिवार की स्थापना



**फतेहपुर।** ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय परिसर में आज विधिवत शिव परिवार स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुआ। आयोजक उदय प्रताप सिंह पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक एवं अभय प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत फ्तेहपुर की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत् विगत तीस मई को महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित मंदिर में जलाभिषेक एवं वेदी पूजन किया गया। 31 मई को देवी पूजन एवं रुद्राभिषेक हुआ एवं आज फ्ला दिवस, वेदी पूजन, देव प्रतिष्ठा एवं पूर्ण आहुति के साथ शिव परिवार स्कूल कैंपस से गाजे-बाजे के साथ शहर के पांच प्रमुख मंदिरों में मूर्ति पूजन करने के लिए ले जाया गया।

सबसे पहले अयोध्या कुटी में बने ओमकारेश्वर मंदिर फ्रि श्रीबांके बिहारी मंदिर होते हुए मोटे महादेव मंदिर, साईं मंदिर और फ्रि तामेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात यह यात्रा वापस स्कूल कैंपस में बने मंदिर में मूर्तियों को प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रतिस्थापित किया गया। यात्रा में शहर के बड़ी संख्या में लोगों ने सहभाग किया।

## आठ सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भूटान की राजधानी थिम्पू जायेगा

- भूटान जाकर हिंदी सम्मेलन में भाग लेंगे प्रतिनिधिमंडल सदस्य



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**हिंदी** सम्मेलन में डा रामकृष्ण राजपूत के साथ आठ सदस्यीय दल भूटान जायेगा 21वे अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में डा रामकिशन राजपूत के साथ आठ सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल भूटान की राजधानी थिम्पू जायेगा। पूरे देश से इस सम्मेलन में 103 सदस्यीय प्रतिनिधि शामिल होने जायेगे। यह बात पलरिया स्थित अपने आवास पर इतिहासकार डा रामकिशन राजपूत ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 4से 11जून के बीच होने वाले हिन्दी सम्मेलन में चार दिन कई सत्र का आयोजन जिसमे राजनीति का धरम करम और धरम करम की राजनीति प्रकाशित होने वाली वार्षिकी में इस जनपद की भागीदारी होगी। 30 पुस्तकों ,पत्रिकाओं का विमोचन, साहित्यिक ,सांस्कृतिक संगोष्ठीयों में प्रभारी भागीदारी, रचना, पाठ, वक्तव्य आदि में जनपद की भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि 3 जून को लखनऊ से जलपाई गुड़ी होते हुए हम भूटान बौद्ध सांस्कृतिक केंद्र की राजधानी थिम्पू के पारो एयर पोर्ट पहुचेगें। चार दिन के सत्र के बाद कई दार्शनिक स्थलों का सभी भ्रमण करेंगे।

## डिप्टी सीएम आज विकास योजनाओं की करेंगे समीक्षा

**कानपुर देहात।** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक आज जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा करेंगे। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रोटोकाल के अनुसार डिप्टी सीएम शाम करीब 4 बजे औरैया से जनपद की सीमा में प्रवेश करेंगे उसके बाद डिप्टी सीएम जिले में जनकल्याणकारी विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे, शाम साढे पॉच बजे डिप्टी सीएम भाजपा जिला कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे उसके बाद डिप्टी सीएम जिला अस्पताल का निरीक्षण करेंगे, शाम करीब 7 बजे डिप्टी सीएम कलेक्ट्रेट सभागार में सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी नीतियों की समीक्षा करेंगे।

## यदि ठगी पीड़ितों का भुगतान नहीं तो मतदान नहीं: सूरजदीन

**संवाददाता।** फतेहपुर

**ठगी** पीड़ित जमाकर्ता परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजदीन विश्वकर्मा ने कहा कि ठगी पीड़ितों को जब तक भुगतान नहीं किया जायेगा तब तक वह मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होने पहले भुगतान फ्रि मतदान का नारा भी बुलंद किया।

गुरुवार को ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की जिला कार्यकारिणी की ओर से शहर के एक मैरिज हाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजदीन विश्वकर्मा व प्रदेश अध्यक्ष डा. राम सागर शुक्ला का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष राकेश कुमार साहू के अलावा संगठन के संस्थापक संयोजक मदन लाल आजाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामलखन पाल, शिवशंकर द्विवेदी, राष्ट्रीय महासचिव रमेश सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता विकास त्रिपाठी समेत पदाधिकारियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत प्रदेश अध्यक्ष का फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जब तक देश के समस्त ठगी पीड़ितों का भुगतान नहीं हो जाता तब तक कोई भी ठगी पीड़ित मतदान में भाग नहीं लेगा। उल्लेखनीय है कि देश के 42 करोड़ ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों के भुगतान की मांग को लेकर संगठन राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन चला रहा है।

## सैम-मैम बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर कराएं उपचार: जिलाधिकारी

**कानपुर देहात।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा जिला पोषण समिति की बैठक जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार में आयोजित हुई, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने भी प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग में समस्त सीडीपीओ को 1 दिन की आंगनवाड़ी की भूमिका का निर्वहन विगत दिवस किए जाने का फीडबैक लिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के सैम मैम सत्यापन के कार्य, पोषण ट्रैकर में फीडिंग, बच्चों के आधार फीडिंग के कार्य में ज्यादा से ज्यादा प्रगति लाने हेतु सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया। उन्होंने समस्त सीडीपीओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति को सुधारें, आंगनवाड़ी केंद्रों में संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें। रेहड़ी-पटरी (स्ट्रीट वेंडर) के लोगों में 'स्वनिधि' योजना के प्रति जागरूकता के दृष्टिगत राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला जिलाधिकारी नेहा जैन, ने इको पार्क सामुदायिक भवन माती में संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर स्वनिधि महोत्सव का शुभारंभ कर रेहड़ी-पटरी वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्वनिधि महोत्सव के आयोजन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार ने रेहड़ी-पटरी (स्ट्रीट वेंडर) वालों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'स्वनिधि योजना' शुरू की है।

# पेज एक का शेष

### जांच के...

देशों से आने वाले लोगों के बायोमेट्रिक्स एकत्र किए जा रहे हैं। शाह ने कहा कि उन्होंने राहत शिविरों का दौरा किया, कुकी और मेइती दोनों नागरिक समूहों से मुलाकात की और शांति प्रक्रिया पर चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि करीब छह साल पहले मणिपुर में सत्ता में आने वाली भारतीय जनता पार्टी ने यह सुनिश्चित किया कि पूर्वोत्तर का यह राज्य बंद, कर्फ्यू आदि से मुक्त रहे। कुकी समुदाय की एक अलग प्रशासनिक इकाई की मांग के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, केंद्र सरकार ने मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता पर अपना रुख पहले ही स्पष्ट कर दिया है। मैं इस मुद्दे को सनसनीखेज बनाने और सुर्खियां बटोरने के लिए कोई बयान नहीं देना चाहता। शाह ने कहा कि मणिपुर में आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने निर्धारित कोटे के अतिरिक्त 30,000 मीट्रिक टन चावल भेजा है। साथ ही गैस सिलिंडर, पेट्रोल और सब्जियों की आपूर्ति की व्यवस्था भी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि खोंगसांग रेलवे स्टेशन पर एक अस्थाई प्लेटफॉर्म बनाकर मणिपुर को देश के बाकी हिस्सों ॅसे आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाएगी। शाह ने बताया कि आवागमन मे सुगमता के लिए चूड़ाचांदपुर, मोरेह और कांगपोकपी से अस्थाई हेलीकॉप्टर सुविधा शुरू की जा रही है, जिससे सिर्फ 2000 रूपए प्रति व्यक्ति की दर से लोगों को एयरपोर्ट और सुदूर स्थानों तक यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस सेवा का बाकी खर्चा भारत सरकार और मणिपुर सरकार उठाएंगे।

### राजीव सिंह...

में सिंह की अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति को जनहित में एक विशेष मामले के रूप में नीतिगत छूट के तहत नियुक्ति की तारीख से तीन साल की अवधि के लिए मंजूरी दे दी। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के विशेष सचिव एन. जेफ्री ने आदेश में कहा कि सिंह तत्काल प्रभाव से मणिपुर के नए डीजीपी और पुलिस प्रमुख होंगे। राज्य में तीन मई को हिंसा भड़कने के तुरंत बाद केंद्र सरकार ने सीआरपीएफ के पूर्व प्रमुख कुलदीप सिंह को मणिपुर सरकार का सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया था। अधिकारियों के अनुसार, मेइती समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) के दर्जे की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद से मणिपुर में हुई जातीय हिंसा में 80 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

### 26 सौ...

हजार रुपए नगद, 2660 फर्जी तैयार की गयी जीएसटी फर्म की सूची, 32 मोबाइल फोन, 24 कम्प्यूटर सिस्टम, 4 लैप टॉप, 3 हार्ड डिस्क, 118 फर्जी आधार कार्ड, 140 पैन कार्ड, फर्जी बिल, 03 लग्जरी कारें बरामद हुई हैं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि यह एक संगठित गिरोह है इनके जरिए पिछले 5 सालों से फर्जी फर्म जीएसटी नंबर सहित तैयार कराकर फर्जी बिल का उपयोग कर जीएसटी रिफन्ड कर इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर सरकार को हजारों करोड़ के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे थे। ये दो टीमों में काम करते थे। दोनों टीम आपस में आपस में आमने-सामने मुलाकात नहीं करती थीं। ये वॉटस एप कॉलिंग एवं मेल का प्रयोग करते हैं। पहली टीम फर्जी दस्तावेज फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, रेंट एग्रीमेंट, इलैक्ट्रिसिटी बिल आदि का उपयोग कर फर्जी फर्म जीएसटी नंबर सहित तैयार करते हैं। दूसरी टीम फर्जी फर्म जीएसटी नम्बर सहित को प्रथम टीम से खरीद कर फर्जी बिल का उपयोग कर जीएसटी रिफन्ड इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर सरकार को हजारों करोड़ का चूना लगाते हैं। दीपक मुरजानी यह प्रथम टीम का मास्टर माइंड है। यह गैंग को संचालित करता है। यह फर्जी दस्तावेज, आधार कार्ड, पैन कार्ड, रेंट एग्रीमेंट, इलेक्ट्रीसिटी बिल आदि का उपयोग कर फर्जी फर्म जीएसटी नम्बर सहित तैयार कराता है। तैयार की गई फर्जी फर्म को विक्रय करने के लिए क्लाइंट द्वितीय टीम तलाश करने का कार्य करता है। इसके द्वारा फर्म बेचने के मोटे रुपये लिए जाते हैं। इन फर्म में फर्जी पैन कार्ड लिंक होता है और उस पैन कार्ड से जीएसटी नम्बर बनाए जाते हैं। मो. यासीन शेख यह प्रथम टीम का प्रमुख सदस्य है। फर्म रजिस्टर्ड कराने की टेक्नोलॉजी और उस फर्म का जीएसटी बनाने की प्रक्रिया से पूर्व से भली भांति परिचित है। यह पूर्व में मुंबई में वेब साइट तैयार करने का कार्य करता था। यह अपने साथ कुछ युवा लड़कों को रखता है, जिन्हें समय-समय पर प्रशिक्षित करता है। इसके द्वारा जस्ट डायल के माध्यम से डेटा लेकर फर्जी तरीके से फर्म बनाई जाती है। विशाल यह प्रथम टीम का प्रमुख सदस्य है। यह अशिक्षित एवं नशा करने वाले लोगों को रुपयों का लालच देकर एवं भ्रमित कर अपने फर्जी नम्बरों को आधार कार्ड में अपडेट कराने का कार्य करता है। आकाश यह प्रथम टीम का प्रमुख सदस्य है। यह अशिक्षित एवं नशा करने वाले लोगों को रुपयों का लालच देकर एवं भ्रमित कर अपने फर्जी नम्बरों को आधार कार्ड में अपडेट कराने का कार्य करता है। राजीव यह सदस्य बिना माल का आदान प्रदान किए ही अपने सहयोगी अतुल के साथ ऑन डिमांड फर्जी बिल तैयार करता है तथा विक्रय करता है। अतुल यह राजीव के कहने पर ही फर्जी बिल तैयार करने का कार्य करता है। अश्वनी यह टीम के प्रमुख सदस्य मो. यासीन शेख के संपर्क में रहकर फर्जी फर्म के लिए फर्जी बैंक अकाउंट खुलवाता है। यह एक खाता खुलवाने का दस हजार रुपया लेता है। अब तक की पूछताछ में इसके द्वारा विभिन्न बैंकों में 4 फर्जी बैंक अकाउन्ट झमेली चौपाल, जिबोलो, रजनीश झा, विवेक झा को खुलवाना पाया गया है। विनिता यह प्रथम टीम के मास्टर माइन्ड दीपक मुजमानी की पत्नी है। यह प्रथम टीम द्वारा तैयार की गई फर्जी फर्म जीएसटी नम्बर सहित को विक्रय करने एवं टीम के द्वारा संचालित फर्जी फर्म में, फर्जी बिलों को लगाकर जीएसटी रिफन्ड आईटीसी इंपुट टैक्स क्रेडिट से होने वाली इनकम का लेखा जोखा रखना एवं टीम के सदस्यों का उनका कमीशन व खर्चे आदि के प्रबंधन का कार्य करती है। ये लोग सबसे पहले फर्जी फर्म तैयार करने के लिए सर्विस प्रोवाइडर कंपनी जस्ट डायल के माध्य से अवैध रूप से डैटा पैन नम्बर क्रय किए जाते हैं। जिसके बाद कालोनियों एवं मोहल्लों को अशिक्षित एवं नशा करने वाले व्यक्तियों को 1000-1500 रुपयों का लालच देकर एवं भ्रमित कर उनके आधार कार्ड में पूर्व से एकत्रित किए गए फर्जी मोबाइल सिम नम्बर को रजिस्टर्ड करा लेते हैं। इसके बाद इस टीम द्वारा ऑन लाइन रेन्ट एग्रीमेन्ट एवं इलेक्ट्रीसिटी बिल को फर्जी तरीके से डाउनलोड कर लेते हैं। इसी के जरिए ये एड्रेस तैयार करते थे। ये लोग क्रय की गई फर्जी फर्म जीएसटी नम्बर सहित का उपयोग बिना माल का आदान प्रदान किए, तैयार किए गए फर्जी बिलों का फर्म में उपयोग कर भारत सरकार से जीएसटी रिफन्ड करा लेते हैं। एक फर्जी फर्म जीएसटी नम्बर सहित में एक माह में करीब दो से तीन करोड़ के फर्जी बिलों का उपयोग किया जाता है। जिनमें कुल धन राशि का निर्धारित जीएसटी प्रतिशत का रिफन्ड अवैधानिक रूप से प्राप्त किया जाता है। आंछित गोयल पुत्र प्रदीप गोयल, प्रदीप गोयल, अर्चित, मयूर उर्फ मणि नागपाल, चारू नागपाल, रोहित नागपाल, दीपक सिंघल व इनके अलावा अन्य अज्ञात व्यक्ति हैं। इस गैंग के दिल्ली में मधु विहार, शहादरा और पीतमपुरा ऑफिस संचालित किए जा रहे है।

### सौहार्दपूर्ण ढंग...

दिखाया गया था। प्रेस वार्ता के दौरान, सीमा विवाद के बारे में पूछे जाने पर विदेश सचिव क्वात्रा ने दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की टिप्पणियों का हवाला दिया और कहा कि वे ना केवल दोनों नेताओं के इरादे और दो प्रणालियों की बात कर रहे हैं, बल्कि वे उस तरीके की भी बात कर रहे हैं जिसके जरिए वे इसे आगे बढ़ाने का इरादा रखते हैं।

### एनसीईआरटी ने...

पर पाठ्यक्रम का बोझ कम करना अत्यावश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी पाठ्यक्रम के भार को कम करने और रचनात्मक मानसिकता के साथ सीखने के अवसर प्रदान करने पर जोर देती है।

### अध्यादेश पर...

दावा किया कि साथ ही, केंद्र सरकार विधिवत निर्वाचित सरकारों को स्वतंत्र रूप से काम करने से रोक रही है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के सीएम एवं द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन से उनके आवास पर मुलाकात की। चेन्नई में हुई मुलाकात के दौरान केजरीवाल ने केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ द्रमुक का समर्थन मांगा। इस दौरान पंजाब के सीएम भगवंत मान, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह व राघव चड्ढा और शिक्षा मंत्री आतिशी भी मौजूद रहीं। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने गर्मजोशी के साथ केजरीवाल का स्वागत किया। इसके बाद उनके बीच केंद्र सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने और देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर गंभीर चर्चा हुई।

### कार्रवाई के...

प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने के विरोध में हर की पौड़ी पहुंचे। बृजभूषण पर कई महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और संगीता फोगाट जैसे शीर्ष पहलवानों ने बृजभूषण पर एक नाबालिग समेत सात महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोप लगाया है। ये सभी पहलवान मंगलवार को गंगा नदी में अपने पदक बहाने गए थे लेकिन खाप और किसान नेताओं के मनाने पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। हालांकि प्रदर्शनकारी खिलाड़ियों ने अपनी मांगे मानने के लिए पांच दिन का समय दिया है। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ दो प्राथमिकयां दर्ज की हैं जिनमें पहली एक नाबालिग पहलवान के आरोपों के आधार पर पोक्सो (बाल यौन अपराधों से संरक्षण) के तहत दर्ज की गई है। दूसरी प्राथमिकी में शीलभंग करने संबंधी आरोप लगाए हैं।

### सदस्यता जाने...

था। राहुल ने कहा कि जब वह 2000 में राजनीति में आए थे, तब उन्होंने सोचा भी नहीं था कि उन्हें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज वह जो कुछ भी होता देख रहे हैं, वह उससे एकदम अलग है, जैसा कि उन्होंने राजनीति में आते समय सोचा था। लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किए जाने पर राहुल (52) ने कहा कि उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी कि ऐसा कुछ होगा। राहुल, केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, लेकिन, फिर मुझे लगता है कि इसने मुझे वास्तव में एक बड़ा अवसर दिया है। राजनीति ऐसी ही होती है।

# रूस ने यूक्रेन की राजधानी पर फिर दागी मिसाइलें

● कम से कम तीन लोगों की मौत

भाषा। कीव



**रूस ने बृहस्पतिवार** तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर एक बार फिर मिसाइलें दागीं, जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस ने मई में कीव पर कुल 17 बार हमले किए थे। इनमें से ज्यादातर हमलों में ड्रोन विमानों का इस्तेमाल किया गया था। बृहस्पतिवार को मॉस्को ने यूक्रेनी राजधानी को जमीन से दागी गई मिसाइलों से निशाना बनाया, जिससे कई आवासीय इमारतें, एक क्लीनिक, पानी की एक पाइपलाइन और कई वाहन नष्ट हो गए। अधिकारियों ने पहले कहा था कि रूस के ताजा हमले में कम से कम तीन लोग मारे गए हैं, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं। हालांकि, बाद में उन्होंने बताया कि इन हमलों में एक बच्चे सहित तीन लोगों की जान गई है, जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के सुरक्षा बलों ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने रूस की ओर से दागी गई सभी 10 मिसाइलों को नष्ट कर दिया, लेकिन एक मिसाइल का मलबा एक आवासीय इमारत पर जा गिरा, जिससे उसमें आग लग गई और वहां रह रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने बताया कि मॉस्को ने ताजा हमलों के लिए छोटी दूरी की इस्केंदर और बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इस बीच, कीव के मेयर ने कहा कि यूक्रेन एक जून को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस के रूप में मनाता है, लेकिन रूसी हमले के मद्देनजर राजधानी में इस उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। वहीं, प्रशासन ने लोगों से शिविरों या अन्य सुरक्षित ठिकानों के अंदर रहने का अनुरोध किया है। उसने इस हफ्ते की शुरुआत में बालकनी में खड़ी एक महिला के रूसी हमले की चपेट में आकर जान गंवाने के बाद यह कदम उठाया है।

## रूस, चीन के विदेश मंत्री दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स बैठक के लिए तैयार

**केपटाउन।** रूस और चीन के विदेश मंत्री बृहस्पतिवार को दक्षिण अफ्रीका में विकासशील देशों के ब्रिक्स आर्थिक गुट की शुरू हो रही बैठक में अपने समकक्षों के साथ चर्चा करने के लिए तैयार हैं। बैठक की शुरुआत यूक्रेन में युद्ध सहित प्रमुख भू-राजनीतिक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान से होगी। अधिकांश ब्रिक्स देश युद्ध पर अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों की स्थिति से काफी भिन्न रुख रखते हैं। बैठक से पहले दक्षिण अफ्रीका के राजदूत ने यूक्रेन को पश्चिम की सैन्य सहायता को संघर्ष को बढ़ावा देने वाली चीजों में से एक के रूप में संदर्भित किया। यूक्रेन को हथियार हस्तांतरित करने के पश्चिमी प्रयासों पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर अनिल सुकलाल ने कहा, संघर्ष को बढ़ावा देने वाले किसी भी प्रयास से समस्या का समाधान नहीं होता है। सुकलाल ने कहा, हम किसी भी वैश्विक संघर्ष के बारे में नहीं जानते हैं जिसे युद्ध के माध्यम से हल किया गया है। उन्होंने कहा, यह सब अधिक दर्द और पीड़ा का कारण बनता है और ब्रिक्स देशों के रूप में, हम यही कह रहे हैं: आइए संघर्ष को बढ़ावा देने के बजाय चुनौतियों का शांतिपूर्ण समाधान खोजने पर ध्यान दें। उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों की बृहस्पतिवार की बैठक अगस्त में जोहानिसबर्ग में एक बड़े ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्वगामी है जिसमें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को आमंत्रित किया गया है।

## अमेरिका ने सूडान में हिंसा में शामिल पक्षों पर प्रतिबंध की घोषणा की

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह सूडान में हिंसा को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ प्रतिबंध लगाएगा क्योंकि लड़ाई में शामिल पक्ष संघर्ष विराम समझौते का पालन करने में विफल रहे हैं। अमेरिकी गृह विभाग के मुताबिक, अमेरिका सूडान में सेना और अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच जारी संघर्ष में संलिप्त अधिकारियों के साथ ही कुछ अन्य लोगों, जोकि सूडान के लोकतांत्रिक परिवर्तन को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार हैं या इसमें शामिल हैं, पर वीजा प्रतिबंध लगा रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने चार मई को प्रतिबंधों के लिए आधार तय करते हुए एक कार्यकारी आदेश जारी किया था। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने एक बयान में कहा, इन उपायों का उद्देश्य सूडान की शांति, सुरक्षा और स्थिरता को नुकसान पहुंचाने के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराना है।

## विदेश न्यूज

### लंदन में आधुनिक भारतीय साड़ियों की पहली बार बड़े पैमाने पर प्रदर्शनी

**लंदन।** छह गज की शान साड़ी के शौकीनों के लिए ब्रिटेन में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर एक खास प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 90 से अधिक किस्म की आधुनिक भारतीय साड़ियों का दीदार किया जा सकता है। यह प्रदर्शनी सितंबर तक आयोजित की जाएगी। लंदन में डिजाइन म्यूजियम ने द ऑफबीट साड़ी प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न डिजाइनरों तथा स्टूडियो से साड़ी मंगाई गई है और पहले कभी ब्रिटेन में इस तरह की प्रदर्शन का आयोजन नहीं किया गया। कपड़ों की बनावट, बुनाई, रंग और उन्हें पहनने के तरीकों के जरिए इस प्रदर्शनी से परिधान में क्रांति का एक अनूठा रूप देखने को मिल सकता है। डिजाइन म्यूजियम में प्रबंधकीय प्रमुख और प्रदर्शनी की अध्यक्ष प्रिया खंचनदानी ने कहा, अपने 5,000 साल के इतिहास में साड़ी सबसे अधिक तेजी से अपना रूप बदल रही है। इसने साड़ी आंदोलन को आज की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक फैशन कहानियों में से एक बनाया है लेकिन फिर भी दक्षिण एशिया के परे इसकी वास्तविक प्रकृति के बारे में बहुत कम जानकारी है।

### नव-नाजियों पर हमले के मामले में युवती को दोषी ठहराए जाने के बाद जर्मनी के कुछ शहरों में प्रदर्शन

**बर्लिन।** नव-नाजियों और अन्य दक्षिणपंथी चरमपंथियों पर हमलों में शामिल होने के लिए जेल की सजा पाने वाली एक युवती के समर्थकों ने अदालत के फैसले के बाद जर्मनी के कुछ शहरों में विरोध प्रदर्शन किया और उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। ड्रेसडेन प्रांत की अदालत ने बुधवार को लीना ई. को एक आपराधिक संगठन का सदस्य होने और नव-नाजियो पर हमले का दोषी ठहराया। दोषी महिला का पूरा नाम गोपनीयता संबंधी नियमो के कारण बताया नही गया है। महिला को पांच साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने कहा कि महिला फैसले से पहले लगभग ढाई साल हिरासत मे बिता चुकी है और इसलिए उसे कुछ शर्तो के तहत रिहा कर दिया गया था। फैसले के तुरंत बाद, जर्मनी के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि यदि आगामी दिनो मे वामपंथी हिसा हुई तो संघीय और राज्य पुलिस निर्णायक कार्वाई करेगी। बुधवार शाम लिपजिग मे लगभग 800 लोग प्रदर्शन मे शामिल हुए। कुछ प्रदर्शनकारियो ने बाद मे अधिकारियो पर बोतल और पत्थर फेंके और पुलिस अवरोधको को तोड़ने की कोशिश की।

### अर्जेंटीना की मौसम वैज्ञानिक संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी की पहली महिला प्रमुख चुनी गईं

**बर्लिन।** अर्जेंटीना की एक प्रमुख मौसम वैज्ञानिक संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी की पहली महिला प्रमुख चुनी गई है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने बताया कि बृहस्पतिवार को हुए चुनाव मे दो तिहाई सदस्य राष्ट्रो ने सेलेस्टे साउलो का समर्थन किया। साउलो ने 2014 से अर्जेंटीना की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा मे निदेशक के तौर पर सेवा दी है। एक अनुभवी शिक्षाविद और शोधार्थी साउलो पेट्टीरी तालास का स्थान लेगी जो इस साल के अंत मे दो कार्यकाल के बाद, जिनेवा स्थित विश्व मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव का पद छोड़ देगे। साउलो 2015 मे संगठन की कार्यकारी परिषद मे शामिल हुई थी। संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी अंतरराष्ट्रीय मौसम संबंधी कार्यो के समन्वय मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर यह मुद्दा अहम होता जा रहा है।

### सम्मानित पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सैनिक ने अफगानिस्तान में गैरकानूनी तरीके से कैदियों की हत्या की : न्यायाधीश

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित एक पूर्व सैनिक को अफगानिस्तान मे गैरकानूनी तरीके से कैदियो को मारने और अन्य युद्ध अपराधो का दोषी पाया गया है। एक न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित बेन रॉबर्ट्स के उन दावो को खारिज कर दिया कि मीडिया द्वारा उसे बदनाम किया गया। संघीय अदालत के न्यायमूर्ति एंथनी बेसांको ने फैसला सुनाया कि 2018 मे प्रकाशित लेख रॉबर्ट्स-स्मिथ द्वारा किए गए कई युद्ध अपराधो के बारे मे काफी हद तक सही थे। रॉबर्ट्स पूर्व मे विशेष वायु सेवा रेजिमेंट मे कॉर्पोरल के पद पर थे और अब एक मीडिया कंपनी के कार्यकारी है। रॉबर्ट्स-स्मिथ को अफगानिस्तान मे उनकी युद्ध सेवा के लिए वीरता पदक से भी सम्मानित किया गया था। बेसांको ने पाया कि आरोपी ने सैन्य गतिविधि के नैतिक और कानूनी नियमो को तोड़ा और अपने आचरण से ऑस्ट्रेलिया को बदनाम किया। इस फैसले को ऑस्ट्रेलिया के असाधारण प्रतिबंधात्मक मानहानि कानूनों के खिलाफ प्रेस की स्वतंत्रता के लिए एक महत्वपूर्ण जीत के रूप मे देखा जा रहा है।

### लोक व्यवस्था कायम रखने संबंधी कानून के तहत हिरासत में लिए लोगों को रिहा करें: लाहौर उच्च न्यायालय

**लाहौर।** लाहौर उच्च न्यायालय ने नौ मई की हिसा के बाद पंजाब सूबे मे लोक व्यवस्था कायम रखने संबंधी आदेश (एमपीओ) के तहत पकड़े गए लोगों की हिरासत को अमान्य करार दिया। अदालत ने उन लोगो को रिहा करने का आदेश दिया जिनके खिलाफ अन्य मामले दर्ज नही है। लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सफ्दर सलीम शाहिद ने यह आदेश उन याचिकाओं पर दिया जिनमे सूबे के 11 जिलो मे कार्यकर्ताओं और अन्य लोगो को एमपीओ के तहत हिरासत मे लेने को चुनौती दी गई थी।

## नेपाल में चीनी नागरिक से रुपए चुराने के आरोप में भारतीय गिरफ्तार

**काठमांड।** नेपाल मे एक कसीनो मे एक चीनी नागरिक से तीन लाख रुपए चुराने के आरोप मे 28 वर्षीय एक भारतीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के बयान के मुताबिक, पटना के साकिब खान को बुधवार रात चीनी नागरिक से पैसे चुराने के आरोप मे काठमांडू के वाल्डेन कसीनो से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खान को हिरासत मे लेकर मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

## भारतीय नागरिक ने कंपनी के कार्यक्रम में 11.50 लाख रुपए का इनाम जीता

**सिंगापुर।** सिंगापुर मे काम करने वाले एक भारतीय नागरिक ने एक कंपनी के डिनर-एंड-डांस कार्यक्रम मे 18,888 सिंगापुर डॉलर की राशि जीती है। द स्ट्रेट टाइम्स की खबर के मुताबिक, भारी वाहनो को किराए पर देने वाली कंपनी पोल्लिसुम इंजीनियरिंग ने दक्षिण कोरियाई धारावाहिक स्क्विड गेम की तर्ज पर खेल आयोजित किए थे। खबर के मुताबिक, कंपनी मे कार्यरत भारतीय नागरिक सेल्वम अरुमुगम (42) ने पिछले शनिवार को आयोजित कार्यक्रम मे 18,888 सिंगापुर डॉलर (11.50 लाख रुपए से अधिक राशि) जीते। यह रकम उनकी डेढ़ साल की तनख्वाह के बराबर है। अरुमुगम ने कहा कि वह इस रकम का इस्तेमाल भारत मे अपने परिवार के लिए घर बनाने के लिए करेगे, क्योकि उनका परिवार फिलहाल किराए के फ्लैट मे रहता है।

## बिटकॉइन के धनशोधन के आरोप में भारतीय-कनाडाई को हिरासत में लिया गया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की जिला अदालत ने 2.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के बिटकॉइन से जुड़े धनशोधन के मामले मे 48 वर्षीय एक भारतीय-कनाडाई उद्यमी को हिरासत मे लिया है। यह जानकारी अमेरिका के न्याय विभाग ने दी है। न्याय विभाग ने बताया कि यह कार्वाई अभियोग लगाए जाने के बाद की गई। उसने बुधवार को जारी विज्ञप्ति मे बताया कि प्याजा डॉट कॉम के पूर्व संचालक फिरोज पटेल पर 17 मई को दो अभियोग तय किए गए जिनमे धनशोधन का मामला और उल्लेखित गैरकानूनी गतिविधि से प्राप्त संपत्ति मे मौद्रिक लेन देन से जुड़ा मामला शामिल है।

## अमेरिकी रक्षा प्रमुख ने मुलाकात के लिए चीन के इनकार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

**तोक्यो।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बृहस्पतिवार को तोक्यो में संवाद के महत्व पर जोर दिया और इस बात को दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि उनके चीनी समकक्ष ने सिंगापुर में आगामी वार्षिक सुरक्षा सम्मेलन में उनसे मिलने से इनकार कर दिया है। इस सप्ताह के अंत में वार्षिक शांगरी-ला संवाद एशिया सुरक्षा शिखर सम्मेलन में जाने के दौरान ऑस्टिन ने जापानी रक्षा मंत्री यासुकाजु हमादा के साथ बातचीत की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र और जलमार्गों में चीन की बढ़ती सैन्य कार्वाइयों को ध्यान में रखते हुए तोक्यो में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे विमानों और हमारे सहयोगियों के विमानों के सामने आक्रामक रूप से आना, यह बहुत ही चिंता का विषय है, और हम आशा करते हैं कि वे अपनी कार्वाई में बदलाव करेंगे। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को कहा कि एक चीनी लड़ाकू विमान ने दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी टोही विमान के बेहद करीब आक्रामक रूप से उड़ान भरी।

# जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मुलाकात की

भाषा। केपटाउन

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं वैश्विक हितों के मुद्दों पर चर्चा की। पांच देशों के समूह ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे जयशंकर ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर लावरोव के साथ बातचीत की। जयशंकर ने ट्वीट कर कहा, आज सुबह केपटाउन में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर अच्छा लगा। हमारी चर्चा में द्विपक्षीय मामले, ब्रिक्स, जी20 और एससीओ शामिल थे। भारत क्रमशः जुलाई



और सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। पिछले कुछ महीनों में भारत रूस से रियायती कच्चे तेल का प्रमुख आयातक बन गया है जबकि पश्चिम में यूक्रेन पर रूसी हमले के मद्देनजर इस खरीद को लेकर बेचैनी बढ़ रही है। रूस के साथ भारत के आर्थिक संबंध पिछले एक साल में और मजबूत हुए हैं, जिसका मुख्य कारण रूस से रियायती तेल की खरीद है। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा नहीं की है और वह वार्ता एवं कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान पर जोर दे रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए प्रमुख खतरों में से एक है आतंकवाद : जयशंकर

**केपटाउन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए प्रमुख खतरों में से एक बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सभी देशों को इसके वित्तपोषण और प्रचार समेत इस खतरे के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए। जयशंकर ने ब्रिक्स के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा कि आतंकवाद का उसके सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों में मुकाबला किया जाना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में आतंकवादी कृत्यों में संलिप्त लोगों को कभी भी माफ नहीं किया जाना चाहिए। उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों की बृहस्पतिवार की बैठक अगस्त में जोहानिसबर्ग में होने वाले ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन से पहले हो रही है। यह समूह वैश्विक आबादी के 41 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 16 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है।

## मोल्दोवा में यूरोपीय शिखर सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध, क्षेत्रीय संघर्षों पर चर्चा

**बुल्बोआका (मोल्दोवा)।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को मोल्दोवा में लगभग 50 यूरोपीय नेताओं के एक विशाल शिखर सम्मेलन में अधिक हथियारों और समर्थन की मांग की। इसके साथ ही यह सम्मेलन ऐसे केंद्र बिंदु के तौर पर उभरा जो क्षेत्रीय संघर्षों को शांत करने और रूस के युद्ध के जवाब में एकजुटता को बढ़ावा देता नजर आया। अखिल महाद्वीपीय यूरोपीय राजनीतिक समुदाय की बैठक में रूस और बेलारूस को छोड़कर सभी यूरोपीय देश शामिल थे। सम्मेलन में 47 देशों के राष्ट्रप्रमुख या शासन प्रमुख शामिल थे लेकिन इसका ध्यान महाद्वीप के दक्षिण और पूर्व पर था। पिछले साल यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यह क्षेत्र मॉस्को के साथ रिश्तों के महत्वपूर्ण मोड़ पर है। यूरोपीय संघ (27 देशों का समूह) शिखर सम्मेलन का उपयोग दशकों तक सोवियत संघ के तहत या उसके तत्काल प्रभाव क्षेत्र में रहे कई पूर्वी यूरोपीय देशों तक पहुंचने और रूसी आक्रमण के लिए महाद्वीप की एकीकृत प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिए करना चाहता है। लगभग 26 लाख की आबादी वाले पूर्व सोवियत गणराज्य मोल्दोवा में शिखर सम्मेलन आयोजित करने के विकल्प को क्रेमलिन को यूरोपीय संघ और मोल्दोवा की पश्चिम समर्थक सरकार द्वारा एक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। मोल्दोवा का पिछले साल जून में यूक्रेन के साथ यूरोपीय संघ की सदस्यता मिली थी।

# जॉर्डन के युवराज हुसैन की शादी में विलियम पत्नी केट के साथ शामिल हुए




भाषा। अम्मान

**जॉर्डन के** युवराज हुसैन की शादी में लोग उस समय आश्चर्यचकित हो गए, जब ब्रिटेन के राजकुमार विलियम अपनी पत्नी केट के साथ विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे। जॉर्डन शाही परिवार में बृहस्पतिवार को हुए विवाह समारोह में ब्रिटिश शाही परिवार के अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन ने भी शिरकत की। इसके अलावा, दुनिया भर की कई मशहूर हस्तियां और शाही परिवारों के सदस्य भी शाही शादी में शामिल हुए। विलियम औरी केट के शामिल होने की सूचना को सार्वजनिक नहीं किया गया था। जॉर्डन की सरकारी मीडिया ने विलियम और केट के जॉर्डन पहुंचने से चंद घंटे पहले इस बाबत जानकारी साझा की। हुसैन (28) सऊदी अरब के शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाली रजवा अल सेफ (29) साथ बृहस्पतिवार को शादी के बंधन में बंध गए। शाही शादी में शामिल होने वाले मेहमान बृहस्पतिवार सुबह अम्मान स्थित एक आलीशान होटल पहुंचे। दुल्हन की एक रिश्तेदार नोरा अल सुदैरी ने कहा, हम इस शादी को लेकर बेहद उत्साहित और खुश हैं। यह हमारे परिवारों के लिए बेहद खुशी का मौका है। यह जॉर्डन और सऊदी अरब के बीच रिश्तों के लिए भी अहम पल है। शाही परिवार में शादी के चलते जॉर्डन में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था ताकि आम लोग भी शाही जोड़े के निकाह के बाद उनके दीदार करने आ सकें। शादी समारोह का प्रसारण देखने के लिए देशभर में कई जगहों पर विशाल स्क्रीन लगाई गईं।

## तुर्किए के राष्ट्रपति चुनाव में एर्दोआन की जीत की पुष्टि

**अंकारा।** तुर्किए के निर्वाचन बोर्ड ने 28 मई को हुए राष्ट्रपति पद के दूसरे दौर के चुनाव के परिणाम बृहस्पतिवार को घोषित करते हुए रजब तैयब एर्दोआन के तीसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने जाने की पुष्टि की। वह पिछले दो दशकों से तुर्किए की राजनीति में प्रभुत्व रखते हैं। सर्वोच्च निर्वाचन परिषद के प्रमुख अहमत एनेर ने कहा कि एर्दोआन को 52.18 प्रतिशत वोट मिले, वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी के नेता कमाल केलिचडारोग्लू के पक्ष में 47.82 प्रतिशत वोट पड़े। एनेर ने कहा, इन परिणामों के अनुसार स्पष्ट है कि रजब तैयब एर्दोआन राष्ट्रपति चुने गए हैं और परिणामों को सरकारी राजपत्र में प्रकाशन के लिए भेज दिया गया है। कुल मतदान 85.72 प्रतिशत रहा। तुर्किए में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले एर्दोआन (69) अब 2028 तक देश की सत्ता संभाल सकते हैं। अपुष्ट खबरों के अनुसार एर्दोआन शनिवार को पद की शपथ ले सकते हैं जिसके बाद वह अपने नए मंत्रिमंडल की घोषणा कर सकते हैं। उनके सामने चरमराती अर्थव्यवस्था से लेकर लाखों सीरियाई शरणार्थियों की वापसी के दबाव समेत अनेक घरेलू चुनौतियां होंगी।

## कोरोना वायरसः बच्चों के विकास की स्थिति उतनी बुरी नहीं, जितनी आशंका थी, लेकिन पहले से खराब

कैलगरी। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी ने ऐसी परिस्थितियां पैदा कीं, जिनके कारण बच्चों के उचित विकास को लेकर खतरा पैदा हो गया। वैज्ञानिकों एवं चिकित्सकों ने वैश्विक महामारी की शुरुआत में चिंताएं जताई थीं कि माता-पिता पर बढ़ता तनाव, कोरोना वायरस संक्रमण, अन्य बच्चों एवं वयस्कों के साथ संवाद कम होना और स्वास्थ्य सेवा में बदलाव के कारण बच्चों का विकास प्रभावित हो सकता है। इन चिंताओं के मद्देनजर हमने यह समझने के लिए कनाडा में गर्भवती मांओं संबंधी दीर्घकालिक अध्ययन शुरू किया कि महामारी संबंधी तनाव के कारण बाद में बच्चों के विकास पर क्या असर पड़ सकता है। हमारे शुरुआती निष्कर्ष चिंताजनक हैं: वैश्विक महामारी से पहले गर्भवती हुई महिलाओं की तुलना में महामारी के शुरुआती चरण में गर्भवती हुई मांओं में घबराहट एवं अवसाद की दर दो से चार गुणा अधिक रही। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में इस प्रकार की बढ़ोतरी दुनियाभर में देखी गई। महामारी का बच्चे के विकास पर असर समझने के लिए हमने महामारी के शुरुआती 18 महीनों में पैदा हुए 12 महीने के 3,742 बच्चों के विकास संबंधी अध्ययन किया। फिर हमने इन बच्चों की तुलना 2015 से 2018 के बीच कनाडा में जन्मे 2,898 बच्चों के इसी प्रकार के समूह से की।

जर्नल ऑफ डेवल्पमेंटल एंड बिहेवियरल पीडियाट्रिक्स में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, हमने पाया कि वैश्विक महामारी के दौर में जन्मे अधिकतर बच्चों का विकास शुरुआती प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद सामान्य है। लेकिन महामारी के दौरान जन्मे उन बच्चों की संख्या थोड़ी अधिक है, जिन पर महामारी से पहले हुए बच्चों की तुलना में संवाद, हाथ पैरों से जुड़े काम काज करने और निजी-सामाजिक क्षेत्र में धीमी गति से विकास का जोखिम है।

**PUBLIC NOTICE**

My client, Ms. Kritika D/o Mr. Rajan Kumar R/o 101, Street No. 13, Pratap Nagar Mayur Vihar Phase-I Delhi-110091 is the owner of Flat No. C-153, Tower-C, Floor No.15th in the residential group housing complex at "Meadows Vista" in Khasra No. 240, Village Morta, Pargana Jalallabad, Tehsil & Distt. Ghaziabad U.P. The last title document of this property i.e. registered sale deed dated-14.10.2013 executed by Value Infracon India Pvt. Ltd. through its authorised signatory Ankit Bhargava in favour of Mr. Rajan Kumar S/o Late Mr. Tekchand vide Serial No.15317 dated-14.10.2013 SR-II Ghaziabad and other documents i.e. Possession Letter, Allotment Letter & BBA Letter has been lost in this regard NCR Ref No. LR No:- 94654/2019 has been registered. Now, this property which is going to be mortgage with Anand Rathi Global Finance Limited. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/ Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

**Vishal Mehan (Advocate)**
**E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092**
**Mobile No. 9811215181**

**Public Notice**

This is to inform general public that Sh. Satish Garg has acquired the Residential plot bearing no. 62, on Road no. A-27, measuring 420 sq. mtrs. situated in the residential colony known as DLF City, Phase-I, in and around Village Chakkarpur, Tehsil & Distt. Gurgaon, Haryana vide Transfer Deed in Blood Relation Dated 21.09.2018, Doc no. 9624.Above said owner has misplaced the Original Builder Buyer Agreement, Original Possession Letter, Original Sale Deed Dated 27.09.1981, Original GPA Dated 17.03.1999, Original Sale Deed Dated 20.12.1999, Original sale deed dated 21.12.1999. Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of IndusInd Bank Ltd. Above said owner is availing loan on above said property from IndusInd Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**LOST & FOUND**

Notice is hereby given that the Foreign Inward Remittance Certificate (FIRC) numbered 115421TT0002293 dated 18.11.2011 issued by Karnataka Bank Limited has been misplaced and is not traceable. Lost document report was filed vide LR No: 501993/2023 on 31.05.2023. The Company is applying for a duplicate FIRC certificate. If found, please send it to 1011-B, 10th Floor, Indraprakash Building 21, Barakhamba Road, New Delhi- 110001.

For **SPAL Automotive Technologies India Private Limited**
(Formerly known as "Pee Aar Exim Private Limited")
(Sd./-) **Rahul Hanmant Grmopadhyay**
Place : New Delhi Managing Director
Date : 01.06.2023 DIN : 09523131

**सार्वजनिक सूचना**

विषय :निर्माण सम्पत्ति के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण-मकान नं0 1054, सैक्टर 9,फरीदाबाद, हरियाणा, श्रीमती मोहिंदरी देवी उर्फ महेन्द्री देवी पत्नी श्री मंगल सिंह की मौत पर 100% हिस्सेदारी के संबंध में।

श्रीमती मोहिंदरी देवी उर्फ महेन्द्री देवी जो इस विषय का हवाला दिये गए संपत्ति की 100 प्रतिशत सीमा की मालिक थी। जिनका रिकार्ड के अनुसार दिनांक 02.05.2002 को निधन हो गया है। जिन्होंने अपने जीवनकाल में एक वसीयतनामा श्री मगल सिंह के हक में जिसका वसीका नं. 567/3, दिनाक 20.12.2021 जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय फरीदाबाद में पंजीकृत है। व इनकी मृत्यु के बाद निम्नलिखित वारिसान है मंगल सिंह (पति), मुकेश कुमार (पुत्र), नागेंदर कुमार (पुत्र), गीता कुमारी (पुत्री), सुनीता (पुत्री), बबीता (पुत्री) व इनके अलावा अन्य कोई वारिसान नहीं है। श्री मंगल सिंह पुत्र स्व. श्री पदम सिंह निवासी मकान नं. 1054, सैक्टर-9, फरीदाबाद, हरियाणा, का रहने वाला है। उक्त वसीयतनामा के द्वारा अपने पक्ष में उपरोक्त संपत्ति के हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहता है। अगर किसी भी व्यक्ति को इस प्लाट/घर के हस्तांतरण के खिलाफ आपत्ति हो रही है तो इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन के भीतर आपत्ति के दस्तावेज के समर्थन के साथ एस्टेट आफिसर, एचएसवीपी फरीदाबाद को लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा एस्टेट आफिसर, एचएसवीपी फरीदाबाद नीति के अनुसार संपत्ति का उत्परिवर्तन की स्वीकृति दे सकता है और बाद में किसी भी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

कानूनी वारिस श्री मंगल सिंह

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Sheikh Mohd Asif S/o. Seikh Abdul Qadir, R/o. F-126, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave-II, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have changed my name to Seikh Mohd Asif Aadi for all future purposes.
PD(046)A

I, Attar Singh S/o Late Kunwar Singh Chauhan R/o H.No. B-1166, 2nd Floor, Green Field Colony, Faridabad have changed my name to Attar Singh Chauhan.
PD(045)A

I Somesh Kumar Jha S/o Shivakant Jha, R/o E-1203 Ajnara Daffodils, Sector-137, Noida - 201304. I have changed my name from Somesh Jha to Somesh Kumar Jha for all future purposes.
PD(047)C

# नाटो ने तुर्किए पर स्वीडन की सदस्यता को मंजूरी देने के लिए दबाव डाला



भाषा। ओस्लो (नॉर्वे)

**नाटो ने** बृहस्पतिवार को सदस्य राष्ट्र तुर्किए पर स्वीडन की सदस्यता पर अपनी आपत्तियों को छोड़ने के लिए दबाव बढ़ाया। सैन्य संगठन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके समकक्षों की अगले महीने होने वाली मुलाकात तक इस मुद्दे को सुलझाना चाहता है। इस 31 सदस्यीय संगठन यूक्रेन की गैर-सदस्य स्थिति को मजबूती देने और सुरक्षा प्रतिबद्धताओं के लिए एक रूपरेखा तैयार करने पर भी विचार कर रहा है जिसकी पेशकश वह रूस के साथ युद्ध समाप्त होने के बाद कर सकता है। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि नाटो 11-12 जुलाई को लिथुआनिया में संबद्ध नेताओं की बैठक के समय तक स्वीडन को गठबंधन के दायरे में लाना चाहता है। उन्होंने कहा कि कहा कि गठबंधन सहयोगी यूक्रेन के लिए लंबी अवधि के वित्त पोषण और सुरक्षा योजना पर प्रगति की भी उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहयोगी इस बात पर सहमत हैं कि यूक्रेन नाटो का सदस्य बन जाएगा लेकिन इस बीच गठबंधन को उसे सुरक्षा प्रतिबद्धताएं और पर्याप्त नई निधि मुहैया करानी चाहिए। उन्होंने कहा, आज हमारा ध्यान इस बात पर था कि हम यूक्रेन को नाटो, जहां का वह है, के करीब कैसे ला सकते हैं। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा, कोई नहीं जानता कि युद्ध कब समाप्त होगा, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जब ऐसा हो तो हमारे पास भविष्य में यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी देने और रूस की आक्रामकता के चक्र को तोड़ने के लिए विश्वसनीय व्यवस्था हो।

# पाकिस्तान में घर के भीतर विस्फोट में छह लोगों की मौत, तीन घायल

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान के** पंजाब प्रांत में बृहस्पतिवार को एक घर में हुए विस्फोट में एक ही परिवार के कम से कम छह लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हुए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना पंजाब प्रांत के कोट अड्डू जिले में हुई। पुलिस के मुताबिक, डेरा दीन पनाह निवासी मोहम्मद इकबाल कबाड़ का कारोबार करते थे और कभी-कभी इससे जुड़ा कुछ सामान घर में भी रखते थे। पुलिस ने कहा, बृहस्पतिवार सुबह इकबाल के घर के उस कमरे में शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जहां कबाड़ का सामान रखा जाता था। इस घटना में इकबाल, उनकी पत्नी हसीना, उनके दो नाबालिग बच्चों और दो महिला रिश्तेदारों की मौके पर ही मौत हो गई। उसने कहा कि घटना में तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का मानना है कि घर में कुछ विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी जो घटना का कारण बनी। पुलिस ने कहा कि विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। इस बीच, पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

## खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीकाकरण टीम पर हमला

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण टीम पर अज्ञात हमलावरों के हमले में कम से कम एक सैनिक की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। सेना की मीडिया शाखा ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में बताया गया है कि उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले के स्पिनवाम क्षेत्र में आतंकवादियों ने एक पोलिया टीकाकरण टीम पर गोलियां चलाई।

# राव ने विपक्षी एकता की कोशिश छोड़ी

● तेलंगाना मॉडल पर ध्यान देंगे तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव



**भाषा।** हैदराबाद

**भारत** राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने बृहस्पतिवार को कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख के चंद्रशेखर राव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश छोड़ दी है। राज्य सरकार में मंत्री केटी रामा राव ने बृहस्पतिवार को बताया कि पार्टी अब देश में तेलंगाना विकास मॉडल को पेश करने पर ध्यान देगी।

रामा राव ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब उनके पिता चंद्रशेखर राव अपनी पार्टी बीआरएस का विस्तार राष्ट्रीय स्तर पर करने की कोशिशों में जुटे हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामा राव ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परोक्ष हवाला देते हुए कहा कि देश को एक पार्टी या एक व्यक्ति के खिलाफ घृणा के आधार पर नहीं, बल्कि शासन के सकारात्मक मॉडल के आधार पर विपक्षी एकता की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम यह सारी कोशिशें करने बाद कह रहे हैं। हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि एक नई राष्ट्रीय पार्टी हो (जिसे राष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जाएगा), क्योंकि इस देश में एक बहुत बड़ा शून्य है। मूल बात है कि विपक्ष बुरी तरह विफल रहा है। चंद्रशेखर राव ने गैर भाजपा व गैर कांग्रेस दलों को एकजुट करने के लिए कई नेताओं से मुलाकात की थी, जिनमें एम के स्टालिन (तमिलनाडु), नीतीश कुमार (बिहार) और अरविंद केजरीवाल (दिल्ली) समेत कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल थे। उनका आरोप था कि दोनों राष्ट्रीय दल देश का विकास करने में नाकाम रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने अपनी पार्टी का विस्तार राष्ट्रीय स्तर पर करने की घोषणा के बाद महाराष्ट्र में तीन-चार जनसभाओं को संबोधित भी किया और पड़ोसी राज्य के कई नेता तबसे बीआरएस में शामिल भी हो गए। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद उन्होंने कहा था कि यह कांग्रेस की जीत नहीं है, बल्कि मौजूदा (भाजपा) सरकार को लोगों ने खारिज किया है।

## राहुल गांधी राजनीति को लेकर गंभीर नहीं हैं, उन्हें एनजीओ खोलना चाहिए : केटीआर

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और तेलंगाना के मंत्री के टी रामराव ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस नेता को राजनीतिक दल चलाने के बजाय एक एनजीओ खोलना चाहिए क्योंकि वह कभी राजनीति को गंभीरता से नहीं लेते हैं। यहां मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में केटीआर के नाम से मशहूर रामराव ने कहा कि राजनीति की तरफ राहुल गांधी की गंभीरता की कमी तब साफ नजर आई जब उन्होंने गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार नहीं किया और अपनी भारत जोड़ो यात्रा करते रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता ने गंभीर राजनीति करने के बजाय अमेरिका में मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम आयोजित किया। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर बीआरएस नेता ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नाकामी है और कांग्रेस का इस उपलब्धि में कोई योगदान नहीं है। उन्होंने कहा, कर्नाटक के लोगों ने भाजपा की अक्षमता और भ्रष्टाचार को खारिज कर दिया और राज्य में चुनाव परिणाम का तेलंगाना पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारत को चुनाव और चयन की जरूरत है, अस्वीकृति की नहीं।

## फ्रेंको मुलक्कल ने जालंधर बिशप के पद से इस्तीफा दिया

**तिरूवनंतपुरम।** बलात्कार के आरोपों के बाद, 2018 में पोप फ्रांसिस द्वारा अस्थाई रूप से कार्यमुक्त कर दिए गए बिशप फ्रेंको मुलक्कल ने जालंधर बिशप के पद से इस्तीफा दे दिया है। भारत में वेटिकन के एक प्रतिनिधि ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मुलक्कल पर एक नन ने बलात्कार का आरोप लगाया था।

गिरजाघर के एक अधिकारी ने बताया कि बलात्कार के मामले में केरल की एक अदालत द्वारा बरी किए जाने के डेढ़ साल बाद मुलक्कल ने इस्तीफा दिया है। उनका यह कदम डिकोसे (बिशप के क्षेत्र) में एक नए बिशप की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करेगा। उल्लेखनीय है कि एक वीडियो में, बिशप ने यह पुष्टि की है कि वेटिकन ने आज उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

भारत में वेटिकन के शीर्ष स्तरीय राजनयिक मिशन ने एक बयान में कहा, फादर पोप फ्रांसिस ने फ्रेंको मुलक्कल द्वारा जालंधर के बिशप के तौर पर सौंपा गया इस्तीफा आज, एक जून 2023 को स्वीकार कर लिया।

# राष्ट्रपति ने कहा भारत, नेपाल के साथ विकास भागीदारी बढ़ाने को प्रतिबद्ध

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने सहित पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के साथ विकास भागीदारी बढ़ाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के लिए नेपाल एक प्राथमिकता वाला देश है।

राष्ट्रपति भवन में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड का स्वागत करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत-नेपाल के द्विपक्षीय सहयोग में हालिया वर्षों में काफी मजबूती आई है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, कोविड-19 महामारी के कठिन समय में भी दोनों देशों के बीच व्यापार जारी रहा। नेपाल के प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान मुर्मू ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच खुली सीमा ने दोनों तरफ से पर्यटन को बढ़ावा दिया है।

उन्होंने दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा कि भारत महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने सहित नेपाल के साथ अपनी विकास साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है।

मुर्मू ने प्रचंड को नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने पर उन्हें बधाई दी। राष्ट्रपति ने यह विश्वास भी जताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री प्रचंड ने यहां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। प्रचंड चार दिवसीय भारत यात्रा के तहत बुधवार को दोपहर बाद दिल्ली पहुंचे।

# प्रसिद्ध कलाकार, पूर्व आईएएस अधिकारी और कई अन्य हस्तियां भाजपा में हुईं शामिल

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** की राजधानी रायपुर में बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़ी फिल्म के प्रसिद्ध कलाकार पद्मश्री अनुज शर्मा, लोक कलाकार पद्मश्री राधेश्याम बारले और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी समेत कई हस्तियों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ली। भाजपा के संचार विभाग के प्रमुख अमित चिमनानी ने बताया कि पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर बृहस्पतिवार को भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर की उपस्थिति में राज्य की जानी-मानी हस्तियां अपने सैकड़ों साथियों-प्रशंसकों के साथ भाजपा से जुड़ गईं।

उन्होंने बताया कि भाजपा में आने वालों में पद्मश्री सम्मान प्राप्त हस्तियां, पूर्व आईएएस, समाज प्रमुख, जन प्रतिनिधि, किसान, छात्र, अधिवक्ता, फिल्म निर्माता, निर्देशक, निर्माण प्रबंधक, व्यापार जगत की मशहूर हस्तियां, राज्य अलंकरण पुरस्कार से पुरस्कृत और अंतरराष्ट्रीय ख्यति प्राप्त छत्तीसगढ़ी लोककला के अग्रणी कलाकार शामिल हैं।

चिमनानी ने बताया कि विभिन्न विधाओं के राज्य अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित हस्तियां, पद्मश्री राधेश्याम बारले के नेतृत्व में दुर्ग संभाग के 169 कलाकारों, रायपुर संभाग के लगभग एक सौ और बिलासपुर संभाग के 28 कलाकारों सहित 309 कलाकारों ने भाजपा में प्रवेश किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह पद्मश्री अनुज शर्मा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्रीज के एक दर्जन कलाकारों और आधा दर्जन निर्माता, निर्देशक, निर्माण प्रबंधक, एक दर्जन किसानों सहित 52 लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया उनके अनुसार उनमें छात्र, व्यापारी और अधिवक्ता भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा में शामिल होने वालों में अनेक जिलों के जिलाधिकारी रहे, पूर्व संयुक्त सचिव तथा प्रशासनिक सुधार आयोग के पूर्व सचिव राजपाल सिंह त्यागी भी शामिल हैं।

चिमनानी ने बताया कि अखिल भारतीय मरार, माली, कुशवाहा, मौर्य, सैनी महासभा छत्तीगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र नायक पटेल के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग के रायपुर संभाग के 28 समाज प्रमुखों ने भाजपा में प्रवेश लिया। उन्होंने बताया कि रायपुर संभाग के गोंड आदिवासी समाज के प्रमुख युवा समाजसेवी विजय ध्रुव के नेतृत्व में धमतरी-सिहावा क्षेत्र के साहू समाज, निषाद समाज, सेन समाज, कुर्मी समाज और अनुसूचित जाति वर्ग के 35 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा नेता ने बताया कि रायपुर नगर निगम के निर्दलीय पार्षद अमर बंसल के नेतृत्व में 28 समाजसेवियों ने भी भाजपा का दामन थामा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने इस अवसर पर भाजपा की सदस्यता लेने वालों का स्वागत किया और कहा कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में पार्टी के लिए शुभ संकेतों का प्रारंभ है और इस बात पर मुहर भी है कि राज्य में कांग्रेस और उसकी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उनका कहना था कि प्रदेश के लोग कांग्रेस के कुशासन से बेहद त्रस्त हो गए हैं और अब वे भारतीय जनता पार्टी की ओर विश्वास भरी नजरों से निहार रहे हैं। साव ने कहा, प्रदेश का जनमानस भाजपा की रीति-नीति, कार्यक्रमों और विचारधारा से प्रभावित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों और सुशासन ने देशवासियों के भीतर विश्वास उत्पन्न किया है। वहीं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने वादाखिलाफी, घोटाले और भ्रष्टाचार करके छत्तीसगढ़ को कुशासन दिया है। चिमनानी ने बताया कि भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में हुए इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह और अन्य नेता मौजूद थे। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष विधानसभा के चुनाव होने हैं, ऐसे में प्रसिद्ध कलाकारों और गणमान्य लोगों का भाजपा प्रवेश महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्ष 2018 में कांग्रेस ने 90 में से 68 विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करते हुए भाजपा के 15 साल के शासन को समाप्त कर दिया था। भाजपा को तब 15 सीट मिली थी।

राज्य में हुए उपचुनावों में जीत के बाद राज्य विधानसभा में कांग्रेस के 71, भाजपा के 14, जनता काँग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के तीन और बहुजन समाज पार्टी के दो विधायक हैं।

# भारत की एकता और अखंडता के लिए हर किसी को प्रयास करना चाहिए : मोहन भागवत




**नागपुर (महाराष्ट्र)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए हर किसी को प्रयास करना चाहिए। नागपुर में आरएसएस के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि भारत ने वैश्विक आर्थिक संकट और कोविड-19 महामारी के दौरान सभी देशों में से सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, भारत की एकता और अखंडता के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए।

# तेलंगाना में बन रहा विश्व का पहला थ्री-डी प्रिंटेड मंदिर

**भाषा।** हैदराबाद

**विश्व** का पहला थ्री-डी प्रिंटेड हिंदू मंदिर तेलंगाना में बनाया जा रहा है। शहर की रियल एस्टेट कंपनी अप्सुजा इंफ्राटेक, सिद्दिपेट के बुरुगुपल्ली में 3,800 वर्ग फुट क्षेत्र में इसका निर्माण कर रही है। अप्सुजा इंफ्राटेक इस परियोजना के लिए थ्री-डी प्रिंटेड निर्माण कंपनी सिम्पलीफोर्ज क्रिएशंस की मदद ले रही है और चारविथा मीडोज परियोजना क्षेत्र में इस मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।

अप्सुजा इंफ्राटेक के प्रबंध निदेशक हरि कृष्णा जीदीपल्ली ने बताया, ढांचे के अंदर तीन गर्भगृह मोदक के प्रतीक हैं, जो भगवान गणेश को प्रिय माना जाता है। एक शिवालय है और, कमल की आकृति का एक कक्ष देवी पार्वती के लिए है।

मार्च में सिम्पलीफोर्ज क्रिएशंस ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), हैदराबाद के साथ मिलकर दो घंटे से भी कम समय में भारत का प्रथम प्रोटोटाइप पुल निर्मित किया था। सिम्पलीफोर्ज क्रिएशंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव गांधी ने बताया, इसे भी चारविथा मीडोज, सिद्दिपेट में अंतिम रूप दिया गया था। अवधारणा और डिजाइन प्रोफेसर केवीएल सुब्रमण्यम और आईआईटी हैदराबाद के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के उनके अनुसंधान समूह ने तैयार की। भार उठाने की क्षमता की जांच करने के बाद इसका उपयोग अब मंदिर के चारों ओर स्थित बगीचे में पैदल यात्रियों के पुल के लिए किया जा रहा है। परियोजना स्थल पर अभी कमल की आकृति के मंदिर को निर्मित करने का कार्य किया जा रहा है। जीदीपल्ली ने बताया, शिवालय और मोदक का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के साथ, दूसरे चरण में कमल का ढांचा और गोपुरम का निर्माण कार्य जारी है। गांधी ने कहा, हम पहले ही साबित कर चुके हैं कि गणेश मंदिर को आकार देना पारंपरिक तकनीक से लगभग असंभव था लेकिन इसे थ्री-डी प्रौद्योगिकी के जरिए आसानी से किया जा सका। अब, कमलनुमा ढांचे का निर्माण एक बार फिर निर्माण उद्योग में थ्री-डी प्रिंटिंग के उपयोग से विश्व को अवगत कराएगा।

# भारत ने अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** ने बृहस्पतिवार को अग्नि-। बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया, जिससे रणनीतिक हथियार के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सत्यापित किया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सामरिक बल कमान (एसएफसी) ने ओडिशा में ए. पी. जे. अब्दुल कलाम द्वीप से मिसाइल का प्रक्षेपण किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एक जून, 2023 को ए. पी. जे. अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा से सामरिक बल कमान द्वारा एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया गया। इसमें कहा गया है, यह सिद्ध हो चुका है कि यह मिसाइल बहुत उंचाई से लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। इस प्रक्षेपण के जरिए मिसाइल के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक सत्यापित किया गया। भारत पिछले दो दशकों में विभिन्न बैलिस्टिक मिसाइलों, सटीक-निर्देशित युद्ध सामग्री और संबंधित प्लेटफार्म को विकसित करके अपनी सामरिक क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

भारत ने अग्नि श्रृंखला की मिसाइलों के विभिन्न रूपों को विकसित किया है। पिछले दिसंबर में, भारत ने परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था, जो 5,000 किलोमीटर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। अग्नि 1 से 4 मिसाइलों की रेंज 700 किलोमीटर से 3,500 किलोमीटर तक है और उन्हें पहले ही तैनात किया जा चुका है।

## क्विक न्यूज

### संसद में राजदंड स्थापित किया जाना नए भारत की प्रतीकात्मकता का हिस्सा: माकपा

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राजदंड (सेंगोल) पकड़ने और इसे संसद में स्थापित करने के लिए धर्मगुरुओं के एक समूह के साथ चलने का दृश्य उस नए भारत की प्रतीकात्मकता का हिस्सा है जो हिंदू राष्ट का दूसरा रूप है। वामपंथी दल ने अपने मुखपत्र पीपुल्स डेमोक्रेसी में लिखे एक ताजा संपादकीय में कहा है कि यह सब भारतीय लोकतंत्र के सिद्धांत के प्रतिकूल है। संपादकीय में कहा गया है, यह भारत गणराज्य के धर्मनिरपेक्ष चरित्र के भी खिलाफ है क्योंकि एक धार्मिक प्रतीक को संसद मे प्रमुख स्थान पर स्थापित किया गया है। 28 मई के दिन को संसद के नए भवन के उद्घाटन के लिए चुना गया क्योंकि इस दिन वी डी सावरकर की जयंती होती है। इसने भी नए भारत के विमर्श को गढ़ने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत रविवार को नए संसद भवन का उद्घाटन किया और ऐतिहासिक राजदंड (सेंगोल) को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया।

### जीआरई की अवधि सितंबर से घटाकर आधी कर दी जाएगी

**नई दिल्ली।** ग्रेजुएट रिकॉर्ड एग्जामिनेशन (जीआरई) सामान्य परीक्षा देने मे सितंबर से दो घंटे से भी कम समय लगेगा, जो अभी की तुलना में लगभग आधी अवधि की होगी। एजुकेशन टेस्टिंग सर्विस (ईटीएस) ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। ईटीएस ने कहा कि परीक्षा मे किए गए बड़े बदलावों में--विश्लेषणात्मक लेखन खंड में तर्क का विश्लेषण करें को हटाना और क्वांटिटेटिव एंड वर्बल रिजनिंग खंड मे प्रश्नों की संख्या घटाना शामिल है। ईटीएस अंग्रेजी भाषा की परीक्षा टोफेल और जीआरई का संचालन करती है। पहले परीक्षा की अवधि तीन घंटे 45 मिनट हुआ करती थी, जबकि सितंबर से यह एक घंटे 58 मिनट की हो जाएगी। परीक्षा मे शामिल होने वालों को 10 दिनों के अंदर आधिकारिक अंक प्राप्त हो जाएंगे, जबकि पहले यह अवधि 15 दिनों की थी। एजुकेशन टेस्टिंग सर्विस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सेवक ने कहा, आज हम जिन बदलावों की घोषणा कर रहे है वे इसे रेखांकित करते है कि हम अपने ग्राहकों का कितना ध्यान रखते है। हम उत्पाद नवाचार पेश करते रहने के साथ दो चीजों को संतुलित रखने के लिए प्रतिबद्ध है--परीक्षा लेने वालों के अनुभव को बेहतर करते हुए गुणवत्ता और वैधता कायम रखना। बिजनेस और कानून सहित स्नातक एवं विशेषज्ञता वाले पाठ्यक्रमों मे दाखिले के लिए जो परीक्षाएं ली जाती है, उनमें जीआरई सामान्य परीक्षा सर्वाधिक व्यापक है। इस परीक्षा के तहत तर्क शक्ति और विश्लेषणात्मक लेखन कौशल का आकलन किया जाता है जो ज्यादातर स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों मे सफलता के लिए आवश्यक है। जीआरई के अंक समग्र दाखिला प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा है क्योंकि आवेदन में उनकी विशिष्ट भूमिका होती है। यह शोध आधारित, निष्पक्ष और ज्ञानात्मक कौशल वाली एकमात्र परीक्षा है। उल्लेखनीय है कि 22 सितंबर 2023 से शुरू हो रही संक्षिप्त अवधि की परीक्षा के लिए पंजीकरण आरंभ हो गया है। जीआरई परीक्षा मे अभ्यर्थियों के शामिल होने के मामले में अमेरिका के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। 2021-22 के दौरान अमेरिका मे 1.24 लाख उम्मीदवार परीक्षा मे शामिल हुए, जबकि भारत मे यह संख्या 1.14 लाख थी। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) बेंगलूर के नामांकन एवं वित्तीय सहायता विभाग के अध्यक्ष कुणाल दासगुप्ता के अनुसार, मौजूदा समय की जरूरत को ध्यान में रखते हुए इसकी अवधि घटाई गई है। दासगुप्ता ने कहा, आईआईएम बेंगलूर मे, मूल्यांकन प्रणाली मे जीआरई के अंकों पर विचार किया जाता है। इसके नए प्रारूप को लेकर आशावादी हूं।

### छात्रों को दी जाएगी रोजगारपरक शिक्षा

**नई दिल्ली।** युवाओं को करियर की सही राह दिखाने के लिए कॉलेजदेखों सारथी के तहत लखनऊ में कॉलेज एडमिशन फेयर मेला का आयोजन किया जाएगा। 3 और 4 जून को यह आयोजन होगा। इस मेले में छात्रों को कॉलेजदेखो द्वारा मुफ़्त करियर मार्गदर्शन दिया जाएगा और साथ ही देश-विदेश के 1500 से अधिक कॉलेजों में प्रवेश लेने में मदद भी की जाएगी। देश में स्नातकों के बीच बेरोजगारी की बढ़ती दर को देखते हुए कॉलेजदेखो ने अपना कॉलेज देखो एश्योर्ड प्रोग्राम पेश किया हैए जिसके माध्यम से छात्र उन कॉलेजों और डिग्री में प्रवेश पाने में सहायता प्राप्त करते है जिनकी विभिन्न उद्योगों में उच्च मान्यता है। कॉलेजदेखो की वेबसाइट पर कॉलेजों, करियर, डिग्री और परीक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करके लखनऊ के 2.5 करोड़ से अधिक छात्र पहले ही लाभान्वित हो चुके हैं। कॉलेजदेखो के चीफमार्केटिंग ऑफिसर अभिनव उपाध्याय ने कहा कि सारथी को मेरे गृहनगर लखनऊ में लाना मुझे बहुत गर्व से भर देता है। पिछले शहरों में छात्रों के जीवन पर इस मेले का जो सकारात्मक प्रभाव पड़ा हैए उसे देखकर मैं रोमांचित हूं और मुझे विश्वास है कि इस पहल से लखनऊ के छात्रों को भी काफी फायदा होगा। सीईओ रुचिर अरोड़ा ने उच्च शिक्षा के माध्यम से भारत को बदलने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि हम दृढ़ता से मानते हैं कि पेशेवर करियर मार्गदर्शन सभी छात्रों के लिए सुलभ होना चाहिए।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो लाख का इनामी नक्सली मारा गया

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में आज सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो लाख रुपए का एक इनामी नक्सली मारा गया।

गुमला के पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर गुमला पुलिस की टीम को मारवा जंगल भेजा गया जहां पुलिस को देखते ही नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस को जवाबी गोलीबारी करनी पड़ी जिसमें दो लाख का इनामी नक्सली राजेश उरांव मौके पर ही मारा गया।

पुलिस ने घटनास्थल से एक 315 बोर की राइफल और गोलियां बरामद की हैं।

# पूरी दुनिया राहुल को एक मसखरे के रूप में जानती है

**भाषा।** आणंद (गुजरात)



**केंद्रीय** मंत्री गिरिराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूरी दुनिया कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक मसखरे के रूप में जानती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का व्यक्तित्व उनकी समझ से परे है। उन्होंने मोदी पर हाल के बयान को लेकर कांग्रेस नेता की आलोचना की।

केंद्र की मोदी सरकार में ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग संभालने वाले सिंह ने गुजरात में यहां ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आणंद (आईआरएमए) के 42वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत में यह टिप्पणी की। कांग्रेस नेता गांधी ने बुधवार को अमेरिका में कैलिफोर्निया प्रांत के सांता क्लारा में प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें एक ऐसा व्यक्ति बताया था, जो सोचते हैं कि वह भगवान से अधिक जानते हैं। उन्होंने कहा था, असल में, ऐसे लोगों को यह लगता है कि वे भगवान से भी अधिक जानते हैं। उन्हें भगवान के साथ बैठा दिया जाए तो वह उन्हें भी समझा देंगे कि क्या कुछ हो रहा है। जाहिर है कि हमारे प्रधानमंत्री उसका एक उदाहरण हैं। कांग्रेस नेता ने कहा था, यदि आप मोदीजी को भगवान के साथ बिठा दें, तो वह उन्हें विस्तार से समझा सकते हैं कि ब्रह्मांड कैसे चलता है और भगवान भी चकरा जाएंगे कि ए मैंने क्या बनाया है।

केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि गांधी स्वयं नहीं जानते कि वे क्या बोलते हैं। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया उन्हें मसखरे के रूप में जानती है। उनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने एक बार संसद में कहा था कि भारत के प्रधानमंत्री विदेशी धरती पर पूरे देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। दूसरी ओर, उनका पोता (अपनी विदेश यात्राओं के दौरान) भारत पर आक्षेप लगा रहा है।

# स्कूल करीब होने सख्ती से पालन हुआ तो ईडब्ल्यूएस श्रेणी का मकसद पूरा नहीं होगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने कहा है कि विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित वर्ग (डीजी) के लिए सीटों के आरक्षण का पूरा उद्देश्य विफल हो जाएगा यदि उनके लिए सीटों को समीप में रहने के मानदंड के आधार पर बेकार जाने दिया जाता है। उच्च न्यायालय ने एक विद्यालय को उससे कुछ दूरी पर रहने वाले दो छात्रों को प्रवेश देने का आदेश सुनाते हुए यह बात कही। उसने कहा कि इन श्रेणियों में सीटें सीमित हैं, जबकि मांग बहुत ज्यादा है। अदालत ने कहा कि इसलिए ईडब्ल्यूएस या डीजी श्रेणी के तहत प्रवेश के लिए सीटों के आवंटन में शिक्षा निदेशालय द्वारा सख्ती से पड़ोस के मानदंड को अपनाना संभव नहीं है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्ण ने कहा, अदालत इस बात का संज्ञान लेती है कि वर्तमान सामाजिक परिवेश में ईडब्ल्यूएसाडीजी श्रेणी में प्रवेश की मांग इस श्रेणी के तहत आवंटन के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या की तुलना में बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा, इसलिए, यदि किसी स्कूल विशेष में ईडब्ल्यूएसाडीजी श्रेणी में सीटें उपलब्ध हैं तो शिक्षा निदेशालय के लिए आवश्यक है कि इस श्रेणी के तहत प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को इस तरह के स्कूलों में सीटें आवंटित कराई जाएं।

# लोक केरल सभा कार्यक्रम को लेकर छिड़ा विवाद

**भाषा।** तिरूवनंतपुरम

**अमेरिका** में इस महीने आयोजित होने वाले केरल के प्रवासियों के सम्मेलन लोक केरल सभा को लेकर एक विवाद पैदा हो गया है। ये आरोप लगाए जा रहे हैं कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नजदीक बैठने या खड़े होने के लिए प्रवासियों से रुपए लिए जा रहे हैं।

विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा है कि राज्य के लिए यह शर्मिंदगी वाली बात है कि 9, 10 और 11 जून को न्यूयॉर्क में होने वाले सम्मेलन के दौरान केरल के मुख्यमंत्री के नजदीक बैठने या खड़े होने देने के लिए 25,000 से लेकर एक लाख डॉलर तक लिए जा रहे हैं। राज्य में सत्तारूढ़ एलडीएफ और नॉन रेजीडेंट केरलाइट्स अफेयर्स (नोरका) ने रुपए लिए जाने के आरोपों से इनकार किया है। केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने संवाददाताओं से कहा कि किसी तरीके से धन जुटाए जाने की बात से वह अवगत नहीं हैं क्योंकि नोरका सारा इंतजाम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जानकारी में रहते कोई गलत गतिविधि नहीं की जाएगी। नोरका के उपाध्यक्ष पी श्रीरामकृष्णन ने भी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि केरल सरकार और नोरका यात्रा इंतजाम कर रहा है और कार्यक्रम का आयोजन अमेरिका में रह रहे लोगों ने किया है। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि कोई पंजीकरण शुल्क लिया जा रहा या मुख्यमंत्री के नाम पर धन जुटाया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि तीन दिन के सम्मेलन के लिए प्रायोजन के रूप में रकम एकत्र की गई होगी। श्रीरामकृष्णन ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलने और बातचीत करने का अवसर इस आधार पर नहीं उपलब्ध कराया जाएगा कि किसने कितने पैसे दिए हैं।

वहीं, दूसरी ओर राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा, लोक केरल सभा के सिलसिले में अमेरिका में जो कुछ हो रहा है वह राज्य के लिए शर्मिंदगी वाला है। यह गलत है। यह केरल के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है और यह राज्य के लोगों को स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा, एक कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री विश्व के समक्ष अमीर और गरीब के बीच अंतर को प्रदर्शित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के नजदीक बैठने के लिए 82 लाख रुपए जमा किए जा रहे हैं?

# वायुसेना का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त

**भाषा।** चामराजनगर (कर्नाटक)

**भारतीय** वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान चामराजनगर जिले के एक गांव में खुले मैदान में बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन महिला पायलट समेत दोनों पायलट दुर्घटना से पहले सुरक्षित तरीके से विमान से कूदकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। जिला अधिकारियों ने कहा कि पायलट की पहचान तेजपाल और भूमिका के रूप में हुई है, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में किसी की जान नहीं गई है।

प्रशिक्षण विमान ने बेंगलुरु में वायुसेना अड्डे से उड़ान भरी थी और यह सुबह के वक्त भोगापुरा गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

एक स्थानीय निवासी ने कहा कि यह तो अच्छा हुआ कि विमान बंजर जमीन पर गिरा ना कि पास के गांव में, अगर विमान गांव में गिरा होता तो भारी नुकसान हुआ होता। पायलट नियमित अभ्यास उड़ान पर थे और तभी यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं।

वायु सेना ने ट्वीट किया, वायुसेना का किरण प्रशिक्षण विमान कर्नाटक के चामराजनगर के निकट आज दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वह नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। चालक दल के दोनों सदस्य सुरक्षित बाहर निकल गए। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। जिले के वरिष्ठ अधिकारी तथा वायुसेना का एक दल मौके पर पहुंच गया है। उनके साथ दमकल तथा आपात सेवाओं के कर्मचारी भी हैं। विमान जब तेज आवाज करता हुआ जमीन पर गिरा तो ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। वहां दुर्घटनाग्रस्त विमान में आग लगी थी और धुआं उठ रहा था। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस तथा दमकल को इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों को घटनास्थल पर दो पायलट पैराशूट की मदद से उतरते दिखाई दिए। इन पायलट के जमीन पर गिरते ही लोगों ने इनके लिए अस्थाई आश्रय बनाया। इस बीच पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसने इलाके को घेरकर दोनों घायल पायलट के लिए अस्थाई टेंट लगाया। जिले के अधिकारियों ने बेंगलुरु में भारतीय वायुसेना के अधिकारियों को घटना की सूचना दी जो तत्काल विशेष हेलीकॉप्टर से घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायल पायलट को हवाई मार्ग से ले जाया गया।

# भारत परिणाम की परवाह किए बिना खेलें फाइनल : हेडन

**● खिताबी सूखे का कारण- खिलाड़ियों के लिए कौशल कभी मुद्दा नहीं रहा है**

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व सलामी** बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि पिछले एक दशक में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) स्पर्धाओं में भारत के खिताबी सूखे का कारण खिलाड़ियों की मानसिकता है क्योंकि उनके लिए कौशल कभी मुद्दा नहीं रहा है। इस महान खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय खिलाड़ियों को सलाह दी कि वे मैच के परिणाम को सोचे बिना मैदान पर उतरे। भारतीय टीम ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैम्पियंस ट्रॉफी में जीता था। टीम इसके बाद नॉकआउट मैचों के दबाव को झेलने में विफल रही। भारत को 2017 चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़। टीम 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड और फिर पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की चुनौती से पार पाने में विफल रही। दो साल पहले डब्ल्यूटीसी के शुरुआती फाइनल में उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। हेडन ने कहा, इस मामले में निश्चित रूप से आप उनके कौशल पर सवाल नहीं उठा सकते। यह सिर्फ अवसर और मानसिकता का सवाल होना चाहिए। मेरा मतलब है भारत में क्रिकेट जीवन का हिस्सा है, यह खेलों का डीएनए है और लोकप्रियता के मामले में कोई इसके आस-पास नहीं है। भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता बेजोड़ है और इसी वजह से खिलाड़ियों पर चारों ओर अधिक दबाव बनता है।ऑस्ट्रेलिया में मैं अपनी इस दाढ़ी और टोपी के साथ सड़क पर आराम से चल सकता हूं। वहां मुझे ज्यादा लोग नहीं पहचानेंगे क्योंकि वहां लोकप्रियता के मामले में क्रिकेट को कई अन्य खेलों से चुनौती मिलती है। हमारे यहां रग्बी, फुटबॉल, वाटर स्पोर्ट्स, सर्फिंग और बहुत सारे आउटडोर खेल है। भारत में क्रिकेट के आस-पास कोई नहीं है इसलिए



खिलाड़ियों पर अतिरिक्त दबाव होता है। ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों को मैं यही सलाह देना चाहूंगा कि मैच के परिणाम को सोचे बिना अपनी प्रक्रिया पर ध्यान दे। इस पूर्व आक्रामक बल्लेबाज ने कहा कि अगर यह मुकाबला लॉर्ड्स मैदान पर होता तो ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी होता लेकिन ओवल मैदान पर दोनों टीमों के पास बराबर मौका होगा। टेस्ट चैम्पियनशिप के आयोजन से टेस्ट क्रिकेट का महत्व बढ़ा है। आपके पास फाइनल में दो महान टीमें है। ओवल का मैदान ऐसा नहीं है जो किसी टीम विशेष के लिए अधिक मददगार हो। यह इंग्लैंड की सबसे उछालभरी और सपाट सतह है। यह स्पिनरों और वास्तव में तेज गेंदबाजों के लिए भी ज्यादा मददगार नहीं है। यह तटस्थ स्थल की तरह है। यह अगर लॉर्ड्स में होता, तो ऑस्ट्रेलिया को वहां काफी फायदा होता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को डब्ल्यूटीसी फाइनल में फायदा होगा। चेतेश्वर पुजारा को छोड़कर भारत के सभी खिलाड़ी दो महीने तक चले आईपीएल का हिस्सा थे जबकि डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए चुनी गई ऑस्ट्रेलियाई टीम के चुनिंदा खिलाड़ियों ने आईपीएल में भाग लिया था। हमें दोनों देशों की तैयारियों को लेकर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि काउंटी क्रिकेट खेलने के बजाय आईपीएल क्रिकेट खेलने से कोई समस्या है। आईपीएल का स्तर भी ऊंचा है। उदाहरण के लिए कैमरून ग्रीन जैसे खिलाड़ी का मुंबई इंडियंस के लिए प्रदर्शन शानदार रहा है। हेडन ने पंत की गैरमौजूदगी को बड़ा झटका करार देते हुए कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो विकेटकीपिंग के लिए कोना भरत की जगह इशान किशन को तरजीह देते।

## पुजारा व कोहली को जल्द आउट करना होगा : पोंटिंग

**लंदन।** पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल मे भारत से निपटना है तो चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली को जल्दी आउट करना होगा। भारत के टेस्ट बल्लेबाज पुजारा इंग्लैंड काउंटी चैंपियनशिप मे ससेक्स की ओर से लंबे समय तक खेलने के कारण टीम के साथियो को बहुमूल्य सुझाव दे सकते है जबकि कोहली हाल ही मे संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग मे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए दो शतक और छह अर्धशतक लगाकर शानदार फॉर्म मे है। पोंटिग ने द आईसीसी रिव्यू मे कहा, इसमे कोई शक नही कि ऑस्ट्रेलियाई टीम विराट के बारे मे बात करेगी और वे पुजारा के बारे मे बात करेंगे। पुजारा को ऑस्ट्रेलियाई



गेंदबाजो की चुनौतियो का आनंद लेने के लिए जाना जाता है जिन्होंने किसी भी अन्य टीम की तुलना मे उनके खिलाफ अधिक टेस्ट रन और शतक बनाए है और उनका प्रदर्शन भारत के दूसरे प्रयास मे डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जीतने की संभावनाओ के लिए महत्वपूर्ण होगा। पुजारा ने अतीत मे ऑस्ट्रेलिया मे काफी परेशान किया है और यह विकेट संभावित रूप से ऑस्ट्रेलियाई पिच की तरह होगा। वे जानते है कि उन्हें उसे जल्दी आउट करना होगा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 टेस्ट मे पांच शतक की मदद से 2,033 रन बनाए है और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद होगी कि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल मे टीम के लिए कुछ और महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कोहली ने आईपीएल मे अपनी जबर्दस्त फॉर्म के अलावा मार्च मे बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी मे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मे 186 रन की पारी खेली थी और वह पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम के खिलाफ खेलने के लिए बेताब होंगे। वे यह भी जानते है कि पिछले कुछ हफ्तों मे विराट शायद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म मे वापस आ गया है, हालांकि टी20 क्रिकेट मे।

## खबरें स्टेडियम से

### धोनी के घुटने का मुंबई में सफल आपरेशन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बाएं घुटने का बृहस्पतिवार को मुंबई के एक अस्पताल में सफल आपरेशन हुआ जिससे उनके अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग मे खेलने की संभावना प्रबल हो गई है। चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवां आईपीएल खिताब दिलाने वाले धोनी सोमवार को फाइनल के बाद अहमदाबाद से सीधे मुंबई पहुंचे थे। उन्होने मशहूर खेल आर्थोपीडिक सर्जन डॉक्टर दिनशॉ पर्डीवाला से सलाह ली जो बीसीसीआई की मेडिकल पैनल में भी है। वह ऋषभ पंत समेत कई भारतीय क्रिकेटरो की सर्जरी कर चुके है। सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथ ने पीटीआई को बताया , धोनी के घुटने का कोकिलाबेन अस्पताल मे सफल आपरेशन हो गया है। वह ठीक है और आपरेशन सुबह ही हुआ है। मेरे पास विस्तृत जानकारी नही है। अभी मुझे इसका ब्यौरा मिलना बाकी है। इससे पहले सीएसके प्रबंधन के एक करीबी सूत्र ने बताया , एक या दो दिन मे उन्हे छुट्टी मिल जाएगी। वह कुछ दिन आराम करेंगे जिसके बाद उनका रिहैबिलिटेशन शुरू होगा। उम्मीद है कि अगले आईपीएल से पहले उनके पास फिट होने का पूरा समय रहेगा। धोनी ने पूरे सत्र में बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर खेला। विकेटकीपिंग करते समय वह ठीक नजर आए लेकिन बल्लेबाजी के लिए अमूमन आठवे नंबर पर उतरे और विकेटो के बीच दौड़ मे लय मे नही दिखे। आईपीएल फाइनल के बाद धोनी ने कहा था , अगर परिस्थितियो को देखे तो मेरे लिए संन्यास लेने का यह सर्वश्रेष्ठ समय है। मेरे लिए यह कहना बहुत आसान है कि अब मै विदा ले रहा हू लेकिन अगले नौ महीने तक कड़ी मेहनत करके लौटना और एक सत्र और खेलना कठिन है। शरीर साथ देता है तो मै खेलूंगा। चेन्नई के प्रशंसको ने जिस तरह से मुझे प्यार दिया, यह उनके लिए मेरा तोहफा होगा कि मै एक सत्र और खेलूं। उन्होंने जो प्यार और जज्बात दिखाए है, मुझे भी उनके लिए कुछ करना चाहिए।

### इंग्लैंड के लिए कई स्वार्थी खिलाड़ी खेलते थे: हार्मिसन

**लंदन।** इंग्लैड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन ने संकेत दिया है कि टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने 90 के दशक के अंत और 2000 के दशक की शुरुआत में टीम भावना में योगदान नही दिया लेकिन 2005 की एशेज श्रृंखला के दौरान सब कुछ बदल गया जिसे टीम ने 2-1 से जीता। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने कहा था कि उन्होंने 2005 की एशेज के दौरान इंग्लैड की टीम मे एक बड़ा बदलाव देखा था जिसके जवाब में उस टीम के सदस्य रहे हर्मिसन ने कहा, उस टीम और 2003, 2001, 1999 तथा 1997 के बीच का अंतर यह था कि 2005 मे हम एक टीम थे। गिलेस्पी ने कहा था कि उन्होंने दोनो टीमो के बीच इससे पहले की श्रृंखलाओं में इंग्लैड की टीम मे ऐसा भाईचारा कभी नही देखा था।

### आईपीएल के दौरान ड्यूक गेंद से अभ्यास की आदत : अक्षर



**पोर्ट्समाउथ।** भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल का मानना है कि टी20 प्रारूप मे खेलकर सबसे लंबे प्रारूप में अनुरूप ढलना मुश्किल है लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान लाल गेंद से अभ्यास करने से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में सामंजस्य बैठाने में मदद मिलेगी। भारतीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी दो महीने से अधिक समय तक आईपीएल मे टी20 क्रिकेट खेलने के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल में उतरेंगे। इसके अलावा भारत में जहां टेस्ट क्रिकेट में एसजी गेंदो का उपयोग होता है तो वही डब्ल्यूटीसी फाइनल मे ड्यूक गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। भारत हालांकि दोहरी चुनौतियो के लिए अच्छी तरह से तैयार है। इंग्लैड मे इस्तेमाल होने वाली ड्यूक गेंदों से सामंजस्य बैठाने पर भारतीय टीम ने काम किया है। अक्षर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, हम इसके बारे मे आईपीएल शुरू होने से पहले ही जानते थे इसलिए आईपीएल के दौरान भी चर्चा होती थी कि हम लाल गेंद से गेंदबाजी करेंगे। हमारे पास लाल गेंदें थी इसलिए हम उनका इस्तेमाल कर रहे थे। आप जानते है कि कब और कैसे खेलना है, आपके पास कितना समय है। सफेद गेंद से लाल गेंद की ओर मानसिक रूप से बदलाव करना स्पष्ट रूप से कठिन है लेकिन हमारे पास पर्याप्त समय है। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने हालांकि कहा कि गेंद की परवाह किए बगैर महत्वपूर्ण यह है कि सही लाइन और लेंथ से गेंदबाजी पर ध्यान दिया जाए। हम सफेद गेंद से लाल गेंद मे बदलाव कर रहे है। यह एसजी से ड्यूक गेंद मे बदलाव करने के समान ही है। आपको अपनी प्रतिभा और कौशल का उपयोग करना होगा। आपको अपनी योजना को लागू करना होता है और गेंदबाजी लय हासिल करनी होती है। गेंद चाहे कोई भी हो, अगर आप सही लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी करते है तो यह काम करता है। हम यही कर रहे है। मैच इंग्लैड मे है, जहां के हालात भारत से अलग है, तो हम योजना बना रहे है कि यहां कौन सी लाइन और लेंथ काम करेगी भारतीय खिलाड़ियों का पहला दल पिछले हफ्ते की शुरुआत मे लंदन पहुंचा था जिसमें विराट कोहली और अक्षर जैसे खिलाड़ी शामिल थे। टीम फाइनल की तैयारी कर रही जो सात से 11 जून तक द ओवल में होगा।, जो लोग (आईपीएल प्ले ऑफ के लिए) क्वालीफाई नही कर पाए उन्हें अधिक समय मिला।

# पाक को रौंदकर भारत का जूनियर एशिया कप पर कब्जा

**● 2-1 से जीता मैच, चौथी बार खिताब जीता**

**भाषा।** सालालाह (ओमान)



**भारतीय** जूनियर पुरूष हॉकी टीम ने बृहस्पतिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर चौथी बार जूनियर एशिया कप खिताब जीत लिया। आठ साल बाद हो रहे इस टूर्नामेंट को देखने के लिए भारी तादाद में भारत और पाकिस्तान के प्रशंसक जुटे थे। आखिरी क्षणों में पाकिस्तान ने काफी आक्रामक हॉकी दिखाई लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित एच एस की अगुवाई में रक्षापंक्ति ने उनके हर वार को नाकाम कर दिया। भारत के लिए अंगद बीर सिंह ने 12वें मिनट में, अराइजीत सिंह हुंडल ने 19वें मिनट में गोल दागे जबकि भारत के पूर्व मुख्य कोच रोलैंट ओल्टमेंस की कोचिंग वाली पाकिस्तानी टीम के लिए एकमात्र गोल 37वें मिनट में बशारत अली ने किया। भारत ने 2004, 2005 और 2015 के बाद यह खिताब चौथी बार जीता है जबकि पाकिस्तान 1987, 1992 और 1996 में चैम्पियन रह चुका है। दोनों टीमें इससे पहले तीन बार जूनियर पुरूष हॉकी एशिया कप के फाइनल में भिड़ चुकी हैं। पाकिस्तान ने 1996 में जीत दर्ज की जबकि 2004 में भारत विजई रहा। भारत ने पिछली बार मलेशिया में खेले गए टूर्नामेंट में पाकिस्तान को 6 . 2 से हराकर खिताब जीता था। इस बार टूर्नामेंट आठ साल बाद हो रहा है। कोरोना महामारी के कारण 2021 में इसका आयोजन नहीं हुआ था। भारत ने आक्रामक शुरूआत करके पाकिस्तानी गोल पर पहले ही क्वार्टर में कई हमले बोले। भारत को 12वें मिनट में पहली कामयाबी अंगद बीर ने दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भी गेंद पर नियंत्रण के मामले में भारत का ही दबदबा रहा। भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति के शानदार मूव को अराइजीत ने फिनिशिंग देते हुए 19वें मिनट में दूसरा फील्ड गोल दागा। टूर्नामेंट में यह उनका आठवां गोल था। हाफटाइम से पहले पाकिस्तान के शाहिद अब्दुल ने सुनहरा मौका बनाया लेकिन गोल के सामने से उनके शॉट को भारतीय गोलकीपर मोहित एच एस ने पूरी मुस्तैदी से बचाया। दूसरे हाफ में पाकिस्तानी टीम ने आक्रामक वापसी की और इसका फायदा उसे तीसरे क्वार्टर के सातवें मिनट में मिला जब शाहिद अब्दुल ने सर्कल के भीतर से भारतीय डिफेंडरों को छकाते हुए गोल के दाहिनी ओर खड़े बशारत को गेंद सौंपी और उन्होंने भारतीय गोलकीपर को चकमा देकर गोल कर दिया। पाकिस्तान को 50वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम बराबरी का गोल नहीं कर सकी। वहीं चार मिनट बाद लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। भारत और पाकिस्तान दोनों टूर्नामेंट में अपराजेय रहे हैं। दोनों का सामना लीग चरण में भी हुआ था लेकिन वह मैच। . । से ड्रॉ रहा था। भारत बेहतर गोल औसत के आधार पर लीग चरण में शीर्ष पर रहा। गत चैम्पियन भारत ने पहले मैच में चीनी ताइपै को 18 . 0 से हराया जबकि जापान को 3 . । और थाईलैंड को 17 . 0 से मात दी। सेमीफाइनल में भारत ने कोरिया को 9 . । से हराया। वहीं पाकिस्तान ने लीग चरण में चीनी ताइपै को 15 . ।, थाईलैंड को 9 . 0, जापान को 3 . 2 से और सेमीफाइनल में मलेशिया को 6 . 2 से हराया था।

### विजेता टीम को नकद पुरस्कार देगी हॉकी इंडिया

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने ओमान के सालालाह मे जूनियर एशिया कप फाइनल मे पाकिस्तान को 2-1 से हराने वाली भारतीय पुरूष हॉकी टीम और सहयोगी स्टाफ के प्रत्एक सदस्य को क्रमशः दो और एक लाख रूपए नकद पुरस्कार देगी। हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड ने फाइनल मैच खत्म होने के तुरंत बाद इसकी घोषणा की। हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति मे अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा , भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम ने जूनियर एशिया कप मे अपराजेय रहकर हम सभी को गौरवान्वित किया है।

### भारत में मोटो जीपी का सबसे सस्ता टिकट 800 रूपए का

**नई दिल्ली।** भारत मे होने वाली पहली मोटो जीपी रेस का सबसे सस्ता टिकट 800 रूपए का होगा जबकि सबसे महंगा टिकट डेढ लाख रूपए का रहेगा। प्रीमियर दुपहिया रेस प्रतियोगिता के भारतीय प्रमोटर फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स ने 22 से 24 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर होने वाली रेस के टिकटों की बिक्री जल्दी शुरू करने का ऐलान किया। एक सूत्र ने बताया , प्रशंसको को एक दिन का या पूरे सप्ताहांत का टिकट खरीदने का विकल्प मिलेगा। सबसे सस्ता टिकट 800 रूपए का और सबसे महंगा डेढ लाख रूपए का होगा। कुल छह श्रेणी के टिकट होंगे।

### सर्फिंग: किशोर, सेलवामनी ने शुरुआती दिन प्रभावित किया

**मेंगलुरू।** पंद्रह साल के किशोर कुमार ने गुरुवार को यहां इंडियन ओपन सर्फिंग के शुरुआती दिन मुश्किल परिस्थितियो मे पुरूष ग्रोम्स (अंडर -16) वर्ग के सेमीफाइनल मे जगह बनाई। बारिश और हवा के कारण मुश्किल हालात में यहां के शशिथलू समुद्र तट पर प्रतियोगिता मे वह 12.67 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। पुरुषों के ओपन वर्ग में दिनेश सेलवामनी 09.53 अंक के साथ शीर्ष के साथ क्वार्टर फाइनल की दौड़ मे बने हुए है। तेज हवा और बारिश के कारण महिला ओपन सेमीफाइनल का खेल शुरू नही हो सका।

### मंजीत ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरिज कुश्ती में कांस्य जीता

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारतीय पहलवान मंजीत ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) रैंकिंग सीरिज प्रतियोगिता मे गुरुवार को यहां पुरूषों के ग्रीको रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। मनजीत क्वार्टर फाइनल मे उज्बेकिस्तान के इख्तियार बोटिरोव से 13-4 से हार गए। बोटिरोव के फाइनल में पहुंचने के बाद से मंजीत को दो कांस्य पदकों में से एक के लिए लड़ने का मौका मिला। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद कजाकिस्तान के यरसिन अबीयर को 14-9 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण कजाखस्तान के मरलान मुकाशेव ने बोटिरोव को हराकर जीता। सुमित (60 किग्रा) रेपेशॉज दौर मे पहुंचने मे सफल रहे जहां उन्हे किर्गिस्तान के बालबाई डोरडोकोव ने हराया। वह इससे पहले क्वार्टर फाइनल मे कजाकिस्तान के नूरसुल्तान बाजबाएव से हार गए थे।

# रिबाकिना तीसरे दौर में, कीज का अभियान खत्म



**● फ्रेंच ओपन**

**भाषा।** पेरिस

**चौथी वरीयता** प्राप्त एलेना रिबाकिना ने फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में गुरुवार को लिंड़ा नोसकोवा को आसानी से शिकस्त देकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की। विंबलडन चैम्पियन खिलाड़ी ने महिला एकल में चेक गणराज्य की 18 साल की खिलाड़ी को 6-3, 6-3 से हराया। कजाखस्तान की चौथी वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी के सामने तीसरे दौर में स्पेन की सारा सोर्बिस की चुनौती होगी। अमेरिका की 20 वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मेडिसन कीज के अभियान को हमवतन कायला डे ने खत्म किया। विश्व रैंकिंग में 138वें स्थान पर काबिज 23 साल की डे ने कीज को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनौर को अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने 6-3, 7-6, 6-3 से हराया।

### सबालेंका यूक्रेन युद्ध से जुड़े सवालों से बचीं

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन मे दूसरी वरीयता प्राप्त बेलारूस की टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने बुधवार को मैच जीतने के बाद यूक्रेन पर रूस के हमले से जुड़े सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया। रविवार को पहले दौर मे जीत दर्ज करने के बाद सबालेंका ने कहा था कि रूस या बेलारूस का कोई भी खिलाड़ी युद्ध का समर्थन नही करता है। उन्हे हालांकि बुधवार को रूस के हमले का समर्थन करने में बेलारूस की भूमिका की व्यक्तिगत रूप से निंदा करने के लिए कहा गया था।


### कलाई की चोट के कारण हटे मोनफिल्स

**पेरिस।** पहले दौर के मुकाबले में पांच सेट मे मिली जीत का असर गेल मोनफिल्स पर पड़ा है और वह बाईं कलाई मे चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मोनफिल्स के हटने से छठे नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने ने तीसरे दौर मे प्रवेश किया। फ्रांस के 36 साल के मोनफिल्स ने बताया कि उनकी बाईं कलाई मे चोट है और वह टूर्नामेंट मे आगे नही खेल सकते। मोनफिल्स ने बुधवार को पहले दौर मे अर्जेन्टीना के सबेस्टियन बेइज को लगभग चार घंटे चले मुकाबले मे 3-6, 6-3, 7-5, 1-6, 7-5 से हराया था। एड़ी की सर्जरी के बाद वापसी कर रहे मोनफिल्स की टूर स्तर पर यह पहली जीत थी। मोनफिल्स ने कहा, असल मे शारीरिक तौर पर मै काफी बेहतर हूं। लेकिन मेरी कलाई मे समस्या है। डॉक्टर का कहना है कि इस तरह की चोट के साथ खेलना अच्छा नही है। कल काफी जोखिम था और फिर आज मुझे निश्चित तौर पर रूकना पड़ा।

# किरण व लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में

**● थाईलैंड ओपन : अश्मिता हारी**

**भाषा।** बैंकॉक





**भारत के** लक्ष्य सेन ने चीन के लि शि फेंग को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सेन ने चौथी वरीयता प्राप्त चीनी प्रतिद्वंद्वी को 49 मिनट तक चले मैच में 21-17, 21-15 से हराया। अब उनका सामना मलेशिया के क्वालीफायर लियोंग जुन हाओ से होगा। भारत के ही किरण जॉर्ज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन के दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी वेंग होंग एंग को सीधे गेम में हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। दुनिया के 59वें नंबर के खिलाड़ी किरण ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाले चीन के खिलाड़ी को प्री क्वार्टर फाइनल में 39 मिनट में 21-11, 21-19 से हराया। किरण पहली बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। ओडिशा ओपन 2022 के विजेता किरण शुक्रवार को अंतिम आठ के मुकाबले में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस और फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। महिला एकल में साइना नेहवाल को तीसरी वरीयता प्राप्त दुनिया की पांचवें नंबरक की खिलाड़ी चीन की ही बिंग जाओ ने 21 . 11, 21 . 14 से मात दी। अश्मिता चालिहा को पूर्व ओलंपिक और तीन बार की विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन के खिलाफ 18-21 13-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को प्री क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागास मौलाना ने 24-26, 21-11, 21-17 से हराया।

# मुद्दे को संवेदनशीलता के साथ निपट रहा है केंद्र

**भाषा।** मुंबई



**केंद्रीय खेल** मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी पहलवानों के मुद्दे से केंद्र सरकार संवेदनशील तरीके से निपट रही है। ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने जांच के लिए समिति के गठन की पहलवानों की मांग स्वीकार कर ली है और जांच चल रही है। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और संगीता फोगाट सहित ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के कई पदक विजेता पहलवान बृजभूषण की गिरफ्तारी की मां के साथ नई दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। बृजभूषण पर एक नाबालिग सहित कई महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। पहलवानों ने हाल में अपने पदक गंगा में बहाने की धमकी दी थी। सरकार प्रदर्शनकारी पहलवानों के मुद्दे से संवेदनशीलता के साथ निपट रही है। पहलवानों ने प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी जो दिल्ली पुलिस ने किया है। भारतीय कुश्ती महासंघ ने प्रशासकों की समिति का गठन किया है क्योंकि उन्होंने मांग की थी कि पदाधिकारियों को संचालन करने की स्वीकृति नहीं दी जाए। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पहलवानों को मजिस्ट्रेट अदालत में जाने को कहा है।बुधवार को ठाकुर ने विरोध करने वाले पहलवानों को ऐसा कोई कदम नहीं उठाने के लिए कहा जो खेल या खिलाड़ियों को नुकसान पहुंचाए। उन्होंने कहा कि आरोपों की जांच पूरी होने के बाद उचित कार्वाई की जाएगी। उन्होंने पहलवानों से धैर्य रखने और शीर्ष अदालत में विश्वास रखने का भी आग्रह किया था।

### बार-बार अपनी मांगें बदल रहे हैं प्रदर्शनकारी पहलवान: ब्रजभूषण

**गोंडा (उप्र)।** महिला पहलवानो के यौन उत्पीड़न के आरोपो का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि महिला पहलवान बार बार अपनी मांगे बदल रही है जबकि दिल्ली पुलिस इन आरोपो की जांच कर ही रही है। पुलिस अभी जांच कर रही है। इसे पूरा हो जाने दे। जो बात निकलकर सामने आएगी, उसके अनुरूप बात की जाएगी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा , मेरे बारे मे कौन, क्या कह रहा है, इससे हमारा कोई लेना देना नही है और न ही इस पर प्रतिक्रिया देकर हमारा कुछ भला होने वाला है। न्यायालय द्वारा दिखाया जाने वाला रास्ता हमें स्वीकार्य होगा। कैसरगंज से भाजपा सांसद ने कहा, दिल्ली पुलिस की जांच मे यदि महिला पहलवानो द्वारा लगाया गया एक भी आरोप साबित हो जाता है तो मै फांसी पर लटक जाऊंगा। मै पूर्व मे अपने द्वारा कही गई बात पर कायम हूं। 18 जनवरी 2023 को जंतर मंतर पर पहली बार धरने पर बैठने वाले पहलवानो की मांग कुछ और थी। बाद मे कुछ और हो गई।

# पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला पुरुष हॉकी चैंपियन

**● खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स**

**● तीरंदाजी में पांच और तलवारबाजी में दो स्वर्ण पदक पर दांव**



**लखनऊ।** पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने आज खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश के अंतर्गत पुरुष हॉकी का खिताब शूटआउट तक चले रोमांचक मुकाबले में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को 3-2 से हराकर जीता। इस मैच में निर्धारित समय में दोनों टीमें 3-3 से बराबरी पर थी। जीत में पंजाबी यूनिवर्सिटी के कप्तान अनिल मलिक हीरो बनकर उभरे और इस जीत से विजेता टीम ने पिछली हार का बदला भी ले लिया। तीरंदाजी में आज कुल पांच पदकों का फैसला हुआ जिसमें गुरु काशी यूनिवर्सिटी की टीम ने पुरुष कंपाउंड मिक्स टीम इवेंट का गोल्ड अपनी झोली में डाला। वहीं कंपाउंड टीम इवेंट में पुरुष व महिला दोनो वर्ग के गोल्ड पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने जीते। इसके अलावा महिला कंपाउंड व्यक्तिगत में गुरू काशी यूनिवर्सिटी की प्रगति और और पुरुष कंपाउंड में यूनिवर्सिटी ऑफदिल्ली के ऋषभ यादव चैंपियन बने।तलवारबाजी में पुरुष ईपी में उस्मानिया यूनिवर्सिटी के लोकेश वेमानी और महिला फॉयल में जैन यूनिवर्सिटी की मारिया अक्षिता ने स्वर्ण जीते। इसी के साथ बैडमिंटन में महिला वर्ग के फाइनल में जैन यूनिवर्सिटी बनाम यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली और पुरुष वर्ग के फाइनल में सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी बनाम महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के बीच मुकाबला होगा। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला शूटआउट में 3-2 से विजयीए गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर से पिछली हार का हिसाब किया बराबर । गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने 3-0 से पिछड़ने के बाद न केवल वापसी की।

**महिला बैडमिंटन सेमीफाइनल :** जैन यूनिवर्सिटी ने सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को 2-0 से और यूनिवर्सिटी ऑफदिल्ली ने एडमस यूनिवर्सिटी को 2-0 से हराया
**पुरुष बैडमिंटन सेमीफाइनल:** सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी ने जैन यूनिवर्सिटी को 3-0 से और महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी ने एसआरएम यूनिवर्सिटी को 3-2 से हराया।
**तीरंदाजी:** पुरुष कंपाउंड मिक्स टीम इवेंट-स्वर्ण- गुरु काशी यूनिवर्सिटी, रजत गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर, कांस्य ,यूनिवर्सिटी ऑफदिल्ली,पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत,स्वर्ण- ऋषभ यादव यूनिवर्सिटी ऑफदिल्ली, रजत- अमन सैनी;पंजाबी यूनिवर्सिटी,, कांस्य - ऋतिक शर्मा ;गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, **महिला कंपाउंड व्यक्तिगत**,स्वर्ण - प्रगति ;गुरु काशी यूनिवर्सिटी, रजत - मुस्कान कौर रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी, कांस्य - अक्षिता पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, महिला कंपाउंड टीम इवेंट- स्वर्ण रू पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, रजत- संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी कांस्य- रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी,पुरुष कंपाउंड टीम इवेंट-स्वर्ण - स्वर्ण पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, रजत, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसरए कांस्य रू पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला

### सेविला ने यूरोपा लीग का खिताब जीता

**बुडापेस्ट।** विश्व कप फाइनल में अर्जेन्टीना की ओर से निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलने के बाद गोंजालो मोंटिएल ने बुधवार को यहां एक बार फिर पेनल्टी पर गोल दागकर सेविला को यूरोपा लीग फुटबॉल फाइनल मे रोमा पर जीत दिलाई। सेविला का यह सातवां यूरोपा लीग खिताब है। बुडापेस्ट में अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट मे सेविला ने 4-1 से जीत दर्ज की।

### अंडर-20 विश्व कप में, अर्जेन्टीना और इंग्लैंड बाहर

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेन्टीना)।** इटली, नाइजीरिया, कोलंबिया और ब्राजील ने बुधवार को यहां अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।मेजबान अर्जेन्टीना को सेन जुआन मे बुधवार को लगभग 30 हजार दर्शको के सामने नाइजीरिया के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा जिससे टूर्नामेंट में टीम का अभियान थम गया।इटली ने पेनल्टी किक पर अंतिम लम्हो में दागे गोल की मदद से इंग्लैड को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दूसरे हाफ मे पूरे समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद ब्राजील ने ट्यूनीशिया को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।